




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 140 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.7 2082 शुक्रवार, 15 अगस्त-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर फैसला सुरक्षित

### एससी बोले- मुद्दा सुलझाने की जरूरत, सिब्बल ने कहा- बहस जरूरी

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों से आवारा कुत्तों को पकड़ने के 11 अगस्त के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण है। नियमों का पालन न करने की वजह से समस्या इतनी बढ़ गई है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय अधिकारियों से पशु जन्म नियंत्रण नियमों के कार्यान्वयन पर उनका रुख पूछा।

## स्वतंत्रता दिवस के इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस बार की थीम 'नया भारत' है। मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। पीएम अपने संबोधन से अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इस साल पहली बार राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में 11 अग्निवीर हिस्सा लेंगे। साथ ही इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा। जो 'नए भारत' के उदय को दर्शाता है। इस बार की देशभर से 85 ग्राम सरपंचों को ग्रामीण परिवर्तन में उनके योगदान के लिए स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया गयाा है।






# किश्तवाड़ में फटा बादल : 52 की मौत

## अमित शाह ने की सीएम उमर अब्दुल्ला से बात, हर संभव मदद का भरोसा दिया



**श्रीनगर, 14 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर भारत में मानसून जारी है. पहाड़ी इलाकों से बादल फटने और बाढ़ आने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा खबर जम्मू संभाग के किश्तवाड़ से आई है। यहां पाडर इलाके में बादल फटा है। हादसे में 52 लोगों की मौत की खबर है। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। बादल फटने के बाद इलाके की नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की है। इस दौरान, गृह मंत्री ने भरोसा दिया कि केंद्र सरकार हर परिस्थिति में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है।

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य कर रहा है। एनडीआरएफ की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और हर परिस्थिति में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानकारी दी कि उन्होंने अमित शाह को किश्तवाड़ क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया है। उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैंने अभी-अभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और किश्तवाड़ की स्थिति से अवगत कराया। खबर गंभीर और सटीक है, बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से सत्यापित जानकारी आने में देरी हो रही है। बचाव कार्यों के प्रबंधन के लिए जम्मू-कश्मीर के भीतर और बाहर से सभी संभव संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वह किसी चैनल या समाचार एजेंसी से बात नहीं करेंगे। घटना को लेकर सरकार जब भी संभव होगा, जानकारी साझा करेगी। किश्तवाड़ के चशोती इलाके में गुरुवार को बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आई। स्थानीय विधायक सुनील शर्मा ने बताया कि यह घटना उस जगह पर हुई, जहां श्री मचैल यात्रा के लिए चार पहिया वाहन खड़े होते हैं और कई अस्थायी दुकानें लगी हुई हैं। एडीसी किश्तवाड़ के अनुसार, श्री मचैल यात्रा अगली सूचना तक स्थगित कर दी गई है।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन के अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य जुटी हैं। एनडीआरएफ ने एक बयान में कहा कि उपकरणों से लैस दो टीमों के लगभग 180 सदस्यों को उधमपुर बेस से रवाना किया गया है।









स्वतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Our tanks are manufactured using 100% Virgin Food Grade Plastic that is FDA Approved
Sintex by Welspun
GANESHMARKETING
The home of trust...
Dammaiguda Main Road, Hyderabad
9246572214, 9491381689
प्रबंधक: ताराराम गेहलोत

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
LUSTRE by CERA
SYLVINA FAUCET
CERA Sanitaryware | Faucets | Tiles
CERA Style Gallery
KRISHNA MARKETING
Dammaiguda Main Road, Hyderabad
9441112214, 6301622215
प्रबंधक मोटाराम बरपा, मगाराम बरपा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा, हम बुलबुले है उसके वो गुलसितां हमारा
शंकरसिंह राजपुरोहित (Dilsuknagar)
कार्यकारी अध्यक्ष तेलंगाना पॉन ब्रोकर्स एंड ज्वैलर्स सिकंदराबाद
डायरेक्टर दी ए.पी. महाजन कॉरपोरेटिव अर्बन बैंक लि. घासमंडी रोड़ सिकंदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
दिल हमारे एक है एक है हमारी जान,
हिन्दुस्तान हमारा है, हम है इसकी शान
गुलाबसिंह राजपुरोहित
युवा बी.आर.एस. नेता
त्रिभुवन ज्वैलर्स
अमीरपेट, हैदराबाद

सुन्दर है जग में सबसे, नाम भी न्यारा, जहां जाति-भाषा से बढकर, देश-प्रेम की धारा
निश्चल, पावन, प्रेम पुराना, वो भारत देश हमारा
समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
पृथ्वीसिंह राजपुरोहित धांगड़वास
समाज सेवी
प्रबंधक : GAJENDER JEWELLERS, NGO COLONY, VANASTHALIPURAM

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
ओंकारलाल हाम्बड़
पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज मल्लापुर बडेर, हैदराबाद
बालाजी ज्वैलर्स, एचएमटी नाचारम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पार्वती पंवार
अध्यक्षा, सीरवी समाज महिला मंडल मल्लापुर बडेर
कृष्णा प्लाईवुड एंड हार्डवेयर नाचारम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कविता सोयल
सचिव, सीरवी समाज महिला मंडल मल्लापुर बडेर
सूर्या इलेक्ट्रीकल्स, मल्लापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रमेश अडाणीया
सहसचिव कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
कृष्णा कुमावत
गौभक्त (समाज सेवी)
मातेश्वरी इलेक्ट्रीकल, हार्डवेयर एंड पेन्टस्
मन्सूराबाद, एल.बी.नगर, हैदराबाद 9000680122

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
दिल हमारे एक है एक है हमारी जान,
हिन्दुस्तान हमारा है, हम है इसकी शान
जय हिन्द
विष्णु रामावत
अध्यक्ष तेलंगाना वैष्णव समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद

सभी समाज बंधुओ को स्वतंत्रता दिवस की बधाई
बाबूलाल वैष्णव
उपाध्यक्ष : तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी बाबूलाल पॉन ब्रोकर्स सुभाषनगर हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
संतोषकुमार वैष्णव
महासचिव: तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल
बालाजी संतोषकुमार ज्वैलर्स
येलम्माबंडा, कुकटपल्ली

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दुस्तां हमारा हमारा...
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अमरचन्द अडाणीया
संरक्षक कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
श्री गुरुकृपा इलेक्ट्रीकल्स एंड हार्डवेयर
बंडलागुडा रोड़ नागोल एक्स रोड़

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
गूंज रहा है दुनिया में हिन्दुस्तान का नारा, चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा....
श्रवणकुमार मालीवाड़
पूर्व अध्यक्ष कुमावत समाज उप्पल काचवानी सिंगारम
न्यु गणेश किराणा जनरल स्टोर
सब्जी मार्केट उप्पल मैन रोड़, हैदराबाद
(नेमाराम बाकरेचा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
सतपाल ढाढिया
जिला अध्यक्ष अ.भा.आर्दश जाट महासभा यदाद्रि भुवनगिरी
श्री धनलक्ष्मी ज्वैलर्स आलेर 9866942307

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कैलाश सारण
उपाध्यक्ष जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद तेलंगाना
दिव्या ज्वैलर्स एंड पॉन ब्रोकर्स एन.टी.आर.नगर हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
धर्माराम कड़वा
कोषाध्यक्ष वीर तेजा नवयुवक मंडल भोनगिरी
सलाहकार जाट समाज ट्रस्ट हैदराबाद
जय गणेश ज्वैलर्स मैन रोड़ भोनगिरी

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, भारत देश महान हमारा
स्वतंत्रता दिवस की बधाई
गोविन्द कागट (लहर)
पूर्व कोषाध्यक्ष जाट समाज ट्रस्ट तेलंगाना
पुजा ज्वैलर्स भोनगिरी

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ
ओमप्रकाश चौंदौरा
पूर्व अध्यक्ष कृष्णा कुमावत समाज बडंगपेट
देवी किराणा स्टोर नागरगुल सरुरनगर मंडल हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
"सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दुस्तान हमारा ....."
दीपक जकिया
अध्यक्ष कुमावत मित्र मंडल बडंगपेट हैदराबाद तेलंगाना
जगदम्बा ज्वैलर्स बडंगपेट हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रामसिंह चौहान
अध्यक्ष ऑल इंडिया राजस्थानी राजपूत प्रवासी फेडरेशन
अध्यक्ष भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ जालौर

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
पवनकुमार सांगर
कोषाध्यक्ष कुमावत समाज तेलंगाना
लक्ष्मी शॉपिंग मॉल, वनस्थलीपुरम

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
Happy Independence Day
जगदीश देवासी (लितरिया)
संरक्षक देवासी समाज संघ-हैदराबाद-सिकंदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
भैराराम काग
9490763858
गौभक्त
जय हिन्द
जय भवानी हार्डवेयर, इलेक्ट्रीकल्स हायतनगर

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

वर्ष-30 अंक : 140 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.7 2082 शुक्रवार, 15 अगस्त-2025

इलेक्ट्रॉनिकी में उत्कृष्टता का 57 वां वर्ष

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
ईसीआईएल ECIL
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

ईसीआईएल: बहु उत्पाद, बहु-प्रौद्योगिकी उद्यम है जो परमाणु ऊर्जा, रक्षा, वांतरिक्ष, सुरक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-अभिशासन के सामरिक क्षेत्र में नवोन्नत प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराता है




उत्पाद एवं सेवाएं निवेदित

- नियंत्रण एवं उपकरणीकरण प्रणाली, विकिरण संसूचक एवं उपकरण
- वीडियो निगरानी सहित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली, कार्मिक एवं वाहन अभिगम नियंत्रण, वीडियो विश्लेषिक एवं सुरक्षा उपकरण
- इलेक्ट्रॉनिक निगरानी एवं युद्धकौशल प्रणाली, रेडियो संचार उपस्कर, रक्षा के लिए कमान्ड एवं नियंत्रण प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज़, जैमर, डाटा, वॉयस एवं वीडियो के लिए एनक्रिप्शन उपस्कर
- ऐन्टेना प्रणाली एवं वी-सैट नेटवर्क, कॉकपिट वॉयस रिकार्डर, सिन्क्रोज एवं जाइरो
- ई-अभिशासन अनुप्रयोग, कंप्यूटर शिक्षा सेवा, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन एवं मतदाता सत्यापन पेपर ऑडिट परीक्षण प्रिन्टर
- परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा मीटर, थिक फिल्म हाइब्रिड सूक्ष्म परिपथ इत्यादि

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम
हैदराबाद-500062, तेलंगाना
टेलीफैक्स: +91 40 27122584, ई-मेल- cpr@ecil.co.in
वेब: www.ecil.co.in

## शीर्ष अदालत ने ईसी से हटाए गए 65 लाख वोटर्स का कारण सहित ब्यौरा मांगा

### आधार के साथ लोग पेश कर सकते हैं दावा

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी दलीलें रखीं। चुनाव आयोग ने दलीलों की शुरूआत करते हुए कोर्ट से कहा कि उसके पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्ति है। इस दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जिला स्तर पर मृत, पलायन कर चुके या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की सूची साझा करने पर सहमति जताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से 19 अगस्त तक मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की पहचान का खुलासा करने को कहा। कोर्ट ने 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण, कारण सहित प्रकाशित करे। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह हटाए गए मतदाताओं की सूची का कारण सहित अखबारों, रेडियो और टीवी मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार करे। बिहार में ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम हटाए जाने से पीड़ित लोग आधार कार्ड के साथ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी के साथ कोर्ट ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक नफरत के माहौल में काम करते हुए शायद ही कोई ऐसा निर्णय हो, जिस पर विवाद न हो। हम राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष में फंसे हुए हैं।

AGRASEN BANK
अग्रसेन बैंक
Estd.1998

INDIA IS RULING THE WORLD

The vision is soon to be completed and Banking sector is one of the strong pillar to achieve this vision.

Agrasen Bank is proud to be a part of this vision.

This INDEPENDENCE DAY we assure you of a healthy & happy banking experience with our upgraded new branches across the city.



HAPPY INDEPENDENCE DAY

Banking experience is taking a new shape at Agrasen Bank. With 5 new branches opened and 2 more in pipeline, AGRASEN BANK is one of the most customer friendly, modern & technologically advanced banks today.

Agrasen Bank offers

GOLD LOANS
Upto ₹6700/- Per gram @9.75% P.A

BUSINESS LOANS
Starting @ 12% P.A

HOUSING LOANS
Starting @10% P.A

CAR LOANS
Starting @10% P.A
Upto 84 months

PERSONAL LOANS
Upto ₹5.00 Lacs
Starting @15% P.A

NEW DEPOSIT SCHEME
555 DAYS

| 9.00% General | 9.50% for Senior citizens |
|---|---|

FUTURE STARS* RD SCHEME

| Amount in ₹ | Number of Months | Maturity Amount |
|---|---|---|
| 5500/- PM | 120 | ₹10.10 Lacs |
| 14000/- PM | 60 | ₹10.34 Lacs |

*T&C apply

GRAND INAUGURATION
KUKATPALLY
17th August 2025
MADHAPUR
September 2025

captionz.biz

THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.
Head Office: 15-2-391/392/1,
Siddiamber Bazar, Hyderabad 500012. TG.
www.agrasenbank.in
info@agrasenbank.in

Branches
Siddiamber Bazar : 040 2473 6228
Malakpet : 040 2455 0351
Rikab Gunj : 040 2456 3981
Secunderabad : 040 2789 0309
Attapur : 040 2933 4577
Himayatnagar : 040 4524 2958
Banjara Hills : 040 4521 7880
Ameerpet : 040 4031 6689
Gagan Pahad : 040 2436 9939

CREDAI HYDERABAD

INAUGURATING HYDERABAD'S BIGGEST & MOST TRUSTED PROPERTY SHOW

CHIEF GUEST
SRI A. REVANTH REDDY GARU
HON'BLE CHIEF MINISTER OF TELANGANA,
MINISTER OF MA & UD



CREDAI HYDERABAD PROPERTY SHOW

#GharDekhlo Miya
#ChoiceIsYours

Title Sponsor
APARNA
Lead the future

TRANSPARENT. TRUSTWORTHY. TRANSFORMING.

15TH, 16TH, 17TH AUGUST
VENUE: HITEX

Palladium Plus Sponsor — MY HOME GROUP
Palladium Sponsor — ANVITA
Platinum Plus Sponsor — CYBERCITY, RAMKY

Platinum Sponsor
Janapriya UPSCALE, VAISHNAVI GROUP, MAKUTA, RAJAPUSHPA, Vertex, prosperiti, NAMISHREE, BRIGADE, SATTVA, RELIANCE BUILDERS, JAIN, GREENMARK, urbanrise, RADHEY GROUP, VASAVI GROUP

Diamond Plus Sponsor
TRIDASA, LEVONOR, SUPADHA

Diamond Sponsor
SMR, indis, Krishe, OORJITA, RAGHURAM, Pradeep, SHANGRILA, RV NIRMAAN, Anuhar, Keerthi, KOLLA

Gold Plus Sponsor
SWARGASEEMA, TRANCEFORM, Praneeth

Gold Sponsor
NCD, SBI, EIPL, Giridhari, Aakriti, PrimarK, BRIDGE, CASAGRAND

Silver Sponsor
VISION, ACE, GENERAL, Myron, Ginhaspathi

Premium Sponsor
ICICI Bank, PRINCE PIPES, Modi Builders, SNEHA, PAVANI GROUP, adani Cement

Topaz Sponsor
DAIKIN, ECOGEN, Bobcat

Supporting Partner
GHMC, TG RERA

# सिंगरेणी की सहायक कंपनी एपीएचएमईएल को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए : भट्टी



हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि एपीएचएमईएल (आंध्र प्रदेश हेवी मशीनरी एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड) को उस स्तर तक विकसित होना चाहिए जहां वह दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। उपमुख्यमंत्री ने गुरुवार को सिंगरेणी के सीएमडी बलराम के साथ आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा के पास इब्राहिमपट्टनम स्थित सिंगरेणी की सहायक कंपनी एपीएचएमईएल का दौरा किया। इस अवसर पर, उन्होंने श्रमिकों से बातचीत की और बाद में मीडिया से बात की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में, नए उद्योगों के लिए स्पेयर पार्ट्स बनाने वाली और पुराने पार्ट्स की मरम्मत और आपूर्ति करने वाली इंजीनियरिंग कंपनियों में, एपीएचएमईएल से बेहतर मशीनरी या मानव संसाधन किसी के पास नहीं है। भट्टी विक्रमार्क ने आश्वासन दिया कि कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिबद्धता, "हम दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं" की मानसिकता और मौजूदा प्रणालियों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की प्रेरणा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर ये सब लागू हो जाएं, तो एपीएचएमईएल भी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने घोषणा की कि स्थानीय परिस्थितियों का अध्ययन करने और कंपनी पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जल्द ही एक कंसल्टेंसी नियुक्त की जाएगी। उस रिपोर्ट के आधार पर, सरकार आगे की दिशा तय करेगी। भट्टी विक्रमार्क ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अधिकारी और कर्मचारी जितना बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उतना ही अधिक लाभ होगा, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के अधिक अवसर पैदा होंगे और राज्य की प्रगति में योगदान मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि संयंत्र और उसकी मशीनरी को साफ़-सुथरा रखा जाए, मशीनों की मरम्मत और रंग-रोगन किया जाए।

उन्होंने यह भी आदेश दिया कि सभी कार्यरत कर्मचारी सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालन करें। भट्टी विक्रमार्क ने ज़ोर देकर कहा कि उद्योग अपने कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और उच्च आकांक्षाओं से ही प्रगति कर सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह उद्योग केवल सिंगरेणी कोलियरीज़ के लिए नई मशीनरी बनाने और पुरानी मशीनरी की मरम्मत तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि भेल की तरह काम करते हुए, न केवल राज्य के भीतर, बल्कि पूरे देश में आवश्यक ऑर्डर भी लेने चाहिए। उप-प्रमुख ने कहा कि एपीएचएमईएल ताप विद्युत संयंत्रों के लिए आवश्यक मशीनरी का निर्माण और मरम्मत करता है, और राज्य सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि भविष्य में कंपनी का सर्वोत्तम विकास कैसे किया जाए।

# खतरे वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखें : आर.वी. कर्णन

## जीएचएमसी आयुक्त ने राजेंद्र नगर सर्कल का दौरा किया



हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)।जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन ने जोनल, सर्कल और वार्ड अधिकारियों को अगले तीन दिनों तक ग्रेटर हैदराबाद सिटी के ख़तरे वाले इलाकों पर लगातार नज़र रखने और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। गुरुवार सुबह जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन, जोनल कमिश्नर श्रीनिवास रेड्डी, उपायुक्त और अधिकारियों ने राजेंद्र नगर सर्कल का दौरा किया।

आयुक्त ने जलपल्ली तालाब, बाढ़ संभावित क्षेत्रों और निचले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से बरसात के मौसम में लोगों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को परेशानी से बचाने के लिए यातायात और आपदा दल मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ का जमाव है, उनकी पहचान कर पानी निकाला जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए और यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। वे अवांछित घटनाओं को रोकने के लिए खतरनाक स्थानों पर निरंतर निगरानी रखना चाहते हैं। आयुक्त आर.वी. कर्णन ने अधिकारियों को सतर्क रहने तथा तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, ताकि बरसात के मौसम में यातायात और आपदा प्रतिक्रिया दल आपस में समन्वय बनाए रखें तथा शहर के जीवन में व्यवधान को रोका जा सके।
















## केटीआर ने कालेश्वरम परियोजना पर दोहरे मापदंड के लिए कांग्रेस की आलोचना की

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर कालेश्वरम परियोजना की जानबूझकर उपेक्षा करने और अन्य महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों को कम करके आंकने का आरोप लगाया है।

गुरुवार को एक्स से बात करते हुए, केटी रामाराव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हाल ही में जुराला परियोजना, मंजीरा बैराज और सिंगूर बांध के लिए खतरे की चेतावनी जारी की गई है, फिर भी सरकार इसमें रुचि नहीं ले रही है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही नेता कालेश्वरम परियोजना के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं, लेकिन अन्य सुविधाओं की मरम्मत की ज़रूरत को कम करके आंकते हैं। उन्होंने दोनों दलों के पाखंड की निंदा की और कहा कि वे अन्य परियोजनाओं की पर्याप्त मरम्मत को उचित ठहराते हैं, जबकि कालेश्वरम परियोजना की निंदा करते हुए, केवल मेडिगड्डा बैराज के दो क्षतिग्रस्त स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

केटी रामाराव ने ज़ोर देकर कहा कि मरम्मत सभी परियोजनाओं के लिए मानक है, और इन दलों द्वारा कालेश्वरम परियोजना को नकारात्मक रूप से चित्रित करना अनुचित है। सरकार आवश्यक मरम्मत का ध्यान रखे बिना, खासकर राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) द्वारा चिंता जताए जाने के बाद, जुराला परियोजना, मंजीरा बैराज या सिंगूर बांध की सुरक्षा की गारंटी कैसे दे सकती है? क्या वे इन मुद्दों को भी नज़रअंदाज़ करेंगे? उन्होंने मेडिगड्डा बैराज के क्षतिग्रस्त स्तंभों के संबंध में सरकार की ओर से कोई कार्रवाई न करने की ओर इशारा करते हुए सवाल किया। केटी रामाराव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि तेलंगाना के चार करोड़ निवासियों के लाभ के लिए सभी सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं की तत्काल मरम्मत और संरक्षण किया जाना चाहिए।






















# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भोलाराम पंवार**
सचिव, सीरवी समाज शमशाबाद
राम किराणा स्टोर, कंदुकूर

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**चुतराराम सोनपुरा**
गो भक्त
श्री बालाजी ज्वैलर्स, जगतगिरीगुट्टा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**हंसाराम आगलेचा**
पूर्व अध्यक्ष, सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट, अलमासगुडा
श्री बाबा रामदेव ट्रेडिंग कंपनी, करमनघाट
Mobile : 9441034958

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**कुमावत बाबुलाल खरनालिया**
अध्यक्ष, कुमावत सेवा समिति
उप्पल, चेंगिचेरला

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**बंशीलाल प्रजापति**
पूर्व अध्यक्ष, श्रीयादे माता मंदिर दम्माईगुडा
सी बंशीलाल पॉन ब्रोकर्स, गाजुलारामाराम

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**रमेश G पंवार**
उपाध्यक्ष, सीरवी समाज तेलंगाना
पारसीगुट्टा, हैदराबाद.
श्री अंबिका प्लायवुड अंड हार्डवेयर, तिरुमलगिरी

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**दुर्गाराम मुलेवा**
पूर्व कोषाध्यक्ष, सीरवी समाज जीडिमेटला
भगवती ज्वैलर्स, गाजुलारामाराम रोड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**हीरालाल चोयल**
सचिव, सीरवी समाज बालाजीनगर
श्री देव एन्टरप्राईजेस, यापराल
SUPERFLO & WATERTEC
Atlaz

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भंवरलाल सैणचा**
**कालुराम भायल**
गौ भक्त एवं समाज सेवी
भवानी ज्वैलर्स, शापुरनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**मांगीलाल परिहारिया**
उपाध्यक्ष : सीरवी समाज शेरीलिंगमपल्ली
श्री राम ट्रेडिंग कंपनी, शॉप नं. 13-132,
आई.डी.ए. बोलाराम, संगारेड्डी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**डायाराम लचेटा**
सचिव, सीरवी समाज कोरेमुला
सलाहकार, श्री आईजी गौशाला
सलाहकार भाग्यनगर तेलंगाना ज्वैलर्स एवं पॉन ब्रोकर्स असोसियेशन
श्री गणेश ज्वैलर्स, श्री गणेश एण्ड श्री लक्ष्मी पॉन ब्रोकर्स, उप्पल

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**केसाराम काग**
शिक्षा कमेटी अध्यक्ष, सीरवी समाज शमशाबाद
श्री राम किराणा स्टोर, मेन रोड, कडताल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**मंगलराम पंवार**
गौ भक्त
कृष्णा मार्केटिंग,गाजुलारामाराम

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**शेषाराम पंवार**
गौ भक्त
धनलक्ष्मी ज्वैलर्स, जगतगिरीगुट्टा

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**चुन्नीलाल पंवार**
उपाध्यक्ष, सीरवी समाज, एल.बी.नगर,
वेलफेयर असोसियेशन
R.K. Boards & Panels, Mangapally, Ibrahimpatnam

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**नेमाराम परिहार, मनोज सोनपुरा**
गौ भक्त
ओम पंजाबी ढाबा, पाईपलाईन रोड, जीडिमेट्ला
मनोज पॉन ब्रोकर्स, गाजुलारामाराम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
**तिलायचा सोनाराम कुमावत**
प्रदेश अध्यक्ष, कुमावत समाज तेलंगाना
श्री गोविंद एन्टरप्राईजेस, मेन रोड, तुमकुंटा. फोन : 8074085952

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**दिनेश सीरवी**
सह-सचिव, सीरवी समाज बालाजीनगर
महामंत्री, गौपुत्र सेना मारवाड़
दीपक लाईट हाऊस, सैनिकपुरी
Mobile : 9908090701

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
**माणकचंद गेहलोत**
प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भैराराम काग**
समाज सेवी
सुरेश ज्वैलर्स, दूलापल्ली

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**अशोक हाम्बड़**
गौ भक्त एवं समाज सेवी
बालाजी ज्वैलर्स, गाजुलरामाराम रोड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**तुलसाराम सिन्दड़ा**
सचिव, सीरवी समाज मल्लापुर
न्यू बालाजी ज्वैलर्स, चिलकानगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**भेराराम सैणचा**
**भुराराम सैणचा**
गौ भक्त
भगत भजन मंडली, जगतगिरीगुट्टा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**राजुराम कुमावत**
प्रचार मंत्री, कुमावत समाज कुकटपल्ली
पूर्व अध्यक्ष, मारवाड़ी युवा मंच, गंडीमैसम्मा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
**मांगीलाल सोलंकी**
गौ भक्त
श्री गणेश हार्डवेयर एंड प्लायवुड, बापुजीनगर, बोईनपल्ली

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**धर्माराम ढाका**
प्रदेश अध्यक्ष, तेलंगाना जाट समाज एकता मंच
JOINT SECRETARY - TELANGANA PAWN BROKERS & JEWELLERS ASSOCIATION

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
**आशाराम गेहलोत**
अध्यक्ष, सीरवी समाज शमशाबाद
गणेश ज्वैलर्स, महेश्वरम

**RJ 22 मिरचीवाले**
जोधपुर का स्वाद अब हैदराबाद में...
विवाह, जन्मदिन एवं गृहप्रवेश आदि कार्यक्रमों में ऑर्डर के लिए संपर्क करें।
प्रकाश सिरवी - 9494493781

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ
**नरेश परिहार**
सह-सचिव, सीरवी समाज शमशाबाद बड़ेर
भवानी ज्वैलर्स, तुकुगुडा

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
**मांगीलाल सोलंकी**
उपाध्यक्ष 2, सीरवी समाज शमशाबाद शिक्षा समिति
सचिव, सीरवी समाज तेलंगाना (बगड़ी पीपलाद )
लक्ष्मी ज्वैलर्स, लैमुर

भादवा सुदी बीज व आई माँ के अवतरण दिवस की समाज बन्धुओं को हार्दिक बधाई
**मोहनलाल सैंणचा**
अध्यक्ष : राजस्थानी ग्रुप आफ वेल्फेयर एसोसिएशन तुर्कायामजाल (मुन्सीपालिटी)
मनोनित सदस्य, सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुडा बडेर
सलाहकार, सीरवी समाज तेलंगाना (बगड़ी पीपलाद)
मोहन एलेक्ट्रीकल हार्डवेयर, तुर्कायामजाल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
**वक्ताराम पंवार**
**हरीश सीरवी**
ओम एजेन्सी, अलवाल
Avion LIGHTING

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**जयराम पंवार**
अध्यक्ष, सीरवी समाज बालाजीनगर

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**शांतिलाल सुथार**
मुख्य सचिव,
विश्व मंगल गौशाला, सोमाराम विलेज
Shantilal Suthar
Interior Contractor I Carpenter
West Marredpally, Secunderabad.
Ph. : 9866405649

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**सोहनलाल हाम्बड़**
प्रदेश सचिव,
अखिल भारतीय सीरवी महा सभा, तेलंगाना

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**मंगलाराम सेपटा**
गौ भक्त
जगदम्बा ज्वैलर्स
कार्तिकेयानगर, नाचाराम, हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**धर्माराम कुमावत**
प्रदेश उपाध्यक्ष, कुमावत समाज तेलंगाना
रामदेव ज्वैलर्स, मच्छाबोलारम
रामदेव हार्डवेयर, मच्छाबोलारम , 9866957282

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**प्रकाश सोलंकी**
समाज सेवी
महालक्ष्मी ट्रेडर्स, तुक्कुगुडा, महेश्वरम
फोन : 9000209537

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**तेजाराम परिहार**
अध्यक्ष, सीरवी समाज तेलंगाना (बगड़ी पिपलाद)
महालक्ष्मी ज्वैलर्स, मेडपल्ली

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**गोविंदराम बाकरेचा**
अध्यक्ष, श्री कुमावत सेवा संघ
मलकाराम, बालाजीनगर, हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**महेन्दर सिंह आगलेचा (पितावत)**
अध्यक्ष, श्री बाबा रामदेव नव युवक मित्र मंडल, अलवाल
श्री रामदेव ज्वैलर्स, वेंकटापुरम, अलवाल

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**इन्द्रादेवी आगलेचा**
उपाध्यक्ष, महिला मंडल सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुट्टा
श्री रामदेव ज्वैलर्स, वेंकटापुरम, अलवाल

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**ओमप्रकाश पंवार**
कार्यकारिणी सदस्य,
सीरवी समाज पारसीगुट्टा बड़ेर
भवानी ज्वैलर्स, नाचाराम, हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**शेषाराम सीरवी**
एरिया मेम्बर
सीरवी समाज मल्लापुर
श्री राज लक्ष्मी ज्वैलर्स, हेमा नगर, उप्पल,

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**पारसनाथ चौहान**
संरक्षक, श्रीनाथ समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद तेलंगाना
AAI MAA REAL ESTATE
Tumukunta, Shameerpet, Hyd. Ph. : 9032093735, 9848593735

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
**अमरनाथ चौहान**
अध्यक्ष , श्रीनाथ समाज, हैदराबाद-सिकंदराबाद तेलंगाना
अंबिका स्टोर्स
वेस्ट मारेडपल्ली, सिकंदराबाद


## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**श्रीमती गौरी देवी काग**
पंचायत समिति सदस्य, रायपुर
अध्यक्ष, विकास एवं उत्पादन समिति, रायपुर
जिला संयोजक, बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओं
सलाहकार, सीरवी समाज शमशाबाद बड़ेर
चेलाराम काग
उपाध्यक्ष
सीरवी समाज शमशाबाद
हेमा ज्वैलर्स, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
**बाबूलाल चोयल**
पूर्व अध्यक्ष, सीरवी समाज जीडिमेट्ला
**सुनील सीरवी**
भारतीय जनता पार्टी, पाली लोकसभा युवा नेता
चौधरी ज्वैलर्स, शापुरनगर, हैदराबाद

# तो ऐसे मिली थी बरौनी रिफाइनरी

बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह अपने धुन के पक्के थे। जो ठान लेते थे कर के ही मानते थे। इसीलिए उन्हें अविभाजित बिहार के विकास में अद्वितीय और अविस्मरणीय योगदान के लिए जाना जाता है। बिहार के लोग उन्हें सम्मान से बिहार केसरी भी कहा करते थे। आधुनिक बिहार के निर्माता कहे जाने श्रीबाबू ने मात्र 10 वर्षों के शासनकाल में बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य व सामाजिक क्षेत्र में जो उल्लेखनीय कार्य किया। बिहार को भारत की पहली रिफाइनरी- बरौनी ऑयल रिफाइनरी, पहला खाद कारखाना- सिन्दरी व बरौनी रासायनिक खाद कारखाना, एशिया का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग कारखाना-भारी उद्योग निगम (एचईसी) हटिया, देश का सबसे बड़ा स्टील प्लांट-सेल बोकारो, बरौनी डेयरी, एशिया का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड-गढ़हरा, आजादी के बाद गंगोत्री से गंगासागर के बीच प्रथम रेल सह सड़क पुल-राजेंद्र पुल, कोसी प्रोजेक्ट, पूसा व सबौर का एग्रीकल्चर कॉलेज, भागलपुर, रांची विश्वविद्यालय इत्यादि जैसे अनगिनत उदाहरण हैं, जिसमें श्रीबाबू की झलक देखने के मिलती है। यही कारण है कि फोर्ड फाउंडेशन के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एपेल्बवी ने अपनी रिपोर्ट में बिहार को देश का सबसे बेहतर शासित राज्य माना था और बिहार को देश की दूसरी सबसे बेहतर अर्थव्यवस्था बताया था। लेकिन यह सब क्या आसानी से हो गया था? बताते हैं कि बिहार के हक के लिए वे हमेशा पीएम जवाहरलाल नेहरू से जिद कर बिहार को संसाधनों से समृद्ध करते रहे। एक ऐसी ही जिद् की कहानी बरौनी ऑयल रिफाइनरी को ले कर राजनीतिक गलियारे में आज भी गूंजती है। राज्यों के विकास की दृष्टि से ऑयल रिफाइनरी एक बड़ा प्रोजेक्ट था। इसे अपने प्रदेश में लगाने के लिए नेहरू के पास जमीन उपलब्ध कराने को ले कर कई राज्यों के प्रस्ताव आए। इनमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत और बिहार के मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह ने भी प्रस्ताव दिया था। नेहरू चाहते थे कि यूपी बड़ा प्रदेश होने की वजह से इस तोहफे का हकदार है। यूपी में सांसदों की संख्या भी ज्यादा थी। श्रीबाबू को जैसे ही यह पता चला तो उन्होंने ऑयल रिफाइनरी को बिहार में प्रस्तावित करने का आग्रह किया। तब नेहरू ने गोविंद वल्लभ पंत के बारे में उन्हें बताया। इस पर श्रीकृष्ण सिंह ने कहा कि यह रिफाइनरी बिहार को नहीं मिलेगी तो मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। उनकी इस धमकी से नेहरू जी भी घबरा गए और तब उन्होंने श्रीबाबू को आश्वासन दिया। नेहरू जी दिल से इसे उत्तरप्रदेश में ही लगवाना चाहते थे। चर्चा है कि नेहरू जी ने इसके लिए एक व्यूह रचना की। उनकी मंशा थी कि रिफाइनरी उत्तरप्रदेश में ही लगे। इसलिए, जमीन का नेचर जानने के बहाने एक कमेटी गठित कर दी गई। यह कमेटी बिहार के संदर्भ में निगेटिव कमेंट करेगी और ऐसे में स्वतः रिफाइनरी उत्तरप्रदेश को मिल जाएगा। इससे गोविंद बल्लभ पंत भी खुश हो जाएंगे और श्रीबाबू की नाराजगी भी दूर हो जाएगी। कहा जाता है कि श्रीबाबू को इस रणनीति की खबर मिल गई। भूमि का नेचर जानने के लिए जो टीम आई उसका खूब आवभगत किया गया। वे भूमि परीक्षण के लिए गए भी और रिपोर्ट भी तैयार किया। लेकिन कमिटी के आने के पूर्व भूगर्भशास्त्र के विशेषज्ञ से पहले ही रिपोर्ट तैयार करा ली गई थी। जैसे ही कमेटी के सदस्यों ने बरौनी की मिट्टी को धंसने वाला बताकर प्रोजेक्ट को रिजेक्ट करने की बात की, श्रीबाबू ने अपने भूगर्भशास्त्री विशेषज्ञों की रिपोर्ट उनके सामने रख दी। बस फिर क्या था कमिटी के सदस्य जान गए कि श्रीबाबू को भरमाना मुश्किल है। जांच कमिटी बिहार से गई और बिहार के बरौनी के संदर्भ में सकारात्मक रिपोर्ट की। कहते हैं कि समझने को नेहरू समझ गए लेकिन, वो जानते थे कि रिफाइनरी बिहार को नहीं देंगे तो श्रीबाबू को इस्तीफा देने में भी जरा भी देर नहीं लगेगी। इस तरह बरौनी रिफाइनरी बिहार के खाते में आ गई।

# स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी


अशोक भाटिया

देश की आजादी में सिंधियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। विभाजन के बाद, सिंधी समुदाय ने न केवल अपनी पहचान बनाए रखी, बल्कि भारत के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिंधी समुदाय के कई सदस्यों ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और देश के लिए बलिदान दिया। आजादी की लड़ाई में भारत के सभी प्रदेशो का योगदान रहा। अंग्रेजो को भारत से भगा कर देश को जिन वन्दनीय वीरो ने आजाद कराया उनमे सबसे कम उम्र के बालक क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालाणी को भारत देश कभी नही भुला पायेगा। हेमू कालाणी सिन्ध के सख्खर में 23 मार्च सन 1923 में जन्मे थे।

उनके पिताजी का नाम पेसूमल कालाणी एवं उनकी मां का नाम जेठी बाई था।हेमू बचपन से साहसी तथा विद्यार्थी जीवन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजो की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे। 1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था और उसके उत्साह को देखकर प्रत्येक सिंधवासी में जोश आ गया था।

बताया जाता है कि जब वह मात्र सात वर्ष के थे, तभी तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में चले जाते थे और अपने मित्रों के साथ निर्भीक होकर सभाएं करते थे। वह पढ़ाई-लिखाई में अच्छे होने के अलावा अच्छे तैराक तथा धावक भी थे। वह तैराकी में कई बार पुरस्कृत हुए थे। आठ अगस्त,1942 को गांधी जी ने 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' तथा 'करो या मरो' का नारा दिया।

गांधी जी का कहना था कि या तो स्वतंत्रता लेंगे या फिर जान दे देंगे। अंग्रेजों को जाना ही होगा। इससे देश की जनता अंग्रेजों के विरुद्ध उद्वेलित हो गई थी और क्रांतिकारी गतिविधियां तेज हो गई थीं। फलतः ब्रिटिश सरकार क्रांतिकारियों का दमन करने लगी। सिंध प्रांत में जब यह आंदोलन तीव्र हुआ तो किशोरों व नवयुवकों के साथ हेमू कालाणी भी 'स्वराज सेना' के जरिए मुख्य भूमिका में इससे जुड़ गए।8 अगस्त 1942 को गांधी जी ने अंग्रेजों के विरुद्ध भारत छोडो आन्दोलन तथा करो या मरो का नारा दिया। इससे पूरे देश का वातावरण एकदम गर्म हो गया। गांधी जी का कहना था कि या तो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे या इसके लिए जान दे देंगे। अंग्रेजों को भारत छोड कर जाना ही होगा। जनता तथा ब्रिटिश सरकार के बीच लडाई तेज हो गई। अधिकांश कांग्रेसी नेता पकड पकड कर जेल में डाल दिए गए। इससे छात्रों,किसानों,मजदूरों,आदमी,औरतों व अनेक कर्मचारियों ने आन्दोलन की कमान स्वयं सम्हाल ली। पुलिस स्टेशन,पोस्ट आफिस,रेलवे स्टेशन आदि पर आक्रमण प्रारंभ हो गए। जगह जगह आगजनी की घटनाएं होने लगी। गोली और गिरफ्तारी के दम पर आंदोलन को काबू में लाने की कोशिश होने लगी। हेमू कालानी सर्वगुण संपन्न व होनहार बालक था,जो जीवन के प्रारंभ से ही पढाई लिखाई के अलावा अच्छा तैराक,तीव्र साईकिल चालक तथा अच्छा धावक भी था। वह तैराकी में कई बार पुरस्कृत हुआ था। सिंध प्रान्त में भी तीव्र आन्दोलन उठ खडा हुआ तो इस वीर युवा ने आंदोलन में बढ चढकर हिस्सा लिया। हेमू ने 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' नारे के साथ सिंधवासी में जोश और स्वाभिमान भर दिया। वे विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार एवं स्वदेशी अपनाने का स्वावलंबन सूत्र भी देशवासियों को दे रहे थे। विदेशी हुकूमत को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर वह स्वतंत्रता आंदोलन की सक्रिय गतिविधियों में शामिल हो गए। हेमू समस्त विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार करने के लिए लोगो से अनुरोध किया करते थे। शीघ्र ही सक्रिय क्रान्तिकारी गतिविधियों में शामिल होकर उन्होंने हुकुमत को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रियाकलापों में भाग लेना शूरू कर दिया। अत्याचारी फिरंगी सरकार के खिलाफ छापामार गतिविधियों एवं उनके वाहनों को जलाने में हेमू सदा अपने साथियों का नेतृत्व करते थे।

एक दिन गोपनीय सूत्रों से सिंध के क्रांतिकारियों को जानकारी मिली कि बलूचिस्तान में चल रहे उग्र आंदोलन को कुचलने के लिए 23 अक्टूबर,1942 की रात अंग्रेज सैनिकों, हथियारों व बारूद से भरी रेलगाड़ी सिंध के रोहिणी स्टेशन से रवाना होकर सक्खर शहर से गुजरती हुई बलूचिस्तान के क्वेटा नगर जाएगी। यह समाचार सुनकर सक्खर के 19 वर्षीय छात्र हेमू कालाणी ने रेलगाड़ी को गिराने का दायित्व अपने ऊपर लिया,जिसमें उनके साथ दो सहयोगी नंद और किशन भी थे। रेलगाड़ी गुजरने से पहले ही तीनों नवयुवक एक सुनसान स्थल पर पहुंचे। हेमू कालाणी ने रिंच और हथौड़े की सहायता से रेल की पटरियों की फिशप्लेटों को उखाड़ना शुरू कर दिया। अन्य दो साथी निगरानी कर रहे थे। रात की निस्तब्धता में हथौड़ा चलाने की आवाजें दूर तक जा रही थीं। उसे सुनकर दूर गश्त कर रहे सिपाही दौड़कर आए। नंद और किशन तो वहां से भाग कर छिप गए,मगर हेमू कालाणी को उन्होंने पकड़ लिया। जेल में लाकर उन पर कोड़े बरसाए गए और उनसे दो सहयोगियों का नाम पूछा गया।

हेमू का हर बार यही उत्तर होता था, 'मेरे दो साथी थे—रिंच और हथौड़ा।' सक्खर की मार्शल ला कोर्ट ने देशद्रोह के अपराध में 19 वर्ष कुछ माह होने के कारण हेमू कालाणी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अनुमोदन के लिए निर्णय हैदराबाद (सिंध) स्थित सेना मुख्यालय के प्रमुख अधिकारी कर्नल रिचर्डसन के पास भेजा गया। ब्रिटिशराज का खतरनाक शत्रु करार देते हुए कर्नल रिचर्डसन ने हेमू कालाणी की सजा को फांसी में बदल दिया। फाँसी के दिन, हेमू से पूछा गया कि क्या उनकी कोई आखिरी इच्छा है, तो उन्होंने जवाब दिया कि वे नारे लगाते हुए फाँसी की सीढ़ियाँ चढ़ना चाहते हैं और चाहते हैं कि वहाँ मौजूद सरकारी अधिकारी भी इन नारों का जवाब ज़ोर से दें। हेमू के भाई के अनुसार, हेमू ने फाँसी के फंदे की ओर बढ़ते हुए ₹इंकलाब ज़िंदाबाद₹, ₹यूनियन जैक मुर्दाबाद₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारे लगाए। 21 जनवरी, 1943 को प्रातः सात बजकर 55 मिनट पर हेमू कालाणी को फांसी पर लटकाया गया था ।बताया जाता है कि हेमू ने 'इंकलाब-जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हुए खुद अपने हाथों से फंदा गले में डाला,मानो फूलों की माला पहन रहे हों। मात्र 19 वर्ष की आयु में अमर शहीद हेमू कालाणी का प्राणोत्सर्ग सदैव याद रखा जाएगा।

हेमू कालाणी को भारत सरकार ने शहीद का दर्जा दिया और 1983 में उनके 60वें जन्मदिन और फांसी के 40 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। गर्व की बात है कि अमर शहीद हेमू कालाणी की याद में भारत सरकार की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1984 में डाक टिकट जारी की। उन्हें ₹सिंध का भगत सिंह₹ भी कहा जाता है । डाक टिकट के अनावरण समारोह में, हेमू की माँ जेठी बाई, भगत सिंह की माँ के साथ बैठी थीं, जो दो क्रांतिकारियों की माताओं के बीच एक बेहद मार्मिक बातचीत साबित हुई। भारत के अखबारों ने दोनों महिलाओं की एक तस्वीर प्रकाशित की, जिसका शीर्षक था, सिंध माता और पंजाब माता। सूमरो की हेमू के भाई से हुई बातचीत के अनुसार, भगत सिंह की माँ ने जेठी बाई से कहा, आपका बेटा मेरे बेटे से भी महान है क्योंकि उसने अपनी कोमल जवानी मातृभूमि के लिए कुर्बान कर दी। 21 अगस्त 2003 में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुरेश केसवानी के अथक प्रयास से भारत के संसद भवन में हेमू कालाणी की आदम कद की प्रतिमा का तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवानी, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह खुराना, लोकसभा अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी जैसे वरिष्ठ राजनेताओं की उपस्थिति में स्थापित की गई। देश की सडकों का नामकरण, धर्मशालाएं, कालोनियां, स्कूल आदि हेमू कालाणी के नाम पर रखे गए।

# 78 वर्षों में कितना बदले लोकतंत्र के हालात?


योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए?

देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।

आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो।

आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

# झांसी की शेरनी वीरांगना झलकारी बाई


शम्भू शरण सत्यार्थी

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कई ऐसे नाम हैं जो वीरता, साहस और बलिदान के पर्याय बन गए। इनमें से कुछ नाम इतिहास के पन्नों पर चमकते रहे, तो कुछ धुंधले हो गए। वीरांगना झलकारी बाई का नाम उन गिने-चुने योद्धाओं में है, जिन्होंने अपने साहस से ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी। वे रानी लक्ष्मीबाई की सेना की एक महत्वपूर्ण योद्धा थीं और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने जो अद्भुत भूमिका निभाई, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है।

झलकारी बाई का जन्म 22 नवंबर 1830 को उत्तर प्रदेश के झांसी के पास भोजला गाँव में एक गरीब कोरी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम सडलामल और माता का नाम जमुना देवी था। बचपन में ही उनकी माता का निधन हो गया जिससे वे पिता के सानिध्य में पली-बढ़ीं। बचपन से ही झलकारी बाई में असाधारण साहस और जिजीविषा थी। वे ग्रामीण जीवन के कठिन कार्यों में निपुण थीं—खेतों में काम करना, पशुओं की देखभाल करना, और साथ ही घुड़सवारी तथा हथियार चलाना सीखना।ग्रामीण वातावरण और पिता की प्रेरणा ने उनके भीतर एक योद्धा-स्वभाव का निर्माण किया। कहा जाता है कि बचपन में ही उन्होंने जंगल में शेर का सामना किया था और बिना भय के उसे खदेड़ दिया था।

झलकारी बाई का विवाह झांसी की सेना में कार्यरत एक बहादुर सैनिक पूरन कोरी से हुआ। विवाह के बाद वे झांसी आ गईं। पूरन कोरी के माध्यम से झलकारी बाई का परिचय रानी लक्ष्मीबाई से हुआ। रानी ने जब उनकी घुड़सवारी, तलवारबाजी और अदम्य साहस देखा, तो वे अत्यंत प्रभावित हुईं।

रानी लक्ष्मीबाई और झलकारी बाई में एक अद्भुत समानता थी—दोनों ही अत्याचार के खिलाफ बगावत का जज्बा रखती थीं और दोनों ही युद्ध कौशल में निपुण थीं। इसी कारण रानी ने उन्हें अपनी सेना में एक प्रमुख स्थान दिया।

झलकारी बाई केवल एक सैनिक नहीं, बल्कि दुर्गा दल नामक महिला सेना की कमांडर बनीं। यह दल पूरी तरह से महिलाओं से बना था और किले की सुरक्षा से लेकर युद्ध के मोर्चे तक, हर जगह सक्रिय रहता था।झलकारी बाई की विशेषता यह थी कि वे रानी लक्ष्मीबाई की तरह दिखती थीं—चेहरे की बनावट, कद-काठी, और पहनावे में काफी समानता थी। यह समानता आगे चलकर ब्रिटिश सेना को चकमा देने में निर्णायक साबित हुई।

1857 में भारत के कई हिस्सों में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की लपटें उठीं। झांसी में भी स्थिति तनावपूर्ण थी। रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी की सुरक्षा के लिए मोर्चा संभाला। अंग्रेजों ने जब झांसी को घेर लिया, तो किला चारों ओर से संकट में आ गया।

युद्ध भयंकर था। ब्रिटिश सेना के पास आधुनिक हथियार और तोपखाने थे, जबकि झांसी की सेना मुख्यतः परंपरागत हथियारों से लड़ रही थी। ऐसे समय में झलकारी बाई और उनके दल ने अद्भुत साहस दिखाया।

जब अंग्रेजों का दबाव बढ़ा और रानी लक्ष्मीबाई को किले से बाहर निकलकर अन्य क्रांतिकारियों के साथ जुड़ने की आवश्यकता हुई, तब झलकारी बाई ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होंने रानी के वेश में युद्ध के मैदान में उतरकर अंग्रेजों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

ब्रिटिश सेना यह समझने लगी कि वे रानी लक्ष्मीबाई को पकड़ चुके हैं। इस दौरान असली रानी सुरक्षित रूप से किले से बाहर निकल गईं। झलकारी बाई ने अपनी पहचान छुपाए रखते हुए तब तक युद्ध किया, जब तक कि रानी पूरी तरह सुरक्षित न हो गईं।

कुछ ऐतिहासिक स्रोत बताते हैं कि झलकारी बाई अंततः अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार हुईं। जब उनकी असली पहचान सामने आई, तो अंग्रेज हैरान रह गए। माना जाता है कि उन्होंने यातनाओं के बावजूद रानी का ठिकाना नहीं बताया। कई विवरणों में यह भी उल्लेख है कि उन्होंने युद्ध में ही प्राण न्योछावर कर दिए जबकि कुछ कथाओं में कहा गया है कि बाद में वे गाँव लौट गईं और शांत जीवन बिताया।

झलकारी बाई का साहस केवल युद्ध कौशल तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक रणनीतिक बलिदान का उदाहरण था। रानी के स्थान पर स्वयं को प्रस्तुत करना, यह जानकर कि यह मृत्यु को आमंत्रण है, अद्वितीय वीरता की मिसाल है।

दुर्भाग्यवश, भारतीय इतिहास में झलकारी बाई जैसी वीरांगनाओं का नाम उतनी प्रमुखता से नहीं लिया गया, जितना लिया जाना चाहिए था। अधिकतर इतिहास पुस्तकों में उनका उल्लेख संक्षेप में मिलता है हालांकि, दलित और महिला इतिहासकारों ने उनके योगदान को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।आज झलकारी बाई का नाम दलित और महिला सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। उनकी जयंती पर कई राज्यों में कार्यक्रम होते हैं, और झांसी में उनकी प्रतिमा स्थापित है।

झलकारी बाई का जीवन हमें यह सिखाता है कि साहस, त्याग और नेतृत्व केवल राजा-रानियों तक सीमित नहीं है। कोई भी व्यक्ति, चाहे उसका जन्म किसी भी वर्ग या परिस्थिति में हुआ हो, राष्ट्र और समाज के लिए महान योगदान दे सकता है।

# निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता दांव पर


जयसिंह रावत


एक स्वस्थ और सजग लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी है देश के निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और सर्वग्राह्यता। आयोग राजनीतिक दलों की तरह एक पक्ष नहीं बल्कि सभी पक्षों से ऊपर होता है लेकिन राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के बाद ऐसा माहौल बन गया है कि इस विवाद में दो पक्ष बन गए हैं जिनमें एक पक्ष निर्वाचन आयोग और सत्ताधारी प्रतिष्ठान तो दूसरा पक्ष समूचा विपक्ष नजर आ रहा है। हालांकि आयोग की निष्पक्षता पर सवाल पहले भी उठते रहे हैं और आयोग के फैसलों को अदालत में चुनौतियां दी जाती रही हैं लेकिन दो संघर्षरत पक्षों में एक जगह निर्वाचन आयोग भी नजर आ रहा है। इतिहास में अब तक ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पहले कभी नहीं आई। भारतीय लोकतंत्र की नींव में चुनाव आयोग (ईसीआई) एक महत्वपूर्ण स्तंभ है जो अनुच्छेद 324 के तहत संवैधानिक रूप से स्वतंत्र संस्था के रूप में स्थापित है। इसका प्रमुख दायित्व निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की वैधता को बनाए रखता है।

हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2024 लोकसभा चुनावों के बाद, ईसीआई की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठे हैं। विपक्षी नेताओं, खासकर राहुल गांधी, के आरोपों—जिनमें मतदाता सूचियों में हेरफेर और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत शामिल है— ने ईसीआई की छवि को धूमिल किया है। यह लेख इन तथ्यों के आलोक में ईसीआई की स्थिति का निष्पक्ष विश्लेषण प्रस्तुत करता है जहां एक ओर आरोपों की गंभीरता है, वहीं ईसीआई की प्रतिक्रिया और संस्थागत मजबूती भी। साथ ही, हम यह भी जांचेंगे कि क्या विश्वास का यह संकट लोकतंत्र के लिए खतरा है और चुनाव सुधारों की आवश्यकता ईसीआई की स्वतंत्रता से कैसे जुड़ी है।

निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। यह राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों का संचालन करता है। संवैधानिक रूप से स्वायत्त, इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो अन्य आयुक्त शामिल हैं जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। हालिया चीफ इलेक्शन कमिश्नर एंड अदर इलेक्शन कमिश्नर्स एक्ट, 2023 के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और एक केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से आयोग की छवि निष्पक्ष रही है। अस्सी के दशक में बहुचर्चित गढ़वाल चुनाव में तत्कालीन निर्वाचन आयुक्त एस एल सकधर ने एक साहसिक निर्णय लेते हुए इंदिरा गाँधी सरकार की परवाह न करते हुए हेमवती नंदन बहुगुणा की शिकायत पर चुनाव रद्द कर दिया था। 1990 के दशक में टी.एन. शेषन ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट को कड़ाई से लागू कर आयोग को सशक्त बनाया। हालांकि, हाल के वर्षों में, खासकर 2019 और 2024 के चुनावों में, विपक्ष ने पक्षपात और सरकारी दबाव के आरोप लगाए। नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल और पारदर्शिता की कमी ने इन आलोचनाओं को बल दिया। फिर भी, ईसीआई दावा करता है कि वह राजनीतिक प्रभाव से मुक्त है।

2024 के लोकसभा चुनावों के बाद, राहुल गांधी ने ₹वोट चोरी₹ का आरोप लगाया, दावा करते हुए कि महाराष्ट्र और हरियाणा में मतदाता सूचियों में करोड़ों फर्जी मतदाता जोड़े गए। उन्होंने निर्वाचन आयोग को ₹भाजपा का सहयोगी₹ करार दिया। डेटा एनालिटिक्स के आधार पर उनके वीडियो में मतदाता सूचियों में हेरफेर का दावा किया गया।

# स्वाधीनता के शाश्वत तत्व


दीप चन्द भारद्वाज

अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में मातृभूमि तथा राष्ट्र को धारण करने वाले तत्वों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि- सत्यं बृहदृतं उग्र दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति मातृभूमि की स्वतंत्रता को स्थिर रखने के लिए जो गुण अत्यंत आवश्यक हैं जिनके बिना राष्ट्र की स्वतंत्रता संकट में पड़ सकती है उनका इस मंत्र में उल्लेख है। पहले गुण है सत्यम् अर्थात सत्याचरण। जो लोग स्वदेश के प्रति सच्ची भावना से व्यवहार नहीं करते वे स्वदेश से धोखा करके इसे अधोगति के गहरे गर्त में गिराते हैं। वेद राष्ट्र व्यवहार में सत्य को सबसे प्रथम स्थान दे रहा है वेद की दृष्टि में सत्य सबसे ऊंचा है। दूसरा गुण है बृहत इसका अर्थ है हृदय की विशालता। यदि राष्ट्र के नागरिकों के भाव क्षुद्र हैं और आकांक्षाएं तुच्छ हैं तो उनमें स्वतंत्रता के लिए वास्तविक प्रेम उत्पन्न नहीं हो सकता। हृदय का विशाल दृष्टिकोण अपने पराए के भेदभाव को समाप्त करके राष्ट्र में समरसता का संचार करता है। तीसरा गुण है ऋतम् सृष्टि संचालन के नियमों का तथा राष्ट्र को सुचारू रूप से चलाने वाले नियमों का दृढ़ता से पालन करना। राष्ट्र के नियमों का पालन न करने से समाज में अनीति,अत्याचार और तथा अराजकता फैल जाती है चौथा गुण है उग्रम् इसका अर्थ है तेजस्विता तथा वीरता को धारण करना। मातृभूमि की स्वाधीनता की रक्षा हेतु कई बार उग्र स्वरूप भी धारण करना पड़ता है। पांचवां गुण है दीक्षा अर्थात दृढ़ संकल्प प्रत्येक कार्य की सिद्धि के लिए दृढ़ संकल्प का होना भी अनिवार्य है। नागरिकों के ढुल मुल रवैये से राष्ट्र नहीं चलता। छठा गुण है कठोर तप। राष्ट्र की सेवा हेतु सुख दुख, लाभ हानि, तथा अन्य विघ्नों को सहन करने की शक्ति का नाम है तप। हमारे पूर्वजों ने इसी तप के गुण को आत्मसात करके हमारे देश की स्वाधीनता को सुदृढ़ बनाया है। राष्ट्र भक्तों में तप के गुण का होना अनिवार्य है। सातवां गुण है ब्रह्म जिसका अर्थ है आत्मज्ञान। स्वाधीनता की रक्षा हेतु यह महत्वपूर्ण गुण है। आत्मज्ञानी ही बड़े-बड़े विकट प्रलोभनों से बच सकता है। राष्ट्र रक्षा हेतु प्रत्येक जनमानस में आत्मज्ञान होना अति आवश्यक है। आत्मज्ञानी ही मातृभूमि की स्वाधीनता के महत्व को समझ सकता है। आठवां गुण है यज्ञ जिसका अर्थ है परोपकार के कार्य एवं निस्वार्थ भावना से कर्तव्य कर्म करना। जिस राष्ट्र के लोगों में यज्ञ अर्थात निस्वार्थ भावना की प्रवृत्ति होती है वह राष्ट्र सदैव उन्नति की ओर अग्रसर होता रहता है। अथर्ववेद की ऋचा में वर्णित ये सभी नैतिक मूल्य किसी भी राष्ट्र की स्वाधीनता के आधार स्तम्भ माने गए हैं।

जिस राष्ट्र के जनमानस में इन तत्वों का अभाव होता है वह कभी भी अपनी मातृभूमि की स्वाधीनता को सुदृढ़ता प्रदान नहीं कर सकता। इन सभी दिव्य गुणों में ही राष्ट्र की स्वाधीनता का स्वर्णिम संदेश निहित है। जिस राष्ट्र के चरित्र में यह दिव्य गुण समाहित होते हैं वही राष्ट्र अपनी स्वर्णिम स्वाधीनता को स्थायीत्व प्रदान कर सकता है। प्राचीन काल में हमारे ऋषि मुनियों ने स्वाधीनता के इन सभी तत्वों को आत्म सात करके संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन किया था।

# खुद को बेहतर करने पर ध्यान देंगे तो दूसरों की उपलब्धियां प्रभावित नहीं कर पाएंगी



16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अपनाने से हमारी सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं और शांति मिल सकती है।

कभी-कभी हम अपना काम कर रहे होते हैं, मन प्रसन्न होता है और फिर अचानक हम सोशल मीडिया पर किसी की शानदार छुट्टियां, नई चमचमाती कार, या परफेक्ट लाइफ की तस्वीरें देख लेते हैं। एक पल में हमारे मन में सवाल उठने लगते हैं, क्या हम पीछे रह गए हैं? ये तुलना का भाव है। जब तुलना का भाव हमारे मन में आता है तो तनाव बढ़ने लगता है।

तुलना करने की प्रवृत्ति नई नहीं है। महाभारत युद्ध के कुरुक्षेत्र में भी जब अर्जुन ने दूसरों की तुलना में खुद को देखा तो वे भी भ्रम और संदेह में पड़ गए। तब श्रीकृष्ण ने उन्हें श्रीमद् भगवद गीता का ज्ञान दिया, ये ज्ञान आज भी हमारा जीवन बदल सकता है।

अपने धर्म (कर्तव्य) का पालन करना चाहिए, भले ही उसमें कुछ कमियां हों, दूसरे के धर्म यानी कर्म को अपनाने से बेहतर है, चाहे वह कितना ही आकर्षक क्यों न लगे।

इसका अर्थ ये है कि हर व्यक्ति की अपनी एक अलग राह होती है, अपना एक उद्देश्य और प्रकृति होती है। जब हम दूसरों की नकल करते हैं, तब भले ही हमें सफलता मिल जाए, लेकिन मन में खालीपन महसूस होते रहता है। जब हम अपनी यात्रा पर, अपने कर्म पर ध्यान लगाते हैं तो दूसरों की उपलब्धियां हमें बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाती हैं। हम तुलना के भाव से बच जाते हैं।

**परिणाम से अधिक प्रयास को महत्व दीजिए**

तुलना अक्सर परिणामों के आधार पर होती है, किसे प्रमोशन मिला, किसके पास कितना पैसा है, किसे कितनी पहचान मिली, लेकिन परिणाम कई बाहरी कारकों पर निर्भर होते हैं। अगर हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है और उससे हम सीखते हैं तो हमने पहले ही सफलता पा ली है। हमें सिर्फ अपने कार्यों पर ध्यान देना है, उसके फल पर नहीं। तभी तुलना का भाव दूर हो सकता है।

**अपने स्वभाव को पहचानें और स्वीकार करें**

गीता बताती है कि हर व्यक्ति तीन गुणों- सत्व (शुद्धता), रजस (क्रिया), और तमस (जड़ता) के प्रभाव में कार्य करता है। इनका अनुपात हर व्यक्ति में भिन्न होता है। इसलिए, किसी ऐसे व्यक्ति से अपनी तुलना करना जो हमारे स्वभाव से बिल्कुल अलग है, ये स्वाभाविक ही अनुचित है। जब हम अपने गुणों को समझते और स्वीकार करते हैं, तब हम अपनी प्रगति को वास्तविकता के धरातल पर मापते हैं, न कि कल्पनाओं में। ऐसी स्थिति में हमें तुलना करने के भाव से मुक्ति मिलती है।

**अपने मन को नियंत्रित करें**

गीता में कहा गया है कि मन ही मनुष्य का मित्र भी है और शत्रु भी, मन ही सभी बंधनों का कारक है। तुलना एक अस्थिर भाव है। ध्यान, आत्म-निरीक्षण और सतर्क विचारों के अभ्यास से मन स्थिर होता है। जब आत्म सम्मान भीतर से आता है तो दूसरों की सफलता हमें विचलित नहीं करती है और हम तुलना नहीं करते हैं। मन को नियंत्रित रखें, दूसरों पर नहीं अपने कर्मों पर ध्यान दें।

**सबमें समानता देखना सीखिए**

गीता कहती है कि ज्ञानी व्यक्ति सभी को समभाव से देखता है। जब हम सभी में परमात्मा को देखना शुरू करते हैं तो अच्छा या बुरा, कम या ज्यादा जैसी तुलना की भावना मिटने लगती है। खुद को कमजोर समझे बिना दूसरों का सम्मान करने लगते हैं।

श्रीकृष्ण बार-बार याद दिलाते हैं कि सुख-दुख, लाभ-हानि, जय-पराजय सब अस्थायी हैं। अगर आपका आत्म-मूल्य रूप, धन या सामाजिक स्थिति पर आधारित है तो ये चीजे जैसे ही बदलती हैं, आप असुरक्षित महसूस करेंगे।

## कृष्ण पूजा के साथ राशि अनुसार करें शुभ काम

**मेष राशि-** इस राशि का स्वामी मंगल है। ये लोग जन्माष्टमी पर लाल मसूर की दाल का दान करें। श्रीकृष्ण को दूध और बादाम से बनी मिठाई का भोग अर्पित करें। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का 108 बार जप करें।

**वृषभ राशि-** इस राशि का स्वामी शुक्र ग्रह है। इन लोगों को जन्माष्टमी पर दूध और मिश्री का दान करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण को मिश्री और पंजीरी का भोग लगाएं। सफेद वस्त्र पहनकर श्रीकृष्ण की पूजा करें।

**मिथुन राशि-** बुध इस राशि का स्वामी है। इन लोगों को श्रीगोपाल सहस्रनाम का पाठ करना चाहिए। हरे मूंग की दाल का दान करें। गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें।

**कर्क राशि-** चंद्रमा इस राशि का स्वामी है। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप 108 बार करें। श्रीकृष्ण को दूध से बनी मिठाई जैसे रसगुल्ले, रबड़ी आदि का भोग लगाएं। शांत मन से राधे-राधे का उच्चारण करें।

**सिंह राशि-** सिंह राशि का स्वामी सूर्य है। सूर्य को जल अर्पित करके दिन की शुरुआत करें। गुड़ का दान करें। विष्णुसहस्रनाम का पाठ करें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि का स्वामी ग्रह बुध है। इन लोगों को श्रीकृष्ण का श्रृंगार हरे वस्त्रों से करना चाहिए। श्रीकृष्ण को तुलसी दल अर्पित करें। किसी किन्नर को वस्त्र-धन का दान करें।

**तुला राशि-** शुक्र इस राशि का स्वामी है। श्रीकृष्ण को मीठा दही तुलसी के साथ भोग लगाएं। जरूरतमंदों को दूध या छाछ का दान करें। राधे राधे नाम का जप करें।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल है। ये लोग लाल मसूर की दाल का दान करें। श्रीकृष्ण को लाल वस्त्र औल लाल फूल अर्पित करें। ॐ गोविंदाय नमः मंत्र का जप करें।

**धनु राशि-** बृहस्पति ग्रह इस राशि का स्वामी है। श्रीकृष्ण को पीले कनेर के फूल चढ़ाएं। फलों का भोग लगाएं। किसी मंदिर में केले का दान करें।

**मकर राशि-** मकर राशि का स्वामी ग्रह शनि है। श्रीकृष्ण को पंचामृत से स्नान कराएं। काले तिल का दान करें। श्रीकृष्ण के मंत्र कृं कृष्णाय नमः का जप करें।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि का स्वामी शनि है। ये लोग सरसों का तेल और काले वस्त्रों का दान करें। श्रीकृष्ण को दूध से बनी मिठाइयां जैसे पेड़ा, बर्फी अर्पित करें। कर्पूर जलाकर आरती करें।

**मीन राशि-** इस राशि का स्वामी गुरु ग्रह है। श्रीकृष्ण को केसर मिश्रित दूध अर्पित करें। दक्षिणावर्ती शंख से अभिषेक करें। चने की दाल का दान करें और शिवजी को बेसन के लड्डू चढ़ाएं।

# घर में लगाएं ये 6 भाग्यशाली पौधे, पैसों की तंगी होगी खत्म

## बरसेगा धन और जीवन में छा जाएगी खुशहाली



हम सब चाहते हैं कि हमारे घर में हमेशा सुख-शांति, समृद्धि और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहे. इसके लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, जैसे वास्तु शास्त्र के नियमों का पालन करना, सही दिशा में घर की सजावट करना या शुभ चीजें घर में लाना वास्तु शास्त्र में पौधों का भी बहुत महत्व बताया गया है. मान्यता है कि कुछ पौधे घर में लगाने से ना सिर्फ घर का वातावरण खुशहाल होता है, बल्कि धन, समृद्धि और तरक्की भी आकर्षित होती है. इन पौधों से घर में पॉजिटिव एनर्जी का प्रवाह बढ़ता है और नेगेटिव एनर्जी दूर होती है. अगर इन्हें सही दिशा और तरीके से लगाया जाए तो ये जीवन में अद्भुत बदलाव ला सकते हैं. आज हम आपको ऐसे 6 शुभ पौधों के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके घर की किस्मत चमका सकते हैं. इस बारे में बता रहे हैं वास्तु शास्त्री रवि पाराशर।

**1. तुलसी का पौधा**

तुलसी को हिंदू धर्म में सबसे पवित्र पौधों में से एक माना जाता है। यह सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं रखता बल्कि हेल्थ और एनवायरनमेंट के लिए भी बेहद फायदेमंद है। वास्तु के अनुसार तुलसी का पौधा घर में पॉजिटिव एनर्जी बनाए रखता है और नेगेटिव वाइब्स को दूर करता है. इसे घर के उत्तर, पूर्व या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना जाता है। सुबह-शाम तुलसी की पूजा और दीपक जलाने से घर में शांति और सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**2. मनी प्लांट**

मनी प्लांट को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. माना जाता है कि यह पौधा घर में पैसों का प्रवाह बढ़ाता है और तंगी को दूर करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में लगाना चाहिए, क्योंकि यह दिशा धन की वृद्धि और आर्थिक स्थिरता से जुड़ी होती है. यह पौधा रिश्तों में प्यार और समझ भी बढ़ाता है, जिससे घर का माहौल और भी अच्छा हो जाता है।

**3. बांस का पौधा (लकी बैम्बू)**

लकी बैम्बू पौधा वास्तु और फेंगशुई दोनों में ही सौभाग्य, लंबी उम्र और तरक्की का प्रतीक माना गया है. इसे घर या ऑफिस में रखने से सुख-शांति बनी रहती है और बिजनेस में भी प्रगति होती है. वास्तु के अनुसार इसे घर के पूर्व या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना सबसे शुभ है. यह पौधा लंबे समय तक हरा-भरा रहता है और कम देखभाल में भी आसानी से पनप जाता है।

**4. मोगरे का पौधा**

मोगरे के फूलों की खुशबू मन को तुरंत शांति और सुकून देती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार मोगरे का पौधा घर में प्रेम, सौहार्द और पॉजिटिव वाइब्स लाता है. इसे घर के आंगन, बालकनी या ऐसे स्थान पर लगाना चाहिए जहां इसकी खुशबू पूरे घर में फैले. गर्मियों के मौसम में यह घर के वातावरण को भी ठंडा और ताजगी भरा बनाए रखता है।

**5. गेंदा का पौधा**

गेंदा के फूल पूजा में खास जगह रखते हैं और इसे सौभाग्य और उत्साह का प्रतीक माना जाता है. वास्तु के अनुसार गेंदा का पौधा घर के मुख्य द्वार या गार्डन में लगाना बेहद शुभ होता है. इसकी चमकीली पीली और नारंगी कलियां घर में पॉजिटिव एनर्जी फैलाती हैं साथ ही यह पौधा घर के माहौल को जीवंत और रंगीन बना देता है।



# संतान प्राप्ति के उपाय करके थक चुके हैं तो जन्माष्टमी पर कर लें ये आसान काम

## घर में गूंज उठेगी किलकारी

संतान प्राप्ति में बाधाएं आ रही हैं और संतान प्राप्ति के उपाय करके थक चुके हैं, तो आज हम आपको कुछ खास उपाय बताएंगे, जिन्हें विधि विधान से करने पर लाभ की प्राप्ति होगी।धार्मिक ग्रंथो में संतान प्राप्ति के अनेक उपायों का वर्णन किया गया है, जिन्हें करने पर उन उपाय का फल प्राप्त होता है।सभी उपाय का अपना अलग-अलग महत्व है, लेकिन यदि कृष्ण जन्माष्टमी पर कृष्ण भगवान के एक खास मंत्र का जाप किया जाए, तो संतान प्राप्ति में आ रही सभी बाधाएं अपना रास्ता बदल लेती हैं। इसकी अधिक जानकारी करने के लिए हमने हरिद्वार में धार्मिक ग्रंथो के जानकारी पंडित श्रीधर शास्त्री से बातचीत की।

उन्होंने ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि जन्माष्टमी का पर्व विष्णु भगवान के आठवें अवतार कृष्ण को समर्पित होता है।इस दिन उनके आठवें अवतार कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है।भक्त घंटों पहले ही पूजा पाठ, भजन कीर्तन आदि शुरू कर देते हैं और ठीक 12:00 बजे भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है।उसके बाद सभी में माखन और मिश्री का भोग लड्डू गोपाल यानी बालकृष्ण को लगाने के बाद सभी को वितरित किया जाता है।

इस दिन कुछ खास उपाय करने से लाभ मिलता है.

जो दंपत्ति संतान प्राप्ति के लिए डॉक्टरों के चक्कर काट के थक चुके हैं और उन्हें संतान की प्राप्ति नहीं हो रही है तो कृष्ण जन्माष्टमी के दिन उनके द्वारा गोपाल कृष्ण मंत्र का जाप यथा शक्ति यानी अपनी सामर्थ्य के अनुसार 108, 1008, 1100, 2100, 5100, 11000, 21000, 31000, 51000 आदि बार किया जाए तो संतान प्राप्ति में आ रही सभी समस्याएं खत्म हो जाते हैं।

वह आगे बताते हैं कि इस मंत्र का जब शुरू करने से पूर्व स्नान आदि करके पवित्र मन और पवित्र हृदय से मंदिर में ईशान कोण की ओर मुख करके इस मंत्र का जाप करना चाहिए।

इस मंत्र का जाप करने के बाद प्रसाद वितरण जरूर करें जिससे मन की सभी इच्छाएं पूर्ण होगी और घर में बच्चे की किलकारियां गूंजेगी।

# कौन सी राशियां पैसे बचाने में नंबर 1 हैं

पैसा हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन इसे खर्च करने का तरीका हर इंसान में अलग होता है।कुछ लोग पैसे को पानी की तरह बहाते हैं, तो कुछ ऐसे होते हैं जो एक-एक रुपये का हिसाब रखते हैं।राशियों के आधार पर भी लोगों की यह आदत काफी अलग-अलग देखने को मिलती है।कुछ राशि वाले लोग खर्च करने में दिल खोल देते हैं, तो कुछ हमेशा सोच-समझकर ही खर्च करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग सबसे ज्यादा पैसे बचाते हैं, उन्हें अक्सर लोग "कंजूस" कह देते हैं, लेकिन उनकी नजर में यह स्मार्ट फाइनेंशियल प्लानिंग होती है, तो आइए जानते हैं ज्योतिषाचार्य रवि पराशर से कि किन राशियों को लोग सबसे ज्यादा कंजूस मानते हैं और उनकी असली सोच क्या होती है।

**मकर, कन्या और वृषभ – पैसे के मास्टर प्लानर**

इन राशियों के लोग पैसे की कीमत को बहुत अच्छे से समझते हैं, ये बिना वजह खर्च करने में यकीन नहीं रखते।किसी चीज़ की जरूरत भी हो तो ये सोच-समझकर, तुलना करके और कीमत चेक करके ही खरीदते हैं।अक्सर इन्हें लोग कंजूस कहकर चिढ़ाते हैं, लेकिन सच यह है कि ये पैसों के मैनेजमेंट में माहिर होते हैं।इनके पास हमेशा इमरजेंसी फंड तैयार रहता है और इन्हें उधार लेने की नौबत कम ही आती है।

**कुंभ, तुला और मिथुन – दिमाग से खर्च करने वाले**

इन राशियों के लोग हर पैसे का सही इस्तेमाल करना जानते हैं। इनके लिए सेल और डिस्काउंट का इंतजार करना बिल्कुल आम बात है।इन्हें बेकार चीज़ों में पैसा बर्बाद करना पसंद नहीं होता, बल्कि ये उसी में खर्च करते हैं जहां रिटर्न अच्छा मिले।इनके लिए पैसे बचाना एक तरह का खेल है जिसमें ये जीतना चाहते हैं, ये फिज़ूलखर्ची से दूर रहते हैं और जहां हो सके, वहां पैसे बचाने की कोशिश करते हैं।

**धनु, मीन और कर्क – दिल से खर्च करने वाले**

इन राशियों के लोग पैसों के मामले में काफी भावुक होते हैं, अगर इन्हें लगता है कि किसी की मदद करनी चाहिए या किसी चीज़ से खुशी मिलेगी, तो ये दिल खोलकर खर्च कर देते हैं।हां, कभी-कभी ये भी सोच-समझकर खर्च करते हैं, लेकिन ज़्यादातर दिल से फैसले लेते हैं, ये रिश्तों में पैसा लगाने को बुरा नहीं मानते और गिफ्ट देने में भी पीछे नहीं रहते।

**मेष, सिंह और वृश्चिक – शाही खर्च करने वाले**

इन राशियों के लोगों का स्टाइल है – "खर्च करो और राजा बन जाओ." जो चीज़ पसंद आ गई, उसे तुरंत खरीद लेंगे, चाहे उसकी जरूरत हो या नहीं।इनके लिए खुशी का मतलब है अपने ऊपर और अपने करीबियों पर पैसा खर्च करना।बाद में चाहे थोड़ा पछतावा हो, लेकिन उस पल ये पूरी तरह जीना चाहते हैं।इनकी सोच है कि पैसा कमाने के लिए ही खर्च किया जाता है, तो उसे रोककर क्या करना।

## प्रकृति रूठी तो स्वतंत्र होने की बड़ी कीमत चुकानी होगी

जब हम अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मना रहे होते हैं तब प्रकृति अपनी स्वतंत्रता की मांग कर रही होती है। मनुष्य को गुलामी पसंद नहीं, लेकिन वो प्रकृति को गुलाम बना रहा है। स्वबोध का अनुभव ही स्वतंत्रता है। हमने मनुष्यों की गुलामी को तो समाप्त कर दिया, पर मानसिक गुलामी रह गई।

आज हम सब कहीं ना कहीं डरे हुए हैं। अगर इस मौसम की बात करें तो पानी से। कहीं ना आने का डर, कहीं अधिक आने का डर। जमीन को ज्वर आ गया है। आसमान अशांत हो गया है। और लगातार प्राकृतिक विपदाओं की खबरें मिलती हैं, क्योंकि प्रकृति भी स्वतंत्रता चाहती है।

हमारा देश जिस तरह से विकास कर रहा है, कई ईर्ष्यालु मुल्क हमें घेरे खड़े हैं। हमारे विरोधी और प्रतिस्पर्धी देशों से तो हम निपट लेंगे, लेकिन प्रकृति से कैसे निपटेंगे? उसकी स्वतंत्रता को लेकर हम अत्यधिक गंभीर रहें, उसका सम्मान करें।जब भी स्वतंत्रता दिवस मनाएं तो यह विचार प्रत्येक भारतीय को करना चाहिए कि मैं अपने तईं प्रकृति का मान करूंगा। अगर प्रकृति रूठी रही तो मनुष्य को अपने स्वतंत्र होने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# मुश्किल में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा 60.4 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा एक बार फिर मुश्किलों में घिरते दिख रहे हैं। शिल्पा और राज कुंद्रा समेत एक अज्ञात व्यक्ति पर 60 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। इसको लेकर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शिल्पा शेट्टी और राज कुद्रा के खिलाफ मुंबई के एक बिजनेसमैन से 60.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है।



### इस वजह से दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मामला

यह धोखाधड़ी उनकी अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक लोन-कम इन्वेस्टमेंट डील के संबंध में की गई थी। जिसके चलते अब एक्ट्रेस और उनके पति के खिलाफ जुहू पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, इसमें शामिल राशि 10 करोड़ रुपये से अधिक है, इसलिए मामला ईओडब्ल्यू को ट्रांसफर कर दिया गया। ये पूरा मामला दीपक कोठारी की ओर से दर्ज की गई शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद दर्ज किया गया है। दीपक कोठारी जुहू निवासी और एक एनबीएफसी, लोटस कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज के डायरेक्टर हैं।

### शिल्पा शेट्टी के वकील ने आरोपों को नकारा

हालांकि, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को वकील ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया है। वकील ने कहा कि यह एक निराधार और दुर्भावनापूर्ण मामला है, जिसका उद्देश्य उनके ग्राहकों को बदनाम करना है। उन्होंने ये भी कहा कि अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू की जा रही है।

### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता दीपक कोठारी ने बताया कि राजेश आर्य नाम के एक व्यक्ति ने उनका परिचय राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी से कराया, जो होम शॉपिंग और ऑनलाइन रिटेल प्लेटफॉर्म बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे। उस समय पर कथित तौर पर शिल्पा और राज कुंद्रा के पास कंपनी के 87.6% शेयर थे। आरोपी ने कथित तौर पर 12 प्रतिशत ब्याज पर 75 करोड़ रुपये का लोन मांगा, लेकिन बाद में उन्हें हायर टेक्सेशन से बचने के लिए इन्वेस्टमेंट के तौर में धनराशि लगाने के लिए राजी कर लिया, साथ ही मासिक रिटर्न और मूलधन भी देने का भरोसा दिलाया गया।

### कंपनी पर पहले से चल रही थी दिवालियापन की कार्यवाही

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने अप्रैल 2015 में एक शेयर सब्सक्रिप्शन समझौते के तहत 31.9 करोड़ रुपये और सितंबर 2015 में एक पूरक समझौते के तहत 28.53 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। एफआईआर में कहा गया है कि अप्रैल 2016 में पर्सनल गारंटी देने के बावजूद शिल्पा शेट्टी ने सितंबर 2016 में डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। कोठारी को बाद में पता चला कि 2017 में एक अन्य समझौते पर चूक करने के कारण कंपनी के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही चल रही थी। फिलहाल अब इस पूरे मामले की जांच चल रही है।

# चर्च में सिद्धार्थ-जान्हवी के रोमांटिक सीन पर छिड़ा विवाद, ईसाई समुदाय ने दी खुली चेतावनी

सिद्धार्थ-जान्हवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'परम सुंदरी' का ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों द्वारा पसंद किया गया। अब फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए एक सीन को लेकर विवाद छिड़ गया है। इसे फिल्म से हटाने की मांग की जा रही है और ऐसा ना करने पर चेतावनी भी दी गई है। आइए जानते हैं आखिर किस सीन को लेकर और क्यों हो रहा विरोध।



### चर्च के अंदर दिखाए सीन को हटाने की मांग

'परम सुंदरी' फिल्म के ट्रेलर में एक सीन दिखाया गया है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर चर्च में रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इसी सीन को आधार बनाकर ईसाई समुदाय के सदस्यों ने विरोध जताया है। वॉचडॉग फाउंडेशन ने सीबीएफसी, मुंबई पुलिस, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर निर्माताओं को फिल्म और ट्रेलर से इस सीन को हटाने का निर्देश देने को कहा है। शिकायत में कहा गया है कि ज्यादा लोगों को आकर्षित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

### विरोध प्रदर्शन की दी चेतावनी

शिकायत में कहा गया है कि चर्च एक पवित्र स्थल है और इसे अश्लील सामग्री के मंच के रूप में चित्रित नहीं किया जाना चाहिए। ये सीन धार्मिक स्थल की पवित्रता का अनादर करते हैं और ईसाई समुदाय की भावनाओं को आहत करते हैं। शिकायत करते हुए समूह ने चेतावनी दी कि यदि निर्माता फिल्म से सीन को हटाने में विफल रहे तो जनता द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म को दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म ने प्रोड्यूस किया है। 'परम सुंदरी' की इससे पहले दो बार रिलीज डेट आगे बढ़ चुकी है। फिल्म पहले अप्रैल में रिलीज होने वाली थी। फिर इसकी रिलीज डेट 25 जुलाई फाइनल की गई थी, लेकिन बाद में इसे आगे बढ़ाकर 29 अगस्त कर दिया गया है।

# दिन में पी जाते थे 100 सिगरेट 18 फिल्में फ्लॉप होने से हुए थे निराश

## शम्मी कपूर की पुण्यतिथि के मौके पर उनके किस्से

आज शम्मी कपूर की पुण्यतिथि है। उनका पूरा नाम शमशेर राज कपूर था। उन्हें फिल्मों में अपनी अलग स्टाइल के लिए जाना जाता था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1950 के दशक में की थी। वह 1960 के दशक में एक बेहतरीन अभिनेता के तौर पर उभरे। आज उनकी पुण्यतिथि के मौके पर आइए जानते हैं उनके दिलचस्प किस्से।



### परिवार और शुरुआती जिंदगी

शम्मी कपूर का जन्म शमशेर राज कपूर के तौर पर हुआ था। उनके पिता का नाम पृथ्वीराज कपूर और मां का नाम रामसरनी मेहरा कपूर था। शम्मी कपूर के दो भाई थे, राज कपूर और शशि कपूर। दोनों हिंदी सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता थे। मुंबई में पैदा होने के बावजूद शम्मी कपूर ने अपनी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा कोलकाता में बिताया। उनके पिता थिएटर, स्टूडियो और फिल्मों में एक्टिंग के चलते यहीं रहते थे।

### 18 फिल्में हुई थीं असफल

शम्मी कपूर ने साल 1953 में रिलीज हुई फिल्म 'जीवन ज्योति' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उनकी 18 फिल्में असफल रहीं। इससे वह काफी निराश हो गए थे। फिर उन्होंने 1957 में फिल्म 'तुमसा नहीं देखा' में काम किया। इस फिल्म के बाद उन्हें कामयाबी मिलनी शुरू हो गई। उन्होंने लगभग 100 फिल्मों में काम किया। उनकी मशहूर फिल्मों में 'जंगली', 'प्रोफेसर', 'दिल देके देखो', 'चाइना टाउन', 'कश्मीर की कली', 'प्यार किया तो डरना क्या', 'जानवर' और 'सिंगापुर' शामिल हैं।

### पत्नी की याद में नहीं पी शराब

शम्मी कपूर के बारे में एक किस्सा बहुत मशहूर है, वह यह है कि उन्होंने अपनी पत्नी के निधन के बाद हर साल 1 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक कभी शराब नहीं पी। गीता बाली शम्मी कपूर की पहली पत्नी थीं। उनका निधन 21 जनवरी 1965 को हुआ था। उनकी पत्नी 1 जनवरी को बीमार हुईं थीं और 21 जनवरी को उनका निधन हुआ था ऐसे में उन्होंने अपनी जिंदगी में 1 जनवरी से लेकर 21 जनवरी के दरमियान कभी शराब नहीं पी।

### एक दिन में पी जाते थे 100-100 सिगरेट

शम्मी कपूर की दूसरी पत्नी नीला ने एक इंटरव्यू में बताया 'जब शम्मी कपूर सिगरेट पीने पर आते थे तो वह किसी की नहीं सुनते थे। ऐसा वह किसी खास दिन करते थे। सिगरेट पीने की वजह से साल 2003 में उनके फेफड़े खराब हुए।' उनके मुताबिक फेफड़ों को ठीक करने के लिए उन्हें जो दवाएं दी गईं इससे उनके गुर्दे खराब हो गए।

### कश्मीर से था खास लगाव

शम्मी कपूर को कश्मीर से बहुत लगाव था। उनकी कई फिल्मों की शूटिंग कश्मीर में हुई थी। कश्मीर में शूट हुई उनकी फिल्म 'कश्मीर की कली' बहुत मशहूर है। वह कश्मीर के लोगों के बीच बहुत मशहूर थे। निर्देशक राहुल रवैल के मुताबिक वह कश्मीर के लोगों को अक्सर पैसे बांटते थे।

### आज भी गूंजती है 'याहू' की आवाज

शम्मी कपूर को 'याहू' की आवाज के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1961 में रिलीज हुई फिल्म 'जंगली' के गाने 'चाहे कोई मुझे जंगली कहे' के बीच में 'याहू' शब्द का इस्तेमाल किया था। यह आवाज इतनी मशहूर हुई कि यह उनकी पहचान बन गई।

### भारत में आने से पहले चलाया इंटरनेट

शम्मी कपूर को तकनीक से लगाव था। वह नई चीजों को लेकर उत्साहित रहते थे। उन्होंने 1990 के दशक के शुरुआती दौर में इंटरनेट का इस्तेमाल किया था। उस वक्त भारत में इंटरनेट नहीं आया था। शम्मी कपूर ने कपूर परिवार के लिए एक वेबसाइट भी बनाई थी। इस पर कपूर परिवार के बारे में जानकारी थी। यह वेबसाइट आज भी मौजूद है।

### गुर्दे की बीमारी की वजह से हुआ निधन

अभिनेत्री मुमताज ने एक इंटरव्यू में बताया कि शम्मी कपूर के निधन से पहले वह उनसे एक पार्टी में मिली थीं। वह शराब पी रहे थे। जब उन्होंने पूछा कि वह शराब क्यों पी रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनके पास जीने के लिए कुछ ही महीने हैं। कपूर को गुर्दे की बीमारी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। 14 अगस्त 2011 को उनका निधन हो गया। भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर मई 2013 में उनके सम्मान में भारतीय डाक द्वारा उनकी तस्वीर वाला एक डाक टिकट जारी किया गया।

### शम्मी कपूर के कुछ दिलचस्प किस्से

शम्मी कपूर अपने बेबाक अंदाज और जिंदादिली के लिए जाने जाते थे।

वह अपने ऊर्जावान अभिनय और बेहतरीन डांस के लिए जाने जाते थे।

शम्मी कपूर ने मोहम्मद रफी की आवाज को बहुत अहमियत दी।

उन्होंने अभिनेत्री मुमताज को प्रपोज किया था।

# हेमा मालिनी ने 'हर घर तिरंगा' मुहिम को लेकर लोगों से की ये अपील, स्वतंत्रता दिवस की अहमियत बताई

बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने लोगों से गुजारिश की है कि वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'हर घर तिरंगा' मुहिम में हिस्सा लें। हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की अहमियत के बारे में बताया है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को भी याद किया है।

### हेमा मालिनी ने शेयर की वीडियो

हेमा मालिनी को वीडियो में ये कहते हुए सुना जा सकता है 'आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत बधाई। स्वतंत्रता दिवस हम सब के लिए राष्ट्र के प्रति निष्ठा और कर्तव्य के संकल्प को दोहराने का अवसर होता है। साथ ही देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले महान लोगों को नमन करने और उनसे सीख लेने का भी मौका होता है।'



### देश को आगे ले जाने की कही बात

'शोले' अभिनेत्री ने आगे कहा 'स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम सब हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेते हुए राष्ट्रवाद का जश्न मनाएं और भारत को विश्व में सबसे आगे ले जाने के अपने संकल्प को दोहराएं। वंदे मातरम'।

### पांच लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया

'आजादी के अमृत महोत्सव' के तत्वाधान में शुरू किया गया 'हर घर तिरंगा' अभियान अब अपने चौथे संस्करण में है। यह एक जन आंदोलन के रूप में विकसित हो गया है।

संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक इस साल लगभग पांच लाख स्वयंसेवकों ने 13 से 15 अगस्त तक अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

### लोगों में तिरंगे के प्रति जागरूकता बढ़ाना है मकसद

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसी हफ्ते इस मुहिम का आगाज किया। उन्होंने इसे एक अभियान से ज्यादा भावनात्मक आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना, नागरिक गौरव को बढ़ावा देना और तिरंगे के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

# अनुपम खेर ने दोस्त सतीश कौशिक की याद में शुरू की स्कॉलरशिप

अनुपम खेर बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे काबिल अभनेताओं-निर्देशकों में से एक हैं। चार दशक के अपने करियर में उन्होंने 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्हें दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड और आठ फिल्म फेयर अवॉर्ड मिल चुके हैं। हाल ही में उन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए महाराष्ट्र सरकार की तरफ से राज कपूर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### अनुपम खेर को मिले थे 10 लाख रुपये

अनुपम खेर को राज कपूर पुरस्कार के साथ एक ट्रॉफी और 10 लाख रुपये से नवाजा गया। इस धनराशि के माध्यम से उन्होंने अब अपने एक्टिंग स्कूल में सतीश कौशिक छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत उन्होंने गरीब उम्मीदवार को शिक्षा देने का फैसला किया है।

### अनुपम खेर ने स्कॉलरशिप का किया एलान

इंस्टाग्राम पर अनुपम खेर ने एक वीडियो शेयर करते हुए इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने इस पुरस्कार के लिए महाराष्ट्र सरकार का आभार व्यक्त किया। वीडियो में अनुपम खेर ने 'सतीश कौशिक स्कॉलरशिप' का एलान किया है। इस स्कॉलरशिप का मकसद उनके अभिनय संस्थान में पढ़ने वाले गरीब और योग्य उम्मीदवारों की मदद करना है।

अनुपम खेर ने यह भी एलान किया कि उनके दिवंगत मित्र और अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक की मुस्कुराती हुई प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### पोस्ट के कैप्शन में क्या है?

वीडियो शेयर करते हुए अनुपम खेर ने इसके कैप्शन में लिखा 'राज कपूर पुरस्कार के लिए महाराष्ट्र सरकार से मुझे जो धनराशि मिली थी, उससे मुझे अपने एक्टिंग स्कूल के गरीब उम्मीदवार के लिए सतीश कौशिक स्कॉलरशिप का एलान करते हुए खुशी हो रही है। स्टूडियो में सतीश कौशिक की मुस्कुराती हुई एक प्रतिमा भी लगाई जाएगी!'

### दोस्त को याद करते हैं अनुपम खेर

अनुपम खेर अक्सर अपने करीबी दोस्त, दिवंगत सतीश कौशिक के बारे में बात करते रहे हैं। उन्होंने सतीश कौशिक से जुड़े अपनी दोस्ती के कई किस्से साझा किए हैं। सतीश कौशिक का 9 मार्च 2023 को 66 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया था।

# मोहनीश की डूबती नैया को सलमान ने संभाला फिर विलेन बन छा गए अभिनेता, गोविंदा संग हिट हुई जोड़ी

मोहनीश बहल सिनेमाई दुनिया का एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने 90 के दशक में दर्शकों को अपनी अदायगी का कायल बना लिया था। कभी हीरो, कभी विलेन, तो कभी सलमान खान के बड़े भाई का किरदार निभा मोहनीश ने एक्टिंग की दुनिया में काफी नाम कमाया। अभिनेता फिल्मों के अलावा टीवी में भी छाए रहे। आज 14 अगस्त के दिन मोहनीश बहल अपना 64वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास अवसर पर जानते हैं अभिनेता के फिल्मी सफर और यादगार किरदारों के बारे में।



### दिग्गज सितारों के परिवार से ताल्लुक रखते हैं मोहनीश

मोहनीश बहल का जन्म 14 फरवरी 1961 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। एक्टर दिग्गज अभिनेत्री नूतन के बेटे हैं और उनके पिता रजनीश बहल एक जाने-माने लेफ्टिनेंट कमांडर थे। वहीं बॉलीवुड इंडस्ट्री में अभिनेता की चार चचेरी बहनें हैं, काजोल, रानी मुखर्जी, तनीषा और शरबीना मुखर्जी। इसके अलावा आपको बताते चलें कि काजोल की मां तनुजा और मोहनीश की मां रिश्ते में बहन हैं। इतने करीबी रिश्तों के बावजूद अभिनेता को सिनेमा की दुनिया में काफी संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने अपनी खुद की एक अलग पहचान बनाई।

### फिल्मों में एंट्री, हताश होकर छोड़ रहे थे एक्टिंग, फिर...

मोहनीश बहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1983 में 'बेकरार' फिल्म से की थी, जिसमें उन्होंने सपोर्टिंग किरदार निभाया था। इस फिल्म में संजय दत्त मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद उन्होंने कुछ और फिल्मों में काम किया, लेकिन वो फ्लॉप रहीं। इन सबसे परेशान होकर मोहनीश ने फिल्मों से दूरी बनाकर पायलट बनने का मन बनाया, लेकिन तभी बॉलीवुड के भाईजान से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने मोहनीश को अपनी फिल्म 'मैंने प्यार किया' में बतौर विलेन कास्ट करवाया, जिससे उन्हें पहचान मिली। इसके बाद अभिनेता ने कई शानदार हिट फिल्में दीं।

### मोहनीश बहल के दमदार किरदार

अभिनेता ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दीं, जिनमें 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ-साथ हैं' से लेकर 'कहो ना प्यार है' जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में अभिनेता ने विलेन, तो कभी मुख्य भूमिका के अभिनेता के भाई या दोस्त का किरदार निभाया।

### गोविंदा के साथ हिट हुई मोहनीश की जोड़ी

90 के दशक में गोविंदा के साथ मोहनीश बहल ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। गोविंदा की शानदार अदाकारी के बीच मोहनीश की भूमिकाओं को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। इन फिल्मों के नाम हैं, 'दूल्हे राजा', 'शोला और शबनम', 'आग', 'क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता', 'आंटी नं 1', 'वाह तेरा क्या कहना', 'खुल्लम खुल्ला प्यार करें' आदि फिल्में शामिल हैं। ये फिल्में दिखाती हैं कि गोविंदा के साथ मोहनीश की दोस्ती खास थी।

### टेलीविजन करियर फिर फिल्मों से दूरी

फिल्मों के साथ-साथ अभिनेता ने टीवी की दुनिया में काफी नाम कमाया। मोहनीश बहल ने 'संजीवनी- ए मेडिकल बून' धारावाहिक में डॉ. शशांक गुप्ता का किरदार निभाया था, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। इसके बाद उन्होंने 'कुछ तो लोग कहेंगे', 'सावधान इंडिया' और 'संजीवनी 2' जैसे सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर ज्यादा सक्रियता की वजह से अभिनेता फिल्मों से पूरी तरह दूर हो गए।

आखिरी बार अभिनेता को 2019 में 'पानीपत' फिल्म में देखा गया था। मोहनीश ने अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया और उन्हें दो फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया जा चुका है।

## किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया पर निकाली भड़ास, उड़ाया मजाक



सियोल, 14 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच तनातनी से पूरी दुनिया वाकिफ है। दोनों देशों के बीच मतभेद और विवाद काफी गहरे हैं। दोनों ही देशों की ओर से बॉर्डर पर हमेशा कुछ ना कुछ चलता रहता है। कभी उत्तर कोरिया के सैनिक दक्षिण कोरिया में घुस जाते हैं तो कभी दोनों देश बॉर्डर पर बड़े-बड़े लाउडस्पीकर के जरिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रचार करते हैं। इस बीच हाल ही में दक्षिण कोरिया की ओर से कहा गया था कि वह सीमा से लाउडस्पीकर हटा रहा है जिससे उत्तर कोरिया के साथ हालात को सामान्य किया जा सके। इस पूरी कवायद के बीच, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के इस दावे को खारिज कर दिया कि उत्तर कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास से अपने कुछ लाउडस्पीकर हटा लिए हैं।

किम यो जोंग ने सियोल सरकार का मजाक उड़ाते हुए कहा कि वह अब भी युद्ध से विभाजित दोनों देशों के बीच कूटनीतिक बातचीत की उम्मीद लगाए बैठी है। किम के बयान के बारे में पूछे जाने पर दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल ली सुंग जून ने कहा कि सेना ने उत्तर कोरिया के कुछ लाउडस्पीकर हटाने की पुष्टि की है। कर्नल ली ने आग्रह किया है कि राजनीतिक मकसद वाले उत्तर कोरिया के बयानों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

## जर्मनी यूक्रेन को देगा 500 मिलियन डॉलर की मदद

**नाटो के नए सप्लाई रूट से होगी डिलीवरी**

बर्लिन, 14 अगस्त (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में दिन-प्रतिदिन स्थिति और भयावह होती जा रही है। इसी बीच जर्मनी ने घोषणा की कि वह यूक्रेन को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक की सैन्य सहायता देगा। यह मदद नाटो के नए सप्लाई रूट के जरिए पहुंचाई जाएगी और इसमें जर्मनी पश्चिमी देशों के एक समूह के साथ मिलकर काम करेगा। इस घोषणा के बारे में जर्मनी के विदेश और रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह मदद खासतौर पर एयर डिफेंस सिस्टम पर केंद्रित होगी, जो रूस के लगातार हवाई हमलों से यूक्रेन की रक्षा के लिए जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, रूस के हमलों में अब तक 12,000 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों की जान जा चुकी है।

## नेतन्याहू बोले- राष्ट्रपति पद छोड़ें

**इस्राइल ईरान की मदद करेगा; पेजेशकियान ने 'गाजा' का आईना दिखाया**

तेहरान, 14 अगस्त (एजेंसियां)। इस्राइल और ईरान के बीच बीते दिनों परमाणु कार्यक्रम को लेकर संघर्ष देखने को मिला। बात अगर वर्तमान स्थिति की करें तो दोनों देशों के रिश्ते में तल्खियां अभी भी बरकरार है। ऐसे में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस प्रस्ताव का मजाक उड़ाया, जिसमें उन्होंने ईरान के जल संकट को हल करने में मदद की पेशकश की थी। पेजेशकियान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जो शासन गाजा के लोगों को पानी और खाना नहीं देता, वह कहता है कि ईरान को पानी देगा? ये सिर्फ एक मृगतृष्णा है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। तेहरान में हुई कैबिनेट मीटिंग में पेजेशकियान ने कहा कि जो लोग झूठी हमदर्दी दिखा रहे हैं, उन्हें पहले गाजा की स्थिति देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजा के मासूम बच्चे भूख, दवाओं और साफ पानी की कमी से जूझ रहे हैं और यह सब एक क्रूर घेरेबंदी का नतीजा है।

## अमेरिका में फिर चली ताबड़तोड़ गोलियां, दक्षिणी वर्जीनिया में हुई अंधाधुंध गोलीबारी

टेक्सास, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की भयावह घटना हुई है। फर्यारिंग की यह घटना अमेरिका के दक्षिणी वर्जीनिया में हुई है। गोलीबारी की इस घटना में कई कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल हुए हैं। अमेरिका के एक सांसद ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य जॉन मैकगायर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी संवेदनाएं एवं प्रार्थनाएं उन अधिकारियों के साथ हैं जिन्हें पिट्सिल्वेनिया काउंटी में गोली लगी है। घटनास्थल से मिली तस्वीरों में बड़ी संख्या में पुलिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन खड़े दिखाई दे रहे हैं। मैकगायर ने लिखा, ''हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और प्रभावित सभी लोगों के प्रति इस कठिन समय में अपनी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।'' पिट्सिल्वेनिया काउंटी उत्तरी कैरोलाइना के साथ लगती राज्य की दक्षिणी सीमा पर स्थित है। बता दें कि, इससे पहले इसी महीने 12 अगस्त 2025 को अमेरिका में टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में गोलीबारी हुई थी।

यहां एक बंदूकधारी ने 'टारगेट' कंपनी के एक स्टोर के पार्किंग क्षेत्र में गोलीबारी कर 2 वयस्कों और एक बच्चे की हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया था आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद चोरी की एक कार से फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने उसे बाद में पकड़ लिया।

# 15 अगस्त को जहां होगी ट्रंप-पुतिन की बैठक

## उस अलास्का की क्या है कहानी; रूस से अमेरिका के हाथ कैसे आया?

वाशिंगटन, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए तो वे दो चीजों को लेकर भ्रम की स्थिति में दिखे। पहली- यूक्रेन के लिए वे रूस से क्या-क्या मांगें रख सकते हैं। दूसरी- जिस जगह पर उनकी पुतिन के साथ बैठक होनी है, वह अलास्का कहां स्थित है। दरअसल, ट्रंप ने कह दिया कि वे व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को बैठक के लिए रूस में मिलेंगे, जबकि अलास्का बीते करीब 150 वर्षों से अमेरिका का हिस्सा रहा है।

अलास्का को लेकर एक गौर करने वाली बात यह है कि यह राज्य हमेशा से अमेरिका का हिस्सा नहीं था। आज भी यह क्षेत्र अमेरिका के जमीनी क्षेत्र का हिस्सा नहीं है। यानी अमेरिका के 48 सटे हुए राज्यों से अलास्का का कोई भूमिगत संपर्क नहीं रहा है। अमेरिका के बजाय यह क्षेत्र समुद्री सीमा से रूस और जमीनी सीमा से कनाडा से लगा हुआ है। इसके बावजूद रूस से अब इस क्षेत्र का कोई कूटनीतिक या राजनीतिक जुड़ाव नहीं है, जबकि अमेरिका ने अलास्का को रणनीति के लिहाज से अहम बना दिया है।




इतिहासकारों के मुताबिक, अलास्का की राजधानी नोवो-अरखांगेल्स्क आज भी कई ऐसे प्रतीकों को समेटे है, जो इसके इतिहास को लेकर वृहद जानकारी देती है। खासकर यहां बने कैथेड्रल, जो कि सोवियत काल के निर्माण की झलक देते हैं। हालांकि, अलास्का का इतिहास सोवियत काल से भी पुराना है। वैज्ञानिकों की मानें तो साल 1600 तक तो अमेरिकी महाद्वीप और आर्कटिक महासागर में मौजूद यह क्षेत्र पूरी तरह खाली था। हालांकि, इस पर कुछ रियासतों की नजर पड़ने लगी थी। बताया जाता है कि कुछ स्वतंत्र अभियानों के बाद पहली बार इस द्वीप पर रूसी बसावट पहली बार 1648 के करीब आई। अलास्का पर रूस के बाद स्पेन की भी निगाहें पड़ीं और साल 1774 से 1800 के बीच स्पैनिश शासकों ने कई अभियान भेजे। तब स्पेन का मकसद अलास्का से सटे प्रशांत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र पर दावा करने का था। लेकिन इसके बावजूद अलास्का की मुख्य भूमि लगातार सोवियत कब्जे में बनी रही।

चौंकाने वाली बात यह है कि उस दौर में जहां अधिकतर देशों पर औपनिवेशिक ताकतें सेना और हथियार भेजकर कब्जा करती थीं, वहीं रूस ने इस क्षेत्र पर कब्जा 'फर' के जरिए किया। 18वीं सदी के मध्य में कारोबारियों ने साइबेरिया के पूर्व में अपना दायरा बढ़ाया और समुद्र में पाए जाने वाले समुद्री ऊदबिलाव की खाल के जरिए ठंडे माहौल से निपटने लायक कपड़ों का उत्पादन शुरू किया। अलास्का पर रूस की बढ़ती पहुंच और कारोबार इस स्तर पर पहुंच गया था कि 1780 आते-आते रूस की महारानी कैथरीन द ग्रेट ने एक रूसी-अमेरिकी कंपनी के गठन का आदेश दे दिया। इस कंपनी ने अलास्का के व्यापार और यहां के शासन पर बिल्कुल उसी तरह कब्जा किया, जैसे ब्रिटेन ने ईस्ट इंडिया कंपनी के जरिए भारत और अन्य देशों पर किया था।

18वीं सदी का अंत आते-आते समुद्री व्यापारी एलेक्जेंडर बारानोव ने अलास्का में रूस का वर्चस्व और बढ़ा दिया। बारानोव ने इस क्षेत्र में न सिर्फ रूस से लाकर अपने कारीगरों और मजदूरों को बसाया, बल्कि यहां छिटपुट आबादी वाले तिलिंगित समुदाय के विरोध को भी दबा दिया। अलास्का में रूसी नागरिकों की बढ़ती आबादी की वजह से यहां कुछ साल में ही ऑर्थोडॉक्स ईसाई पादरियों को बसाया गया। देखते ही देखते अलास्का के दूरदराज के इलाकों में भी गिरजाघर और अभियान केंद्र बन गए। इसी दौर में रूस ने नया आर्कएंजेल शहर बसाया, जिसे अब सिटका के नाम से भी जाना जाता है।

## न्यू मैक्सिको के ग्रामीण इलाकों में आपातकाल लागू

**अपराध-नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए फैसला**



कोलोराडो, 14 अगस्त (एजेंसियां)। न्यू मैक्सिको के गवर्नर ने अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी पर नकेल कसने के लिए कड़ा कदम उठाया है। गवर्नर ने अमेरिका के प्यूब्लो समुदायों सहित उत्तरी न्यू मैक्सिको के एक हिस्से में आपातकाल घोषित कर दिया है। रियो अरिबा काउंटी में गवर्नर मिशेल लुजान ग्रिशम के आपातकाल की घोषणा के बाद स्थानीय सरकारों और जनजातीय अधिकारियों ने हिंसक अपराध के साथ-साथ अवैध ड्रग्स से जुड़े अन्य अपराधों के खिलाफ सुदृढीकरण की मांग की और इसके लिए 750,000 अमेरिकी डॉलर उपलब्ध हो गए हैं।

लुजान ग्रिशम ने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी से बेघर होने, पारिवारिक अस्थिरता और घातक नशीली दवाओं की अधिक खुराक लेने की घटनाएं बढ़ी हैं। इससे स्थानीय सरकारों और पुलिस विभागों पर अत्यधिक दबाव पड़ा है। रियो अरिबा काउंटी क्षेत्र सांता फे से 40 किमी उत्तर में स्थित एस्पानोला शहर से लेकर कोलोराडो राज्य की सीमा तक फैला हुआ है। यहां लंबे समय से ओपिओइड के उपयोग और नशीली दवाओं के अधिक मात्रा में सेवन से होने वाली मृत्यु दर अधिक है। यहां अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बेघर लोगों के लिए शिविर बनाए गए हैं।

इससे पहले अप्रैल में लुजान ग्रिशम ने न्यू मैक्सिको के सबसे बड़े शहर अल्बुकर्क में आपातकाल की स्थिति घोषित करते हुए कहा था कि अल्बुकर्क में अपराध में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण न्यू मैक्सिको नेशनल गार्ड की मदद की आवश्यकता है। हालांकि रियो अरिबा काउंटी में तत्काल सैन्य तैनाती के लिए कोई आह्वान नहीं किया गया है। जबकि नई आपातकालीन घोषणा के तहत अधिकारियों को नेशनल गार्ड को बुलाने की अनुमति दी गई है।

## जो बाइडेन के बेटे हंटर ने कही ऐसी बात कि ट्रंप की पत्नी हो गईं 'लाल', दे डाली धमकी



वाशिंगटन, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के बीच सियासी घमासान छिड़ गया है। दोनों ओर से आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच मेलानिया ट्रंप ने हंटर बाइडेन को चेतावनी दी है। मेलानिया ने हंटर से उस बयान को वापस लेने की मांग की है जिसमें उन्होंने यौन शोषण एवं तस्करी के दोषी जेफ्री एपस्टीन से उनका नाम जोड़ा था। मेलानिया ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर हंटर अपनी टिप्पणी वापस नहीं लेंगे तो वह उन पर मुकदमा करेंगी। मेलानिया को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे की इस महीने ब्रिटिश पत्रकार एंड्रयू कैलाघन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान की गई दो टिप्पणियों पर आपत्ति है। हंटर बाइडेन ने आरोप लगाया था कि मेलानिया का (राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप से परिचय एपस्टीन ने कराया था। मेलानिया ट्रंप के वकील अलेजांद्रो ब्रिटो ने हंटर बाइडेन को लिखे एक पत्र में कहा, ''ये बयान झूठे, मानहानिकारक और 'बेहद अश्लील' हैं।'' पत्र में कहा गया है कि हंटर बाइडेन की ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं और दुनिया भर के मीडिया संगठनों ने इसे प्रकाशित किया, जिससे प्रथम महिला को 'अत्यधिक वित्तीय नुकसान हुआ और उनकी साख भी धूमिल हुई है।' यह पत्र छह अगस्त को लिखा गया था और इसे पहले बार बुधवार को 'फॉक्स न्यूज डिजिटल' ने इसे प्रकाशित किया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया लंबे समय से कहते रहे हैं कि उनका परिचय 1998 में न्यूयॉर्क फैशन वीक की एक पार्टी में मॉडलिंग एजेंट पाओलो जाम्पोली ने कराया था।

## आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में अमेरिका पर सीधा निशाना लिखा- लोकतंत्र के नाम पर फैला रहा तानाशाही और आतंकवाद

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। वाशिंगटन भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों चल रहा टैरिफ विवाद किसी से छिपा नहीं है। इसको लेकर सबकी अपनी-अपनी राय है। कोई ट्रंप के इस फैसले को तानाशाही तो कोई इसे गलत बता रहा है। इस बीच पूरे मामले पर अब आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में अमेरिका पर निशाना साधा गया है। इस आर्टिकल में लिखा कि डोनाल्ड ट्रंप लोकतंत्र के नाम पर तानाशाही और आतंकवाद फैला रहे हैं।

ऑर्गेनाइजर में अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा गया कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मसीहा होने का दिखावा करते हुए अमेरिका विश्व में आतंकवाद और तानाशाही को बढ़ावा दे रहा है। व्यापार युद्ध और टैरिफ



संप्रभुता में हस्तक्षेप और उसे कमजोर करने के नए हथियार बन गए हैं।

ऑर्गेनाइजर ने नव-औपनिवेशिकों और उनके स्वार्थी घरेलू एजेंटों द्वारा भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को दबाने की सुनियोजित कोशिश की आलोचना की। संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान अप्रासंगिक और अक्षम साबित हो रहे हैं। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए भारत के भीतर कुछ लोग नव-औपनिवेशकों के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं।

अपने संपादकीय में कहा गया है कि लोकतंत्र और आजादी के मसीहा होने का मुखौटा पहनकर अमेरिका दुनिया में आतंकवाद और तानाशाही को बढ़ावा दे रहा है। ऑर्गानाइजर के मुताबिक, व्यापार युद्ध और टैरिफ जैसे हथियार अब संप्रभु देशों की स्वतंत्रता में दखल देने और उन्हें कमजोर करने के नए औजार बन चुके हैं। संपादकीय में संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को अप्रासंगिक और अक्षम करार दिया गया।

ऑर्गेनाइजर ने कहा कि भारत के भीतर भी कुछ राजनीतिक खिलाड़ी नव-औपनिवेशिकों के एजेंट बनकर देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। संपादकीय में कहा गया कि आर्थिक अनिश्चितता, सैन्य टकराव, तकनीकी एकाधिकार और पर्यावरणीय संकट से जूझ रही दुनिया अब भारत की ओर उम्मीद से देख रही है। इसके लिए भारतीय मूल्यों पर आधारित सतत, न्यायपूर्ण और समावेशी मॉडल को ही समाधान बताया गया है। ऑर्गेनाइजर का कहना है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जिस व्यवस्था को उदारवादी विश्व व्यवस्था की स्थायी जीत समझा गया था अब वो टूट रही है। दुनिया एक बार फिर अस्थिरता, संघर्ष और अराजकता की ओर बढ़ रही है। ऑर्गेनाइजर ने कहा है कि एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था पतन की ओर है, जिसमें संघर्ष, प्रतिबंध और संस्थागत गिरावट आई है।

संघ के मुखपत्र में कहा गया है कि वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत को वैश्विक शांति की कुंजी बताते हुए, आरएसएस मुखपत्र ने स्वधर्म, स्वदेशी और स्वराज की भावना को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया है।

## भारत के ब्रह्मोस और एस-400 से दहल गया शहबाज-मुनीर का कलेजा

**इंडियन एयरफोर्स के कहर से बचने के लिए बनाई नई फोर्स**

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के ब्रह्मोस मिसाइल और एस-400 डिफेंस सिस्टम की ताकत का खौफ पाकिस्तानी सेना के मन में इस कदर घर कर गया है कि अब वह नया रॉकेट फोर्स बनाने जा रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में इस नए फोर्स का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ये फोर्स आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस होगी। शहबाज शरीफ ने भारत का नाम तो नहीं लिया, लेकिन एक सीनियर सिक्योरिटी अफसर ने साफ किया कि ये फोर्स खास तौर पर भारत के खिलाफ जंग की तैयारियों के लिए बनाई जा रही है। इस अफसर ने बताया कि आर्मी रॉकेट फोर्स का अपना अलग कमांड होगा, जो मिसाइलों के इस्तेमाल और तैनाती का जिम्मा संभालेगा। पाकिस्तान का ये कदम भारत की बढ़ती मिलिट्री पावर और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल और एस-400 डिफेंस सिस्टम के जवाब में देखा जा रहा है।

सिक्योरिटी अफसर के मुताबिक, ये फोर्स खास तौर पर पारंपरिक जंग में मिसाइलों को संभालने के लिए होगी। इसका मकसद भारत की बढ़ती फौजी ताकत का मुकाबला करना है। पाकिस्तान का मानना है कि भारत के पास मौजूद ब्रह्मोस जैसी तेज रफ्तार मिसाइलें और एस-400 जैसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम उसकी फौजी रणनीति के लिए बड़ा खतरा हैं।

## राष्ट्रपति रामाफोसा ने पीएम मोदी को दिया न्योता


**जल निवेश परिषद पर होगी वैश्विक नेताओं की बैठक**

केप टाउन, 14 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य शीर्ष विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए जल निवेश पर एक नई वैश्विक पहल की शुरुआत की है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और अन्य विश्व नेताओं को जल निवेश पर वैश्विक दृष्टिकोण परिषद के परिषद सदस्य के रूप में आमंत्रित किया, जो सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करने के लिए जी-20 की एक पहल है।



रामाफोसा ने केप टाउन में अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल निवेश अब जलवायु और वित्तीय चर्चाओं में उपेक्षित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे केंद्र में लाना होगा। यह पहल जी20 के तहत शुरू किए गए ग्लोबल आउटलुक काउंसिल ऑन वाटर इन्वेस्टमेंट्स का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सभी के लिए सुरक्षित जल सुनिश्चित करना है। रामाफोसा ने केप टाउन में अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह परिषद अफ्रीका वाटर इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम को वैश्विक स्तर पर विस्तार देगी। उन्होंने कहा, "जल निवेश को न सिर्फ प्राथमिकता दी जाए, बल्कि इसे ट्रैक किया जाए और वित्तपोषित किया जाए।" इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य जी20, संयुक्त राष्ट्र, बहुपक्षीय विकास बैंकों और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर जल निवेश की प्रगति को ट्रैक करना और वार्षिक रिपोर्ट जारी करना है। रामाफोसा ने परिषद के सदस्यों में पीएम मोदी के साथ ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबाउम, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नाम घोषित किए। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और अफ्रीकी देशों के कई नेता भी इसमें शामिल हैं।

## चांद के 'बिस्तर' पर गर्लफ्रेंड संग संबंध बनाना चाहता था शख्स, नासा से चुराया 184 करोड़ का पत्थर



वाशिंगटन, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में एक शख्स ने अपनी गर्लफ्रेंड को चांद पर ले जाने के लिए करीब 184 करोड़ की चोरी कर डाली। बॉलीवुड में भले ही चांद पर ले जाने की बात सिर्फ गानों तक सीमित रहते हों, लेकिन इस शख्स ने चांद पर अपनी प्रेमिका के साथ संबंध बनाने का सपना देखा और उसे पूरा करने के लिए ऐसी चोरी की, जिसकी चर्चा अब दुनियाभर में हो रही है। अमेरिका के इस शख्स का नाम थाड रॉबर्ट है, जो नासा का पूर्व इंटर्न है। एफबीआई के मुताबिक थाड रॉबर्ट ने साल 2002 में अमेरिका के एक स्पेस सेंटर से अपोलो मिशन के दौरान चांद की सतह से लाए गए 17 पाउंड (करीब 7.7 किलो) पत्थर और उल्कापिंड को चुराने का प्लान बनाया। इसमें उसकी प्रेमिका और दोस्तों ने भी मदद की। इसकी कीमत करीब 21 मिलियन डॉलर यानि कि करीब 184 करोड़ रुपये थी। एफबीआई के अनुसार चोरों ने हदें पार कर दीं। उन्होंने सुरक्षा कैमरों में फेरबदल किया, नियोप्रीन बॉडीसूट पहने और यहां तक कि असली नासा बैज भी हासिल कर लिए थे। रॉबर्ट ने उस चुराए हुए पत्थरों को अपने बिस्तर पर चादर के नीचे बिछा दिया और उसी पर गर्लफ्रेंड के साथ संबंध बनाए। रॉबर्ट के अनुसार उसके लिए ऐसा करना बिल्कुल भी सामान्य नहीं था, लेकिन वह अपनी प्रेमिका को चांद के खास पलों का अहसास दिलाना चाहता था। थाड रॉबर्ट जब 24 साल के थे तो उन्हें नासा में इंटर्नशिप मिली। यहां उनकी मुलाकात टिफनी फाउलर से हुई और धीरे-धीरे वे एक-दूसरे को डेट करने लगे। कुछ हफ्तों बाद दोनों साथ रहने लगे। रॉबर्ट ने चांद के पत्थरों की चोरी का आइडिया अपनी गर्लफ्रेंड को बताया, जिसके बाद दोनों ने मिलकर नासा के ही एक और इंटर्न को इस क्राइम में शामिल किया। रॉबर्ट ने साल 2012 में अमेरिकी न्यूज चैनल सीबीएस को बताया कि उसने यह चोरी अपने प्यार के लिए किया। उन्होंने कहा, मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मैं प्यार पाना चाहता था। मैं चाहता था कि किसी को पता चले कि मैं उनकी कितनी परवाह करता था। यह हमारे के लिए एक प्रतीक था कि हम चांद पर संबंध बना रहे हैं।

इससे पहले किसी ने चांद पर ऐसा नहीं किया था। एफबीआई ने खुलासा किया कि थाड रॉबर्ट की उस पत्थर को बेचने के लिए, बेल्जियम के एक खरीदार के संपर्क में था। बेल्जियम का वह शख्स उस पत्थर के लिए 1,000 से 5,000 डॉलर प्रति ग्राम तक देने को तैयार था। जब खरीदार को शक हुआ तो उसने एफबीआई से संपर्क किया। इसके बाद सीक्रेट मिशन के तहत सभी आरोपियों को पकड़ा गया। रॉबर्ट ने 2002 में चांद के पत्थर को चुराने की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसे आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई।

## ताइवान बच्चा पैदा करने के लिए कम से कम 6 लाख देगा, यह चीन से 5 गुना ज्यादा

ताइपे, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जन्मदर में लगातार हो रही गिरावट की वजह से ताइवान की सरकार ने सब्सिडी बढ़ाने का फैसला किया है। इसके तहत ताइवान में अब बच्चे पैदा करने पर करीब 6 लाख (6700 डॉलर) दिए जाएंगे। सरकार ने इसका ऐलान किया है। जल्द ही इसे कैबिनेट से मंजूरी देकर अमल में लाने की तैयारी है। मीडिया के मुताबिक सरकार ने आईवीएफ के सहारे बच्चा पैदा करने वाले लोगों की सब्सिडी बढ़ाने का फैसला किया है।

पहले सरकार की तरफ से बच्चा पैदा करने के लिए करीब 3330 डॉलर दिए जाते थे, जिसे अब 6700 डॉलर करने की तैयारी है। ताइवान एनपीए के महानिदेशक शेन चिंग-फेन ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रस्तावित वृद्धि के तहत दूसरे से छठे उपचार के लिए सब्सिडी को पहले चक्र के स्तर तक लाया जाएगा। ताइवान में अधिकांश रोगियों को कम से कम 2 चक्र पूरा करना होता है। यानी अब बच्चे पैदा करने के लिए यहां पर मिनिमम 6700 डॉलर दिए जाएंगे।

चीन की सरकार ने जनसंख्या बढ़ाने के लिए हाल ही में एक फैसला किया था। इसके मुताबिक हर चीनी को बच्चा पैदा करने के लिए 1.30 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। चीन की सरकार का कहना था कि यह महंगाई को देखकर फैसला किया गया है। चीन 2020 से ही प्रजनन दर को बढ़ाने में जुटा है। सालों तक चीन में एक बच्चा पैदा करने का प्रावधान था, जिसे सरकार ने हटा लिया। चीन को डर है कि 2050 तक अगर जनसंख्या में बढ़ोतरी नहीं होती है तो उसके यहां युवाओं की कमी हो जाएगी।



# उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 57 अंक चढ़ा, निफ्टी 24600 के पार



नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों ने प्रतीक्षा और देखो की नीति अपनाई। गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता रही। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 57.75 अंक या 0.07 प्रतिशत उछलकर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 211.27 अंक या 0.26 प्रतिशत बढ़कर 80,751.18 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 11.95 अंक या 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,631.30 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन प्रमुख लाभ में रहे।

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

## सोना 126 रुपए गिरकर 99,971 प्रति 10 ग्राम पर आया चांदी 1.15 लाख किलो बिक रही



नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 14 अगस्त को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,00,097 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं चांदी की कीमत आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी।

# थोक महंगाई 2 साल के निचले स्तर पर

## जुलाई में ये माइनस 0.58% पर आई, खाने-पीने के सामान की कीमतों में कमी आई

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जुलाई महीने में थोक महंगाई घटकर माइनस 0.58% पर आ गई है। ये इसका 2 साल कर निचला स्तर है। इससे पहले जून 2023 में ये माइनस 4.12% पर आ गई थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई कम हुई है। इससे पहले जून में ये माइनस 0.13% पर आ गई थी। वहीं मई 2025 में ये 0.39% और अप्रैल 2025 में 0.85% पर थी।



**रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईं**

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 3.38% से घटकर माइनस 4.95% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 0.26% से घटकर माइनस 2.15% हो गई।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.65% से बढ़कर माइनस 2.43% रही।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.97% से बढ़कर 2.05% रही।

**होलसेल महंगाई के तीन हिस्से**

प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।

**फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां**

**नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं**

मिनरल्स

क्रूड पेट्रोलियम

**रिटेल महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर आई**

जुलाई में रिटेल महंगाई घटकर 1.55% पर आ गई है। ये 8 साल 1 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले जून 2017 में ये 1.54% रही थी। वहीं जून 2025 में रिटेल महंगाई 2.10% रही थी। जबकि मई 2025 में 2.82% और अप्रैल 2025 में ये 3.16% पर थी। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डब्ल्यूपीआई को कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है।

# सूखा प्रबंधन पर आईसीएआर-सीआरआईडीए में संगोष्ठी



हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सूखारक्षक पर एक दिवसीय परामर्श कार्यशाला भारत में सूखा प्रबंधन हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अंतर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान द्वारा केंद्रीय शुष्कभूमि कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में आयोजित किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य सुखारक्षक एआई को प्रमुख हितधारकों तक पहुंचाना, उपयोगकर्ताओं और निर्णयकर्ताओं से फीडबैक एकत्र करना, तथा क्षेत्र-स्तरीय तैनाती और स्केलिंग के लिए रणनीतियों का सह-डिजाइन करना।

इस कार्यक्रम में भारत और बांग्लादेश के देश प्रतिनिधि/वरिष्ठ फेलो, आईडब्ल्यूएमआई, डॉ. आलोक सिक्का, प्रमुख शोधकर्ता और अनुसंधान समूह के प्रमुख-जलवायु लचीलेपन के लिए जल डेटा, आईडब्ल्यूएमआई, डॉ. गिरिराज अमरनाथ, निदेशक, आईसीएआर-क्रीडा, डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रमुख प्रभागीय संसाधन प्रबंधन (डीआरएम), आईसीएआर-क्रीडा, डॉ. केवी राव और राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण (एनआरएए), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तकनीकी विशेषज्ञ, डॉ. सुसामा सुधीश्री, कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के कृषि विस्तार अधिकारी , राज्य सरकार के अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, शोधकर्ता और कृषि विशेषज्ञ, सीआरआईडीए के वैज्ञानिक शामिल हुए।

डॉ. के.वी. राव ने गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा जल की कमी को दूर करने की आवश्यकता और सूखे की निगरानी में एआई एकीकरण के महत्व पर जोर दिया। डॉ. गिरिराज अमरनाथ ने प्रमुख चुनौतियों, समग्र सूखा प्रबंधन की आवश्यकता तथा गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों और सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. वी.के. सिंह ने सुखरक्षक -एआई की विशेषताओं, भाषा की सुगमता और आकस्मिक योजनाओं के साथ एकीकरण क्षमता का प्रदर्शन किया तथा आगे और उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया।

सुसामा सुधिश्री ने भारत के 51% वर्षा आधारित कृषि क्षेत्र के प्रबंधन की महत्ता पर बल दिया तथा इस उपकरण को 12 राज्यों में विस्तारित करने तथा इसे कृषि डीएसएस के साथ एकीकृत करने के अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. आलोक सिक्का ने कार्यान्वयन योग्य, एआई-संचालित सलाह के महत्व पर बल दिया, प्रतिनिधियों से सुधार के लिए ईमानदार प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया, तथा राष्ट्रीय स्तर पर इसे लागू करने से पहले सत्यापन और विस्तार का आह्वान किया। बाद में (1)स्थानीय प्रासंगिकता और सलाहकार डिजाइन (2) डिलीवरी चैनल और अंतिम-मील कनेक्टिविटी (3) डेटा, पूर्वानुमान एकीकरण, और ट्रस्ट (4) संस्थागत एकीकरण और परिचालन (5) स्केलिंग और स्थिरता पर समूह चर्चा आयोजित की गई। इसमें विभिन्न संस्थानों के कुल 60 प्रतिभागियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के कृषि विस्तार अधिकारी, राज्य सरकार के अधिकारी, गैर सरकारी संगठन, शोधकर्ता और कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए।

# ईपीएफओ ने बदल दिया नियम

## अब डेथ क्लेम सेटलमेंट हो गया बिल्कुल आसान, इस पेपरवर्क से मिला छुटकारा

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। यह खबर ईपीएफओ या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सात करोड़ से भी ज्यादा सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण है। ईपीएफओ ने इनके हित में एक बड़ा फैसला लिया है। यह फैसला उन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है जिनके सदस्य की मृत्यु हो गई है। अब ईपीएफओ ने मृत्यु दावों के निपटान की प्रक्रिया को पहले से ज्यादा आसान बना दिया है। ईपीएफओ के एक नए सर्कुलर के मुताबिक अब मृतक सदस्य के नाबालिग बच्चों के बैंक खाते में सीधे पैसे जमा किए जाएंगे। इसके लिए अभिभावक प्रमाण पत्र की भी जरूरत नहीं होगी। अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उनके परिवार को पीएफ, पेंशन या बीमा के पैसे निकालने में बहुत परेशानी होती थी। उन्हें न्यायालय से अभिभावक प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता था। इन सब कागजात को जमा करने में कई महीने लग जाते थे। इससे परिवारों को आर्थिक परेशानी तो होती ही थी, दोड़-धूप भी खूब करना होता है। ईपीएफओ ने इस बारे में 13 अगस्त 2025 को एक सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा गया है, इस प्रक्रिया को आसान बनाने और नाबालिग बच्चों को जल्दी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए, यह निर्देश दिया जाता है कि यदि नाबालिग बच्चों के बैंक खातों में भुगतान किया जा रहा है तो किसी अलग अभिभावक प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| गृह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
| --- | --- | --- |
| सूर्य | कर्क | 03-58 बजे |
| चन्द्र | मेष | 06-10 बजे |
| मंगल | कन्या | 08-17 बजे |
| बुध | कर्क | 10-22 बजे |
| गुरु | मिथुन | 12-32 बजे |
| शुक्र | मिथुन | 14-45 बजे |
| शनि | मीन | 16-52 बजे |
| राहु | कुंभ | 18-42 बजे |
| केतु | सिंह | 20-20 बजे |
| | | 21-57 बजे |
| | | 23-45 बजे |
| | | 01-45 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- **2082**
शक संवत् **-1947**, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् **-2551**
कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426874**
कलियुग संवत् **-5126** वर्ष,
कल्पारंभ संवत् **-1972949126**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885126**
दिशाशूल- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- सप्तमी **23-50** तक उपरान्त अष्टमी
मास- भाद्रपद कृष्ण , शुक्रवार **15 August**
नक्षत्र- अश्विनी **07-35** तक उपरान्त भरणी
योग - गण्ड **10-16** तक वृद्धि
करण- विष्टी(भद्रा) **12-58** तक उप बव
विशेष:- श्री कृष्ण जन्माष्टमी स्मार्थ
व्रत -त्योहार स्वतंत्रता दिवस ७९ वा

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 10-45 से 12-20 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
| --- | --- |
| चंचल 06-01 - 07-35 शुभ | रोग 18-40 - 20-06 शुभ |
| लाभ 07-35 - 09-10 शुभ | काल 20-06 - 21-31 शुभ |
| अमृत 09-10 - 10-45 शुभ | लाभ 21-31 - 22-56 अशुभ |
| काल 10-45 - 12-20 अशुभ | उत्पात22-56 - 00-21 अशुभ |
| शुभ 12-20 - 13-55 शुभ | शुभ 00-21 - 01-46 शुभ |
| रोग 13-55 - 15-31 अशुभ | अमृत 01-46 - 03-10 अशुभ |
| उत्पात15-31 - 17-06 अशुभ | चंचल 03-10 - 04-35 शुभ |
| चंचल 17-06 - 18-40 शुभ | रोग 04-35 - 06-01 शुभ |

# विचारों को निर्मल और सुंदर बनाना ही ईश्वर की सर्वोपरि पूजा

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर ने कहा कि विचार व्यक्ति के शत्रु भी है और दुश्मन भी। जहाँ अच्छे विचार जीवन में स्वर्ग के द्वार खोलते हैं वहीं बुरे विचार जीवन को नरक की आग में झोंक देते हैं। विचारधारा को निर्मल, पवित्र और सुंदर बना लेना ही ईश्वर की सर्वोपरि पूजा और भक्ति है। अगर सासू की विचारधारा अच्छी है तो वह सात जन्मों तक वही बहू घर में लाना चाहेगी नहीं तो घर आई बहू को भी अलग करने की सोचेगी। उन्होंने कहा कि अच्छी विचारधारा बेहतरीन रिश्तों का आधार है, महान व्यक्तित्व की नींव है, मानसिक शांति और आनंद पाने का पहला सूत्र है। अगर व्यक्ति की विचारधारा निर्मल और पवित्र हो जाए तो उसे फिर मंदिर और तीर्थों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि भगवान का निवास बैकुण्ठ में नहीं बेहतरीन विचारधारा में हुआ करता है। वे गुरुवार को यहाँ एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित मन की नेगेटिविटी को पॉजिटिविटी में कैसे बदलें विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विचारों से शब्द का, शब्दों से वाणी का, वाणी से व्यवहार का और व्यवहार से आदतों का निर्माण होता है। अगर हमें श्रेष्ठ व्यवहार और प्रभावशाली वाणी का मालिक बनना है तो पहले विचारों को श्रेष्ठ और प्रभावशाली बनाना होगा। केवल प्रवचन सुनने या किताबें पढ़ लने भर से कुछ न होगा। विचारों को निर्मल बनाने के लिए हमें संकल्प लेना होगा और जीवन के प्रति जागरूक बनना होगा।

जीवन को मूल्यवान समझें-विचारों को स्वस्थ सुंदर बनाने का पहला गुर देते हुए संतश्री ने कहा कि जीवन परम मूल्यवान है। जीवन के आगे दुनिया भर की संपदाएं तुच्छ एवं नगण्य है। जमीन-जायदाद, बीबी-बच्चों का मूल्य है, पर तभी तक है जब तक हम स्वयं है। अगर जीवन ही न रहा तो करोड़ों भी कौड़ी के हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भगवान गरीब घर में पैदा तो करता है, पर किसी को भी गरीब बनाकर नहीं भेजता। केवल आँखों और किड़नियों की कीमत लाखों में है। कठिन परिस्थितियों को देखकर हताश-निराश होने और आत्महत्या करने की बात वही सोचता है जिसे अपना मोल मालूम नहीं है। जिस दिन हम अपने आप को महत्व देना और अपना मूल्य आंकना शुरू कर देंगे उसी दिन तन-मन और जीवन को धन्य करना शुरू कर देंगे। बुरा मत सोचो का मंत्र अपनाएं-दूसरे गुर में उन्होंने कहा कि जहाँ अच्छी सोच अमृत है वहीं बुरी सोच जहर है। बुरी सोच से दूसरों का बुरा बाद में होगा, पर अपना तो पहले ही बुरा हो जाएगा। गाँधीजी ने व्यक्ति को तीन बंदर दिए-बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत बोलो, पर ये तीनो बंदर तभी सार्थक होंगे जब व्यक्ति चन्द्रप्रभ का चैथा बंदर बुरा मत सोचो को अपनाएगा। जो बुरा नहीं सोचता वह न तो बुरा देखेगा, न बुरा सुनेगा और न ही कभी बुरा बोल पाएगा। गड़बड़ की शुरुआत व्यक्ति की सोच से होती है। उन्होंने अच्छी सोच के लिए औरों की खूबियों पर गौर करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जो औरों की कमियाँ देखता है वह कमीना होता है, पर जो दूसरों की खूबियाँ देखता है वह खूबसूरत बन जाता है। जैसी होगी मति वैसी होगी गति-तीसरे गुर में संतश्री ने कहा कि मरने के बाद व्यक्ति की वही गति होती है जैसी उसकी मति होती है। व्यक्ति गति को सुधारने के लिए मति को पहले ठीक करे।

व्यक्ति कीचड़ में पैदा होता है, उसी में जीता है और एक दिन कीचड़ में ही मर जाता है। वे लोग देवतुल्य हैं जो पैदा तो कीचड़ में होते हैं, पर निर्लिप्त जीवन जीते हुए एक दिन कमल के फूल बन जाते हैं।

सार्थक सोचें, सुंदर सोचें-अंतिम गुर देते हुए संतप्रवर ने कहा कि जब भी सोचें सार्थक और सुंदर सोचें। भीतर में अच्छे विचारों के बीच बोते रहें ताकि बेहतर परिणाम वाली फसल उगकर आ सके। औरों के विचार और शब्दों को पानी की तरह छानकर उपयोग में लें।

# सुपरटेक रियल्टर्स के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया का रास्ता साफ

## एनसीएलटी का आदेश रखा गया बरकरार

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सुपरटेक रियल्टर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही का रास्ता साफ किया। सुपरटेक कंपनी नोएडा स्थित सुपरनोवा प्रोजेक्ट की डेवलपर है, जिसमें आवासीय अपार्टमेंट, ऑफिस, रिटेल स्पेस और एक लग्जरी होटल शामिल हैं।

एनसीएलटी की दिल्ली पीठ ने अपने पिछले आदेश को बरकरार रखा है। इसमें 12 जून 2024 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र की याचिका पर कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का निर्देश दिया गया था। बैंक ने कंपनी पर डिफॉल्ट का आरोप लगाते हुए यह याचिका दायर की थी। दो सदस्यीय एनसीएलटी पीठ ने कहा कि कंपनी के प्रमोटर राम किशोर अरोड़ा द्वारा पेश किया गया संशोधित निपटान प्रस्ताव बैंकों के कंसोर्टियम ने स्वीकार नहीं किया है। दो सदस्यीय एनसीएलएटी पीठ ने कहा कि कंपनी के प्रमोटर राम किशोर अरोड़ा का संशोधित निपटान प्रस्ताव बैंकों के समूह ने स्वीकार नहीं किया। ट्रिब्यूनल ने अंतरिम रेजॉल्यूशन प्रोफेशनल को क्रेडिटर्स की कमिटी बनाने और सीआईआरपी आगे बढ़ाने की अनुमति भी दे दी। अरोड़ा ने पहले 75% भुगतान का प्रस्ताव रखा था और बाद में परमेश कंस्ट्रक्शन कंपनी को को-डेवलपर बनाकर संशोधित ओटीएस पेश किया था, लेकिन बैंकों के समूह ने इसे भी खारिज कर दिया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बताया कि सभी कंसोर्टियम बैंकों का बकाया 990 करोड़ रुपये से अधिक है।

# मिधानि में हिंदी कार्यशाला संपन्न

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में 13 अगस्त को हिंदी कार्यशालाओं की श्रृंखला में चौथी मासिक एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला संपन्न हुई। यह हिंदी कार्यशाला मिधानि की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई।

प्रारंभ में उद्यम के प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार) ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कार्यालय के दैनिक कार्यों में हिंदी के उपयोग में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने, सरल और व्यावहारिक तरीकों पर विचार-विमर्श करने तथा उपयोगकर्ताओं की झिझक समाप्त करने के उद्देश्य से हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

इन कार्यक्रमों में मानक हिंदी लिपि, व्यावहारिक व्याकरण, प्रशासनिक और तकनीकी शब्दावली का प्रयोग, व्यावहारिक अनुवाद, आलेखन एवं टिप्पण, राजभाषा नीति जैसे महत्वपूर्ण विषय सम्मिलित हों।



राजभाषा नीति और उसमें कर्मचारियों की भूमिका, विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने राजभाषा नीति से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राजभाषा नियम, 1976 की जानकारी प्रदान की। प्रथम सत्र में डॉ. एस. रवि चंद्र, सहायक निदेशक ने भाषा–संप्रेषण का प्रभावशाली साधन विषय पर व्याख्यान दिया।

हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाएँ भारतीय भाषिक परंपरा की समृद्ध धरोहर हैं। यद्यपि हिंदी आर्यभाषा परिवार से और तेलुगु द्रविड़ भाषा परिवार से संबंधित है, फिर भी दोनों में कई सामान्य शब्द, भाव और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव दिखाई देते हैं। हिंदी और तेलुगु में पारस्परिक अनुवाद से भाषायी समन्वय को बढ़ावा दिया जा सकता है।

कार्यशाला के सफल आयोजन में हिंदी विभाग की श्रीमती डी. वी. रत्नाकुमारी, कनिष्ठ कार्यपालक (एनयूएस), विकास कुमार आज़ाद और डाक अनुभाग के कर्मी श्री जयपाल का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों द्वारा राजभाषा में कार्य करने की शपथ के साथ हुआ।

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,)
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं । आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं । इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आप आज रियल एस्टेट से जुडा कोई लाभकारी लेनदेन पूरा करने वाले हैं । सकारात्मक सोच आपकी शक्ति है और आपको इसका लाभ उठाना है ,आपका कोई करीबी भी आपको इसके लिए प्रोत्साहित करेगा । आप आध्यात्मिक विकास के साथ साथ जीवन की भौतिक खुशियों का भी आनंद ले पायेंगे । नयी सोच से समृद्धि हासिल होगी ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
पुरानी और बेकार चीजों को जीवन से हटा देने का समय है । आप किसी पिछली स्थिति से महज किसी अहसान की भावना या मजबूरी के चलते चिपके हुए हैं जो अब आपको कतई पसंद नही है । आपको इसमें से बाहर आ पाना मुश्किल लग रहा था ,लेकिन आज आप इस स्थिति से बाहर आने के लायक मानसिक शक्ति जुटा पायेंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी बन रही है की आपको सुधार करने एवं स्वस्थ होने का विशेष अवसर मिलने वाला है । आप भूतकाल में की हुई अपनी किसी गलती को स्वीकार कर लेंगे और सामने वाले को संतुष्ट करने में कामयाब रहेंगे । ऐसा करके आप अपने दिल से काफी बड़ा बोझ उतार पायेंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आपको आज बहुत सारी चीजों से जुड़े अपने वादों को निभाना है । अपनी सामजिक,वित्तीय तथा निजी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार रहें ।आपके परिजनों ,दोस्तों और सहकर्मियों ,सभी को आपसे मदद की अपेक्षा रहेगी और आप इस दबाव को सह पाने में बिलकुल समर्थ हैं । आज अपने शब्दों और कामों,दोनों ही तरीको से लोगों की मदद करेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आज का दिन आपके लिए बहुत व्यस्त रहेगा ,या तो आपके पास मेहमान आयेंगे या आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं । इसी समय आप अपने घर का नवीकरण ,नया घर खरीदने या दूसरी जगह शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । हालाँकि आप पूरा दिन बहुत व्यस्त रहेंगे,फिर भी आप दिन का हरेक पल आनंद लेंगे ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपकी जीवन में कोई ऐसी स्थति आने वाली है जब आपको सीधे ,तुरंत और अति सक्रिय रहकर फैसले लेने होंगे । यह स्थिति देखने में बहुत मुश्किल लग सकती है परन्तु आप इसे आसानी से संभाल पायेंगे । आपको बस दृढ़ता पूर्वक डटे रहना है । लेकिन चिंता ना करें,एक बार जब यह समस्या ख़तम हो जायेगी तो लोग इसे सुलझाने में आपकी भूमिका की भी प्रशंसा करेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
मेहनत से कांम करें और जमकर आनंद उठायें । आज आप पुरे दिन इसी सिद्धांत पर चलेंगे और यह उपयुक्त भी है । दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा । आपकी लोगों को हंसाने की क्षमता और खुशमिजाज स्वभाव बड़ी पार्टी की मेजबानी के लिए भी उपयुक्त है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं । अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आप दृढ निश्चय वाले इंसान हैं और आप एक बार कोई काम शुरू कर दें तो पूरी मेहनत से उसे पूरा करते हैं। आप औरों के कहने पर नही जाते, आप वह भी करने की क्षमता रखते हैं जो दुसरे कभी नही कर सकते ,इसीलिए आप उनसे आगे हैं । अपना यह नजरिया हमेशा बनाये रखें तो आप उन मंजिलों पर भी पहुँच सकते हैं जो दुसरे सोच भी नही सकते ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों से परेशान हैं,लेकिन अभी आपको कोई राहत मिलती दिखाई नही दे रही । सबसे अच्छा यही है की आप शिकायत करना छोड़कर अपने कामों को पूरा करें । जितनी जल्दी पूरा करेंगे ,उतनी ही जल्दी बोझ कम होता जाएगा । लेकिन इसका अर्थ यह भी नही है कि आपको इसे लापरवाही से पूरा करना है।

**श्री पंचांगुली ज्योतिष केन्द्र**

## यूपी विधानसभा में राजा भैया का बड़ा बयान



### भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र इसलिए क्योंकि हिंदू बहुसंख्यक

कुंडा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश स्थित प्रतापगढ़ से कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने विधानसभा में बड़ा बयान दिया है। पहलगाम में आतंकी हमले का जिक्र करते हुए राजा भैया ने कहा कि हिंदू देखकर मारा गया। वहां जाति नहीं देखी गई। भारत सबसे बड़ा आबादी वाला देश है, सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसका सबसे बड़ा श्रेय जाता है कि बहुसंख्यक हिंदू समाज यहां रहता है। इमरजेंसी के दौरान संविधान की प्रस्तावना बदले जाने का जिक्र करते हुए राजा भैया ने कहा कि विश्व के जिन भी देशों में संविधान लागू है, वहां देश काल परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए संशोधन हुए हैं, लेकिन क्या कहीं प्रिएंबल (प्रस्तावना) बदली गई है? विश्व में एक भी देश ऐसा नहीं है जहां प्रस्तावना ही बदल दी जाए। उन्होंन कहा कि इमरजेंसी के दौरान जब देश में लोकतंत्र नहीं था, तब प्रस्तावना बदल दी गई।

## श्रद्धा ने सड़क बनवाने के लिए मुख्यमंत्री योगी को दी थी चिट्ठी



### रोड बनने के बाद मिलकर दिया धन्यवाद

लखनऊ, 14 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ में कक्षा चार की छात्रा श्रद्धा सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपने स्कूल के सामने की सड़क बनवा देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद श्रद्धा ने बताया कि मेरा स्कूल कुर्सी रोड पर स्थित है। वहां की सड़क खराब थी जिस पर मैंने 26 जनवरी को मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर दी थी। इसके बाद सड़क का निर्माण करवा दिया गया। आज महाराज जी से मुलाकात की और उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी अपने सहयोगियों के साथ लोकभवन में जा रहे थे तभी श्रद्धा ने उनसे मुलाकात की।

## किसानों की मांगें मान लो दुआ मिलेगी, खुश रहोगी



### 96 साल के किसान बाबा ने मेरठ सीडीओ को दिया आशीर्वाद

मेरठ, 14 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ में 39 घंटे भाकियू टिकैत का धरना जारी रहा। अपनी 150 मांगों को लेकर किसान लगातार धरना दे रहे थे। लेकिन धरने की समाप्ति पर एक बुजुर्ग किसान आगे आए और सीडीओ नूपुर गोयल के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। 96 साल के किसान बाबा मेजर चिदौड़ी ने कंपकंपाती अंगुलियां सिर पर फेरी और जुबान से यही कहा बेटी खुश रहो। बेटी हम गरीब किसान है, हमारे पास देने को कुछ नहीं, किसानों के काम करो, उनके दर्द को दूर करा दो, हमेशा खुश रहोगी। यह दृश्य धरने में आए किसानों से लेकर पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने देखा। चंद मिनट पहले विरोधी नारे बुलंद करने वाले बुजुर्ग किसान का हाथ आशीर्वाद के लिए उठा। सीडीओ ने भी उनका आदर किया।

## नोएडा प्राधिकरण ने 6 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

नोएडा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। प्राधिकरण अवैध निर्माण को सख्त होती दिख रही है। आज करीब दो हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त किया गया। यहां अवैध रूप से नर्सरियों का संचालन किया जा रहा था। कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी इनको यहां से नहीं हटाया गया। ऐसे में इनको हटवाया गया। इस दौरान जेसीबी की मदद ली गई। जमीन की कीमत करीब 6 करोड़ रुपए आंकी गई है। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 ने सेक्टर -117, 118 में ग्राम सोरखा के खसरा संख्या 320 ,322 ,180 एवम 182 की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाएगा। इसका क्षेत्रफल दो हजार वर्ग मीटर है। ये जमीन मास्टर प्लान में नियोजित है। साथ ही प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। ऐसे में इस जमीन पर नर्सरी का संचालन करना अवैध है। साथ ही यहां अवैध रूप से कंस्ट्रक्शन किया गया था।

## विधायक पूजा पाल को अखिलेश यादव ने सपा से किया निष्कासित

**लखनऊ**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज के चायल से विधायक पूजा पाल को अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बता दें कि यूपी विधानसभा में विज़न डॉक्यूमेंट 2047 को पर चर्चा चल रही थी। इस चर्चा के दौरान कई अलग रंग देखने को मिले। सपा विधायक पूजा पाल सीएम योगी की तारीफ करते हुए नजर आईं। पूजा पाल का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूपी विधानसभा में 'विजन डॉक्यूमेंट 2047' पर 24 घंटे चली मैराथन चर्चा को संबोधित करते हुए, समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस जैसी नीतियां लागू करके मुझ जैसी कई महिलाओं को न्याय दिलाया, जिसके कारण अतीक अहमद जैसे अपराधी मारे गए। सब जानते हैं कि मेरे पति की हत्या किसने की... मैं मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे न्याय दिलाया



और मेरी बात तब सुनी जब किसी और ने नहीं सुनी।" आगे उन्होंने कहा, आज पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री की ओर भरोसे से देखता है... मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मुख्यमंत्री ने मिट्टी में मिलाने का काम किया... मैंने तब आवाज़ उठाई जब मैंने देखा कि कोई भी अतीक अहमद जैसे अपराधियों के खिलाफ लड़ना नहीं चाहता... जब मैं इस लड़ाई से थकने लगी, तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे न्याय दिलाया। आपको बता दें कि विधायक पूजा पाल के पति राजू पाल की हत्या अतीक अहमद के गुर्गों ने की थी।

## दो वोटर आईडी मामले में मुजफ्फरपुर मेयर को भी नोटिस

**मुजफ्फरपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)।** नगर निगम की मेयर निर्मला साहू व उनके दो देवर दिलीप कुमार व मनोज कुमार का नाम मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के दो बूथों की मतदाता सूची में होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामला सामने आने के बाद 94-मुजफ्फरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने महापौर व उनके दोनों देवर को नोटिस भेजा है। इसमें कहा है कि पहली जुलाई 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में 94-मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग मतदान केंद्रों पर आपका नाम दर्ज है। महापौर को 16 अगस्त को शाम पांच बजे तक अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया ताकि आगे की कार्रवाई हो सके।

महापौर को भेजे नोटिस में कहा गया है कि उनका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के दौरान प्रकाशित निर्वाचक सूची में बूथ नंबर 153 क्रमांक संख्या 664 ईपिक नंबर



आरईएम 1251917 व बूथ नंबर 257 क्रमांक संख्या 618 ईपिक नंबर जी 581835164 है। साथ ही वोटर लिस्ट रिवीजन में भी दो जगह उनका नाम पाया गया है। महापौर के साथ उनके देवर मनोज कुमार को भी नोटिस भेजा गया है,

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

प्रयागराज, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जिला न्यायालय इलाहाबाद ने नाबालिग से दुष्कर्म व पॉक्सो मामले में आरोपी गुड्डू यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 80 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। यह फैसला अपर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सिद्धार्थ कुमार ने दिया। अभियोजन के अनुसार धूमनगंज थाने में 2014 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप लगाया था कि गुड्डू यादव ने चाकू से डराकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन के वकील ने दलील दी कि आरोपी ने पीड़ित के साथ ही समाज के विरुद्ध भी एक घिनौना अपराध किया है। ऐसे में अधिक से अधिक सजा दी जानी चाहिए। जिला न्यायालय ने हत्या मामले के चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार ने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केएन सिंह व आरोपी वकील की दलीलों को सुनने-साक्ष्यों के अवलोकन के बाद सुनाया है।

## बोधगया से चुनावी बिगुल,पीएम मोदी 22 अगस्त को देंगे 1675 करोड़ की सौगात



**पटना**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के राजनीतिक माहौल में इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा 22 अगस्त की है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया जिले के बोधगया पहुंचकर 1675 करोड़ रुपये की 30 से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले होने वाली यह रैली न केवल विकास की सौगात लाएगी, बल्कि सियासी समीकरणों को भी नया मोड़ दे सकती है। मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाली यह जनसभा बिहार में पीएम मोदी का अब तक का सबसे बड़ा चुनाव-पूर्व कार्यक्रम मानी जा रही है। आयोजन स्थल को युद्धस्तर पर सजाया-संवारा जा रहा है 80 एक्स 40 फीट का विशाल मंच, ड्रोन और सीसीटीवी से लैस सुरक्षा व्यवस्था और ढाई लाख से अधिक लोगों की बैठने की क्षमता वाला पंडाल, सब कुछ इस बात का संकेत है कि भाजपा और एनडीए इस रैली को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। बीजेपी का दावा है कि इस जनसभा में 3 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे, जिससे यह राज्य की अब तक की सबसे बड़ी रैलियों में से एक बन सकती है।

**करोड़ों की सौगात देंगे पीएम मोदी**

संभावित परियोजनाओं की सूची में गया में पर्यटन और बौद्ध सर्किट विकास योजनाएं, एनएच-83 और एनएच-2 के चौड़ीकरण का काम, बोधगया एयरपोर्ट विस्तार योजना, नए रेलवे ओवरब्रिज और स्टेशन आधुनिकीकरण, स्थानीय जलापूर्ति एवं सीवरेज प्रोजेक्ट और आधुनिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन शामिल है।

गया दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे। इसमें मगध प्रमंडल के जिलों के लिए कई बड़ी योजनाओं की सौगात मिल सकती है। फिलहाल पीएम मोदी के आगमन को लेकर गया जी के गांधी मैदान, बेलागंज और बोधगया में स्थान संभावित किए गए हैं। इसमें एक स्थान पर अंतिम मुहर लगनी है, जो कि एक-दो दिनों में इस पर अंतिम मुहर लगेगी। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई है। सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री, ने बताया- "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के चिंता करते हैं और वह जब भी बिहार आते हैं तो बिहार वासियों के लिए सौगात लाते हैं। इस बार वह 22 अगस्त को गया आ रहे हैं और गया जिले के लोगों के लिए प्रधानमंत्री मोदी सौगात लाने वाले हैं। हम लोगों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया है। कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। 1675 एकड़ जमीन में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण अंतिम चरण में है।"

## वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करने के आरोप में मुतवल्ली पर केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

गोरखपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। सिविल लाइंस के मुसाफिर खाना के पीछे स्थित वक्फ की संपत्ति पर कब्जे के आरोप में कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है। जामा मस्जिद कमेटी, उर्दू बाजार के सेक्रेटरी मोहम्मद अब्दुला ने तहरीर देकर मुतवल्ली नुरुल हक पर कब्जे का आरोप लगाया है। कैंट पुलिस कार्रवाई करने के बाद जांच शुरू कर दी है। सेक्रेटरी मोहम्मद अब्दुला ने पुसि को बताया कि वक्फ की संपत्ति पर 66 डिस्मिल जमीन कब्जा किया गया है। इसे फर्जी तरीके से उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ से नुरुल हक ने अपने नाम करवा लिया। बोर्ड में गलत साक्ष्य और फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि सदस्यों का निधन हो चुका है। इसी फर्जी प्रमाण पत्रों का प्रयोग कर जमीन पर अपना हक जता दिया गया। नुरुल हक ने फर्जी कागजात तैयार कर वर्तमान कमेटी के सभी सदस्यों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस इस पूरे प्रकरण में एसएसपी के आदेश पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया है। जांच में साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' पर सियासत तेज, कितना कारगर होगा ये दांव

**सासाराम**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा चुनाव होने में अभी काफी वक्त है, लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने अपनी चुनावी यात्राएं शुरू कर दी है। इसी क्रम में राहुल गांधी भी बिहार के रोहतास जिले से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत करने वाले हैं, जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राहुल गांधी सासाराम से आगामी 17 अगस्त को अपनी पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। आगामी 17 अगस्त से राहुल गांधी की शुरू होने वाली पदयात्रा को लेकर जिला मुख्यालय सासाराम के एक निजी भवन में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारु की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के भी शीर्ष नेता शामिल हुए तथा इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती एवं राहुल गांधी की चुनावी यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की



गई। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि बिहार का अगला सीएम जनता तय करेगी। बिहार में मुख्यमंत्री बनाने का अधिकार यहां की जनता को है और आने वाले चुनाव में बिहार की जनता एवं चुने हुए विधायक तय करेंगे कि बिहार में अगला सीएम कौन होगा? हालांकि, सीएम के चेहरे के सवाल पर उन्होंने टालते हुए कहा कि यह सवाल आप बिहार की जनता से पूछिए। आपको जनता जवाब देगी कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल गांधी देश में वोट को मजबूत करने निकले हैं। वह भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं। वे जनता की अदालत में पहुंचेंगे तथा लोगों को बताएंगे कि भारत के संविधान को अगर मजबूत करना है, तो यहां के मतदाता को मजबूत करना होगा।

## एनकाउंटर में 4 बदमाश गिरफ्तार

झांसी, 14 अगस्त (एजेंसियां)। झांसी में ट्रैक्टर चोरी करने वाले एक बदमाश का पुलिस ने रात को एनकाउंटर कर दिया। उसके पैर में गोली लगी है, जबकि पुलिस ने बदमाश के 3 साथियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। चारों बदमाशों ने गुरसराय थाना क्षेत्र में 10 दिन के अंदर दो ट्रैक्टर चोरी किए थे। उनसे चोरी के दोनों ट्रैक्टर, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। बदमाश ट्रैक्टर से आए तो उनको रोकने की कोशिश की। पुलिस टीम को देखते ही बदमाश फायरिंग करने लगे। काउंटर अटैक में टोड़ी फतेहपुर के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी राजाबाबू उर्फ कृष्णकांत के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, राजाबाबू के साथी गरौठा के मथनिया गांव निवासी बृजेंद्र कोरी, संज्ञीत अहिरवार और छोटू रायकवार को दौड़ाकर पकड़ लिया।

## तेजस्वी यादव ने सांसद पत्नी के बाद उनके पति के दो-दो ईपीआईसी आईडी दिखाए

**पटना**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने निर्वाचन आयोग पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने सुबह एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें बताया कि नीतीश कुमार के खास एमएलसी दिनेश सिंह जो जेडीयू से विधानपार्षद हैं। इनके दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो अलग-अलग वोट है। एक्स पर तेजस्वी यादव ने पोस्ट कर बताया कि



इनके पास एक दो अलग-अलग ईपीआईसी आईडी - आरईएम0933267 और ईपीआईसी आईडी - यूटीओ1134527 है। इनके दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो अलग-अलग वोट है। इनके दो अलग-अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दो अलग-अलग वोट है। तेजस्वी ने आगे कहा कि एसआईआर में इन्होंने दो अलग-अलग गणना फॉर्म भरे। साथ में यह भी बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में इन्होंने दो अलग-अलग फॉर्म पर दो अलग-अलग साइन किए होंगे। तेजस्वी ने सवाल उठाया कि इन दो अलग-अलग फॉर्म पर चुनाव आयोग के अधिकारी ने साइन किए कि एमएलसी साहब ने खुद हस्ताक्षर किए? चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित नई ड्राफ्ट सूची में दो अलग अलग ईपीआईसी कार्ड के साथ, दो अलग-अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, दो अलग-अलग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में इनके दो अलग अलग वोट कैसे बन गए? तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि क्या मुख्यमंत्री के खास होने के कारण चुनाव आयोग ने इनके दो वोट बनने दिए? आगे उन्होंने बताया कि ये वैशाली सांसद वीणा देवी के पति है। इनकी सांसद पत्नी के भी दो वोट और दो ईपीआईसी आईडी है।

## बगहा में ससुर की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार

बगहा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बगहा नगर के वार्ड नंबर 34 में बीती रात हुए एक सनसनीखेज हत्या कांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। श्याम सुंदर कुशवाहा (55) की गला रेतकर और सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक की बहू महिमा (30) समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की पहचान दिलशाद (24) पिता भोला मियां और भुलाई मियां (35) पिता शादिक मियां के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मृतक की बहू महिमा का गांव के ही दोनों आरोपियों के साथ नाजायज संबंध था। मृतक कई बार इसका विरोध करता था और बहू को समझाता था, जिससे वह नाराज रहती थी। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश में महिमा ने योजना बनाकर आरोपियों को बुलाया और आधी रात वारदात को अंजाम दिया गया। दोनों आरोपी मृतक के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर के रहने वाले हैं।

## सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष, 24 घंटे के मॉनसून सत्र पर अखिलेश यादव ने यूं साधा निशाना



**लखनऊ**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी मुद्दे पर 24 घंटे तक सदन चला। 'विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047' पर लगातार चर्चा चली। इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के सोने का वीडियो शेयर कर योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने इसे सोती सरकार करार दिया। साथ ही, लोगों से 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क भी पूछा है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर सदन से जुड़े दो वीडियो शेयर किए हैं। एक वीडियो में स्वतंत्रदेव सिंह सोते नजर आ रहे हैं तो दूसरे में सपा समेत अन्य नेताओं की सेल्फी है जिसमें वे जागते नजर आ रहे।

सेल्फी शेयर करते हुए अखिलेश ने लिखा है- 'सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष! भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गये हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे।' अखिलेश ने आगे लिखा है- 'जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है। दिन घटा के और घंटे बढ़ाकर सरकार क्या हासिल करना चाहती है। भाजपा कम-से-कम सदन को तो अपनी इवेंटबाजी से दूर ही रखे। रात भर जागकर भाजपाई ख़ुद को क्या साबित करना चाहते हैं?' अखिलेश यादव ने इससे पहले बुधवार को भी भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नफरत और भेदभाव की राजनीति से जनता में भारी आक्रोश है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है और किसी को न्याय नहीं मिल रहा है।

## ससुराल आए दामाद की संदिग्ध मौत

आरा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। भोजपुर में ससुराल आए दामाद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। नाक पर खून और दाहिन हाथ पर खून के निशान मिले हैं। परिजनों ने पत्नी और ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान बक्सर जिले के डेहरा गांव निवासी रूपेश कुमार चौधरी उर्फ शैलेश चौधरी(28) के तौर पर हुई है। सोनवर्षा बाजार में श्रृंगार का दुकान चलाता था। घटना अगिआवं बाजार थाना क्षेत्र के लोहई डेरा गांव की है। मृतक की सास ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत काफी खराब है और अस्पताल ले जाया जा रहा है। सूचना पर परिजन ससुराल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि रूपेश की मौत हो गई है और शव घर लाया जा रहा है।

## *2 आईपीएस राष्ट्रपति पदक से सम्मानित, सात जवानों को मिला ग्लैंट्री अवार्ड*

**पटना**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार पुलिस की कार्यकुशलता और उत्कृष्ट सेवा के लिए राज्य के सात पुलिसकर्मियों को ग्लैंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इनमें एक आईपीएस अधिकारी, तीन सब-इंस्पेक्टर और तीन कांस्टेबल शामिल हैं। ग्लैंट्री पुरस्कार पाने वालों में आईपीएस बाबू राम, एसआई साकेत सौरभ, एसआई राम राज सिंह, एसआई तारबाबू यादव और कांस्टेबल संजय कुमार चौधरी, सुरेंद्र पासवान और विकास कुमार शामिल हैं। इस सम्मान ने जनता के प्रति बिहार पुलिस की सेवा भावना को मजबूत किया है।

## राहुल गांधी को देश सीरियस नहीं लेता

**गोंडा**, 14 अगस्त (एजेंसियां)। गोंडा जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट से पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी को लेकर हो रहे प्रदर्शन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, "मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी को सीरियस कोई नहीं लेता, क्योंकि वह सीरियस मुद्दे उठाते ही नहीं हैं।" बृजभूषण ने आरोप लगाया कि देश में कई गंभीर समस्याएं हैं, लेकिन राहुल गांधी का ध्यान उन पर नहीं जाता। जब भी वे कोई सवाल उठाते हैं, तो सेना, संविधान, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जैसे संस्थानों पर ही सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी के मुद्दे हमेशा डिस्ट्रक्टिव होते हैं,

### बृजभूषण शरण सिंह बोले- उनके मुद्दे डिस्ट्रक्टिव होते हैं, वह सीरियस मुद्दे उठाते ही नहीं



इसलिए देश उन्हें गंभीरता से नहीं लेता।"बृजभूषण ने तंज करते हुए कहा, "राहुल गांधी का बयान पाकिस्तान में सीरियस लिया जाता है, लेकिन हिंदुस्तान में नहीं।" उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वामपंथियों से घिर गए हैं, जिन्होंने देश के साहित्य और इतिहास के साथ छेड़छाड़ की। "इन्हीं लोगों ने अकबर और औरंगजेब को महान बताया, महाराणा प्रताप को डकैत कहा और सुभाष चंद्र बोस को लुटेरा बताया," बृजभूषण ने कहा। राहुल गांधी के इस बयान पर कि उन्हें चुनाव आयोग से मिलने नहीं दिया गया, बृजभूषण ने कहा, "अब राहुल गांधी की बात ना की जाए तो अच्छा है। पूरा देश उनका नाम सुन-सुनकर परेशान हो गया है।" बृजभूषण ने चुनौती देते हुए कहा, "अगर राहुल गांधी इतने बड़े नेता हैं, तो 2027 में समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर यूपी विधानसभा चुनाव लड़ें, फिर देखेंगे जनता कितनी पसंद करती है।" उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को मिलने वाला वोट समाजवादी पार्टी का होता है और सीटें भी सपा ही देती है।

## मीट बैन विवाद पर राज ठाकरे भड़के



### 'सरकार होती कौन है हमें बताने के लिए किहमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं''

मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। मीट बैन को लेकर महाराष्ट्र के कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) के आदेश पर महाराष्ट्र में बवाल जारी है। आदेश के मुताबिक, 15 अगस्त को चिकन और मटन की दुकानें बंद रहेंगी। विपक्ष के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार में उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने भी इसे गैर जरूरी बताया है। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। राज ठाकरे ने कहा, ''वेज-नॉनवेज को लेकर विवाद गलत है। सरकार होती कौन है हमें बताने के लिए कि, हमें क्या खाना चाहिए और किया नहीं।'' राज ठाकरे ने कबूतर के लिए दाना डालने पर लगे प्रतिबंध और इसके खिलाफ जैन समुदाय के प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''जैन समुदाय ने हाई कोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए। मुझे सरकार क्या चाहती है, ये समझ नहीं आ रहा। अब ये कबूतर के नाम पर राजनीति करने लगे हैं। आगे कौन-कौन से प्राणी लाएंगे पता नहीं।''

## एक्टर दर्शन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका




### तुरंत होगी गिरफ्तारी, मर्डर केस में हैं आरोपी

बेंगलुरू, 14 अगस्त (एजेंसियां)। चर्चित रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड एक्टर दर्शन की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। कन्नड एक्टर दर्शन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका मिला है और इसके साथ ही अदालत ने साफ कर दिया है कि उनकी गिरफ्तारी तुरंत होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया है। इससे पहले हाई कोर्ट ने दर्शन को जमानत दे दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच अभिनेता दर्शन की जमानत को रद्द करने का फैसला सुनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने दर्शन थुगुदीपा के साथ ही पवित्रा गौड़ा व पांच अन्य आरोपियों की भी जमानत रद्द की है। इस मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर ऐतराज जताते हुए कहा था कि हाईकोर्ट ने जमानत मामले में सजा या बरी करने जैसा फैसला सुना दिया, क्या हाईकोर्ट दूसरे मामलों में भी इसी तरह का आदेश सुनाता है?लेकिन हम ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा था कि इस मामले में प्रथम दृष्टया न्यायिक शक्ति का गलत प्रयोग हुआ है। एक निचली अदालत के जज द्वारा ऐसी गलती करना अभी भी स्वीकार्य है लेकिन हाईकोर्ट के जज द्वारा ऐसी गलती करना सही नहीं है।

## युवती ने किया सुसाइडःवॉट्सऐप पर मिली डिलीट चैट

इंदौर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के आजाद नगर में रहने वाली एक निजी कंपनी में काम करने वाली युवती ने आत्महत्या कर ली। वह घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता भी काम पर गए हुए थे और भाई भी ड्यूटी पर था। शाम को पिता घर लौटे तो घटना की जानकारी मिली परिवार के मुताबिक, उसके मोबाइल से कुछ मैसेज डिलीट मिले हैं। वह आखिरी समय में किसी से चैट कर रही थी। आजाद नगर पुलिस ने बताया कि वर्षा (22) पुत्री रूप बघेल, निवासी आलोक नगर मूसाखेड़ी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पिता जब काम से लौटे तो बेटी को फंदे पर लटका पाया। इसके बाद बेटे और पत्नी को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आनंद मालवीय दोषी

सीहोर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। विशेष न्यायाधीश विजय डांगी, तहसील आष्टा ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए आरोपी आनंद मालवीय को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 25,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने इस अपराध को समाज के लिए कलंक बताते हुए कड़ी सजा का प्रावधान लागू किया। विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 21 नवंबर 2024 को जावर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पिता ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को बेटी सुबह 10 बजे स्कूल गई थी, लेकिन शाम 6 बजे तक घर नहीं लौटी। परिवार ने रिश्तेदारी और आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गुमशुदगी की सूचना पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 365/24 दर्ज कर धारा 87, 64(2)(एम) बीएनएस और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान किशोरी को बरामद कर बयान लिए गए, जिनमें आरोपी आनंद मालवीय का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में ठोस साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मामला

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जमीनी हालात ध्यान में रखने होंगे, केंद्र बोली- कुछ अजीबोगरीब परिस्थितियां हैं

जम्मू, 14 अगस्त (एजेंसियां)।

कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। एसजी तुषार मेहता ने कोर्ट से 8 हफ्ते सुनवाई टालने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने में जमीनी हालात को ध्यान में रखना होगा। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आप पहलगाम जैसी घटनाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। मामले की सुनवाई 8 हफ्ते के लिए टली। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन कुछ अजीबोगरीब परिस्थितियां हैं। मामले में 8 हफ्ते में केंद्र को हलफनामा दाखिल करना है।

**''जल्द से जल्द बहाल हो दर्जा''**

5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया था। इसी के बाद इसको वापस हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। 11 दिसंबर 2023 को, सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान बेंच ने अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को बरकरार रखा था, लेकिन, केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जितनी जल्दी हो सके बहाल किया जाए। केंद्र ने अदालत को बताया था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिया जाएगा और उसका केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा अस्थायी है।



**सीएम उमर अब्दुल्ला ने लिखा पत्र**

हाल ही में, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बीजेपी और कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर आग्रह किया कि संसद के मौजूदा सत्र में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए एक विधेयक पेश किया जाए। अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना कोई एहसान नहीं, बल्कि एक जरूरी सुधार है। उन्होंने नेताओं को चेतावनी दी कि किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने की मिसाल देश के लिए अस्थिर करने वाले नतीजे ला सकती है और यह एक ऐसी रेड लाइन होनी चाहिए जिसे कभी पार न किया जाए।

एसजी ने कहा, हमने चुनावों के बाद राज्य का दर्जा देने का आश्वासन दिया था। हमारे देश के इस हिस्से की एक अलग स्थिति है। कुछ अजीबोगरीब परिस्थितियां हैं। साथ ही उन्होंने कोर्ट से 8 हफ्ते का समय दिए जाने की मांग की थी। कोर्ट कॉलेज प्रोफेसर ज़हूर अहमद भट और कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस न देने से नागरिकों के अधिकारों पर असर पड़ रहा है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था। इसी के बाद से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई जा रही है। जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, कांग्रेस विधायक और सुप्रीम कोर्ट में जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा मांगने वाले इरफान हफीज लोन ने कहा, हम न रुकने वाले हैं, न झुकने वाले हैं, न थकने वाले हैं। बीजेपी जब भी डरती है, पुलिस को आगे भेज देती है। यह गांधी का देश है। हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

## फेसबुक-टेलीग्राम पर करोड़ों की ऑनलाइन ठगी का खुलासा, पुलिस ने किया गिरोह का पर्दाफाश

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक हाई प्रोफाइल ऑनलाइन निवेश ठगी का पर्दाफाश करते हुए एक मैकेनिकल इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कृष्ण कुमार पर आरोप है कि उसने फेसबुक और टेलीग्राम के जरिये निवेशकों को शेयर ट्रेडिंग में असाधारण फायदे का लालच देकर करीब 6 करोड़ की ठगी की है। इसमें पुलिस की साइबर सेल के मुताबिक आरोपी फेसबुक पर टारगेट चुनता और उन्हें टेलीग्राम चैनल प्लस 500 ग्लोबल सीएस में जोड़ता। यहां निजी ग्रुप में पीड़ितों को फर्जी प्रॉफिट स्क्रीनशॉट,बनावटी ट्रेडिंग डैशबोर्ड और स्क्रिप्टेड चैट दिखाकर भरोसा दिलाया जाता। पीड़ित ने करीब 6 करोड़ अलग-अलग किस्तों में गिरोह के खातों में ट्रांसफर किया। लेकिन जब पीड़ित पैसे निकालने की कोशिश करने लगा तो उसे ब्लॉक कर दिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि ठग फर्जी व्हाट्सएप नंबर और वर्चुअल फोन लाइन का इस्तेमाल कर रहे थे। वही रकम को कई अकाउंट में घूमा कर पहचान छुपाई जाती थी। पुलिस ने 57 लाख प्रियंका प्लेसमेंट एंड लोन सर्विसेज नाम की फर्जी कंपनी के खाते में ट्रेस किया जो आरोपी के नियंत्रण में थी।

## एआई और रोबोट से मजबूत हुई एलओसी की सुरक्षा

### भारतीय सेना ने बढ़ाई हाईटेक निगरानी, आतंक की हर चाल पर रहेगी नजर

राजोरी, 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया है। इस क्रम में सेना ने स्मार्ट फेंस सिस्टम, रोबोटिक म्यूल और ऑल-टेरेन व्हीकल्स को शामिल किया है, जो सीमा सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि सेना की नई तकनीक और रणनीति ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देश की सुरक्षा और स्थिरता में वृद्धि हुई है। इन नए उपकरणों का 7 मई से 10 मई के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था।

भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों पर मिसाइल हमले किए थे और दुश्मन की जवाबी कार्रवाई का सफलतापूर्वक जवाब दिया था। सेना ने सीमा पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। एलओसी की कड़ी निगहबानी के लिए सीमा पर गश्त और सतर्कता बढ़ा दी है। बख्तरबंद वाहन आर्मडो और सभी इलाकों में इस्तेमाल किए जा सकने वाले उन्नत सैन्य वाहनों के शामिल होने से सेना की त्वरित प्रतिक्रिया बहुत तेज हो गई है।

इससे सुरक्षा टीमों को घने जंगलों वाले सबसे चुनौतीपूर्ण और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में किसी भी खतरे को बेअसर करने के लिए तेज़ी से कार्रवाई करने का लाभ मिल रहा है। रोबोटिक म्यूल, युद्ध के मैदान में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में उभर रहा है। यह रोबोट तेजी से सप्लाई कर सकता है।

## अब ऑनलाइन पोर्टल से मिलेंगे हथियारों का लाइसेंस

### संवेदनशील इलाकों के लोगों मिलेगा फायदा



गुवाहाटी, 14 अगस्त (एजेंसियां)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को एक डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया, जिसके जरिए राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले मूल निवासी हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह कदम सरकार और जिम्मेदार नागरिकों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उठाया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार केवल लाइसेंस देगी, हथियार नहीं। मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि इस पोर्टल के जरिए केवल वही लोग आवेदन कर सकेंगे, जो असम के मूल निवासी हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में रहते हैं।

उनका उद्देश्य है कि ऐसे जिम्मेदार लोग, जो बिना आपराधिक पृष्ठभूमि के हों, राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें। सरकार ने स्पष्ट किया है कि हथियार लाइसेंस केवल उन्हीं को मिलेगा, जो मानसिक रूप से स्वस्थ हों और जिनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज न हो। लाइसेंस देने से पहले एक मल्टी-लेयर जांच और गहन पड़ताल होगी, ताकि कोई भी गलत व्यक्ति हथियार के इस्तेमाल का लाइसेंस न पा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाइसेंस चाहने वालों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग लेनी होगी और यह साबित करना होगा कि वे किस तरह से खतरे में हैं।

यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि केवल वास्तविक जरूरतमंद लोगों को ही लाइसेंस मिले। सरकार ने साफ किया है कि वह हथियार उपलब्ध नहीं कराएगी, बल्कि भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत सिर्फ लाइसेंस जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह कदम कानून-व्यवस्था में नागरिकों की भागीदारी को बढ़ाएगा और असम के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा मजबूत होगी।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बोलीं मेनका गांधी

### जानवरों के साथ दुर्व्यवहार का कोई समर्थन नहीं



नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। नेताओं से लेकर एक्टर, समाजसेवी सभी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं। इसी बीच पशु अधिकार कार्यकर्ता और बीजेपी नेता मेनका गांधी अपने एक बयान में कहती हैं कि कोई भी जानवरों के साथ दुर्व्यवहार का समर्थन नहीं करता।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को सुरक्षित शेल्टर हाउस में पहुंचाने का फैसला किया। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 से जुलाई 2025 के बीच लगभग 3 लाख डॉग बाइट के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश मामले आवारा कुत्तों के काटने से संबंधित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला लिया है। बीजेपी नेता मेनका गांधी ने अपने एक बयान में कहा कि कोई भी जानवरों के साथ दुर्व्यवहार का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि अगर जानवरों को ले जाया जाए, तो उनके बच्चों को नहीं काटा जाएगा और मैं इससे सहमत हूं।

## नींद की गोलियां खिलाकर बेटी को मार डाला, रात में कर दिया अंतिम संस्कार

बनासकांठा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के बनासकांठा जिले के थराद में ऑनर किलिंग की एक घटना सामने आई है। प्रेम संबंध से नाराज़ पिता और चाचा ने मिलकर बेटी की हत्या कर दी और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। दांतिया गांव की चंद्रिका चौधरी ने थराद के वडगामड़ा गांव के हरेश चौधरी से मैत्री करार किया था, जिसे परिवार ने स्वीकार नहीं किया। इसी वजह से पिता और चाचा ने मिलकर उसे नींद की गोलियां देकर दुपट्टे से गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। इस पूरे मामले में दिओदर पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है और फरार पिता की तलाश में टीमें लगा दी हैं। दांतिया गांव की चंद्रिका चौधरी पालनपुर के एक निजी हॉस्टल में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान वह एक दिन हरेश चौधरी की गाड़ी में पालनपुर गई, और रास्ते में हुई बातचीत के



बाद दोनों के बीच फोन पर लगातार संपर्क बढ़ा और प्रेम संबंध बन गए। कुछ समय बाद परिवार ने चंद्रिका को पढ़ाई जारी रखने से मना कर दिया। चंद्रिका सोशल मीडिया के माध्यम से हरेश से बात करती रही और उसे बताया कि परिवार हमारे रिश्ते को स्वीकार नहीं करेगा और जबरन शादी कर देगा, इसलिए वह उसे अपने साथ ले जाए। हरेश 4 जून 2025 को चंद्रिका को लेकर अहमदाबाद गया, जहां दोनों ने सहमति से मैत्री करार किया और फिर मध्य प्रदेश व राजस्थान घूमने चले गए। इसके बाद पिता सेधाभाई पटेल और चाचा शिवरामभाई पटेल ने हत्या की साजिश रची। रात में चंद्रिका को नींद की गोलियां देकर दुपट्टे से गला घोंट दिया और सबूत मिटाने के लिए गांव के श्मशान में उसका रातों-रात अंतिम संस्कार कर दिया। चंद्रिका के संदेश के आधार पर हरेश चौधरी ने हाई कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने पुलिस को चंद्रिका को पेश करने का आदेश दिया, जिसके बाद जांच में हत्या का खुलासा हुआ। पूछताछ में चाचा ने पिता के साथ मिलकर हत्या करने की बात कबूल की।

## 'भारतीय बच्चों का बैंक' नोट से ठगी करने वालों का पर्दाफाश

मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस की कक्ष-6 की टीम ने एक ऐसे गिरोह को दबोच लिया है, जो लोगों को असली नोटों के बदले तीन गुना नकली नोट देने का लालच देकर ठगी कर रहा था। यह कार्रवाई विक्रोली बस डिपो के सामने की गई, जहां आरोपी सौदेबाजी के लिए आए थे। शिकायत मालवणी, मालाड (पश्चिम) के रहने वाले दीपक पुरुषोत्तम जाधव ने दर्ज कराई थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक लाख रुपये असली लेकर तीन लाख रुपये की हूबहू असली जैसी दिखने वाली नकली नोट देने वाले हैं। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच यूनिट-6 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत घोणे और उनकी टीम ने जाल बिछाकर चारों आरोपियों मोहम्मद मोसिन अबु बिलाल चौधरी, मोहम्मद नफीज अब्दुल रऊफ खान उर्फ जावेद, सईद तबारक हुसैन सिद्दीकी उर्फ सईद बंटाय और मंजर इबने इस्माइल सोंडे को मौके पर ही पकड़ लिया।

## एक परिसर में मिले 1200 से अधिक क्रेडिट कार्ड-अवैध लेनदेन के लिए खच्चर खाते; 110 करोड़ फ्रीज






नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुंबई जोनल कार्यालय ने साइप्रस स्थित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'परिमाच' के मामले में चल रही जांच के हिस्से के रूप में मुंबई, दिल्ली, नोएडा, जयपुर, सूरत, मदुरै, कानपुर और हैदराबाद में 17 स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 12 अगस्त को छापेमारी की थी। जांच एजेंसी ने विभिन्न बैंकों में जमा 110 करोड़ रुपये की धनराशि, जो कई व्यक्तियों या संस्थाओं से संबंधित थी, उसे फ्रीज कर दिया गया है। इस राशि का उपयोग खच्चर खातों या लेयरिंग उद्देश्यों के लिए किया जाता था। तलाशी के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज व डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 'परिमाच' के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को ठगने के लिए 'परिमाच।कॉम' के खिलाफ साइबर पीएस, मुंबई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में सामने आया है कि 'परिमाच' ने देश भर में अलग-अलग रणनीतियों का इस्तेमाल करके उपयोगकर्ताओं के धन को खच्चर खातों के माध्यम से बाहर भेजा। एक मामले में, उपयोगकर्ताओं द्वारा खच्चर खातों में जमा की गई धनराशि, तमिलनाडु के एक विशिष्ट इलाके में नकद रूप में निकाल ली गई। यह नकदी हवाला कारोबारियों को सौंप दी गई।

उन्होंने इसका इस्तेमाल ब्रिटेन की एक कंपनी के वर्चुअल वॉलेट को रिचार्ज करने के लिए किया। इसके बाद इन वॉलेट्स का इस्तेमाल खच्चर क्रिप्टो खातों के नाम पर यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी खरीदने के लिए किया गया, जो वास्तव में 'परिमाच' एजेंटों द्वारा संचालित थे। ईडी की जांच के मुताबिक, पश्चिमी भारत में, 'परिमाच' ने घरेलू धन हस्तांतरण (डीएमटी) एजेंटों की सेवाएँ लीं। इन एजेंटों द्वारा नियंत्रित खच्चर खातों में एकत्रित धनराशि, खच्चर क्रेडिट कार्ड द्वारा किए गए भुगतानों के माध्यम से परिमाच एजेंटों को भेजी जाती थी। जांच एजेंसी ने एक ही परिसर से कुल 1,200 से अधिक ऐसे क्रेडिट कार्ड जब्त किए हैं।

## गुजरात के कच्छ में कहां से बहकर आ रहे हैं भारी भरकम कंटेनर? सुरक्षा एजेंसियां एलर्ट

अहमदाबाद/कच्छ, 14 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात मेंकच्छ के समुद्री तट इन दिनों बड़े-बड़े कंटेनर बहकर पहुंच रहे हैं। संदिग्ध कंटनरों के पहुंचने के बाद तमाम एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई है। अभी तक समुद्री लहरों के साथ छह संदिग्ध कंटेनर पहुंचे हैं। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां इनकी जांच कर रही है। ये कंटेनर कच्छ के सुथरी बीच और सैयद सुलेमानपीर के पास मिले हैं। अगस्त की शुरुआत में जखौ मरीन पुलिस को गश्त के दौरान दो कंटेनर पानी में तैरते हुए लावारिस हालत में दिखाई दिए। ये कंटेनर आधे पानी में डूबे हुए थे। इसके बाद, सुथरी के पास समुद्र में एक तीसरा कंटेनर भी पुलिस के संज्ञान में आया था। जो आधा डूबा हुआ था। चर्चा हो रही है कि ये कंटेनर आखिर कहां से आ रहे हैं? शुरुआती जांच में दावा किया गया है कि इन कंटेनरों में बेज ऑयल है।

## मूसलाधार बारिश का कहर, कालकाजी में पेड़ गिरने से हादसा, एक की मौत

नई दिल्ली, 14 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली और आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई हिस्सों में गुरुवार तड़के भारी बारिश देखने को मिली। लाजपत नगर, आरकेपुरम, लोधी रोड और दिल्ली-हरियाणा सीमा सहित क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। दिल्ली के कालकाजी में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पेड़ की चपेट करने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई। इससे पहले, दिल्ली के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। मिंटो ब्रिज, विजय चौक, मोती बाग फ्लाईओवर, रफी मार्ग और निजामुद्दीन फ्लाईओवर सहित कई इलाकों में तेज बारिश हुई।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पूर्वानुमान में बारिश के साथ आंधी-तूफान की बात कही गई थी। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। राजधानी में इस बार स्वतंत्रता दिवस बारिश की फुहारों के बीच मनेगा। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहेगा। मौसम विभाग ने दिनभर बादल छाने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार जताए हैं मौसम विभाग का कहना है कि बृहस्पतिवार को अलग-अलग हिस्सों में एक हफ्ते तक हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## प्रेम जाल, शादी और नई पहचान

### बांग्लादेशी मुस्लिम महिलाएं ऐसे बना रहीं हिंदू पुरुषों को अपना शिकार, मुंबई में इंटरनेशनल रैकेट का भंडाफोड़

मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की मुंबई क्राइम ब्रांच ने हाल ही में एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मंजू शर्मा उर्फ अल्ताफ शेख के रूप में हुई है। यह महिला बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी। पूछताछ में उसने एक ऐसे नेटवर्क का खुलासा किया है, जो वर्षों से फर्जी भारतीय पहचान पत्र तैयार कराकर विदेशी नागरिकों को देश के भीतर बसाने में लगा है। सूत्रों के मुताबिक, अल्ताफ ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पहले एजेंटों के जरिये पश्चिम बंगाल में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाते हैं। इसके आधार पर आधार कार्ड तैयार कराए जाते हैं। दस्तावेज हाथ लगते ही इन घुसपैठियों को भारत के अलग-अलग शहरों की ओर रवाना कर दिया जाता है। यहां वे आम लोगों की तरह अपनी पहचान छुपाकर बसने की कोशिश करते हैं। सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह की खास रणनीति में प्रेम जाल बिछाकर विवाह करना भी शामिल है।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को सफलता

### बिश्नोई गैंग के दो मोस्ट वांटेड गिरफ्तार हत्या के बाद भागे थे नेपाल

चंडीगढ़, 14 अगस्त (एजेंसियां)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने शंभू गांव के पास पटियाला-अंबाला हाईवे से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो मोस्ट वांटेड गुर्गों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हत्या करने के बाद वे नेपाल भाग गए और पंजाब में एक सनसनीखेज अपराध करने के लिए विदेशी आकाओं के निर्देश पर वापस लौटे थे। दोनों आरोपियों के खिलाफ पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में विभिन्न आपराधिक कानूनों सहित 15 से अधिक जघन्य अपराध के मामले दर्ज हैं। वे हाल ही में फाजिल्का में भारत रतन उर्फ विक्की की हत्या में भी वांछित थे। आरोपियों से एक ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल और 6 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपियों पर थाना राज्य अपराध, एसएएस नगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## फोन पर बात हुई, एक घंटे बाद बेटे की मौत

शहडोल, 14 अगस्त (एजेंसियां)। यह कहते हुए सौरभ की मां शीतला तिवारी फफक पड़ती हैं। सौरभ शहडोल के जयसिंह नगर थाना क्षेत्र में रहता था। हैदराबाद में प्राइवेट नौकरी करता था। 8 जुलाई 2025 को उसका शव फंदे पर मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जयसिंह नगर थाना प्रभारी अजय बैगा ने बताया कि सौरभ के परिवार वालों ने 4 अगस्त को बहू श्रेया पांडेय के खिलाफ केस दर्ज कराया। आरोप है कि वह पांच बीघा जमीन और 10 लाख रुपए मांग रही है। कुछ ऑडियो क्लिप भी सौंपी हैं। वहीं, श्रेया ने कहा- मैंने सौरभ को धोखा नहीं दिया। वह शारीरिक रूप से कमजोर था। डॉक्टर से इलाज कराने की बात कहता था। ससुरालवाले झूठे आरोप लगा रहे हैं।

## होटल में ठहरे युवक की तबीयत बिगड़ी, मौत

इंदौर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के लसूड़िया में एक युवक की बुधवार रात करीब 3 बजे संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वह एक होटल में ठहरा हुआ था। युवक अनूपपुर का रहने वाला है। जानकारी के बाद परिवार के लोग इंदौर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए मर्चुरी भेजा है और जांच शुरू कर दी है। दोस्तों ने बताया कि सुशांत ने इंदौर से पढ़ाई की है। राखी के बाद वह अनूपपुर से इंदौर आया था। वह ब्रोकर का काम भी करता है। इंदौर में रहने के लिए किराए से मकान ढूंढ रहा था। सुशांत के परिवार में दो बहनें और मां हैं, जो अनूपपुर में ही रहती हैं। पिता की काफी समय पहले हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। पुलिस ने अलसुबह परिजनों को जानकारी दी। उनके इंदौर आने के बाद सुशांत का पोस्ट मार्टम कराया जाएगा।

## एसपीओ की मौतः अपनी ही बंदूक से गोली लगने से हुआ दुखद हादसा

कुरुक्षेत्र, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जिला जेल परिसर में गुरुवार सुबह एक दुखद हादसे में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) जयभगवान की अपनी ही बंदूक से गोली लगने से मौत हो गई। मृतक कैथल जिले के गांव सौंगल का निवासी था। जानकारी के अनुसार, जयभगवान जिला जेल से कुछ बंदियों को अदालत में पेश करने के लिए वैन में ले जाने की तैयारी में था। इस दौरान वह वैन के पास एक बेंच पर बैठा था और उसने अपनी बंदूक गर्दन के सहारे रखी हुई थी। अचानक ट्रिगर दबने से गोली चल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



# गहलोत ने पूछा- आरएसएस का छात्र संगठन मौन क्यों?
## बोले- बीजेपी नहीं चाहती नया नेतृत्व तैयार हो

जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर चल रहा विवाद अब और गहरा गया है। राजस्थान हाईकोर्ट में भजनलाल सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इस साल विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाएगी। इस फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हमला बोला है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की मंशा पर सवाल उठाते हुए इसे नई पीढ़ी को राजनीतिक रूप से जागरूक होने से रोकने की साजिश करार दिया।

अशोक गहलोत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की चुप्पी पर भी सवाल उठाए और सभी छात्र संगठनों से इस मुद्दे पर अपनी



आवाज बुलंद करने की अपील की।

**हाईकोर्ट में सरकार का जवाब**

यह मामला तब सामने आया जब राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र जय राव ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की थी। याचिका में जय राव ने तर्क दिया कि छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से प्रतिनिधि चुनना छात्रों का मौलिक अधिकार है।

जवाब में, भजनलाल सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का हवाला देते हुए चुनाव कराने में असमर्थता जताई। सरकार ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों का उल्लेख करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के आठ सप्ताह के भीतर चुनाव करवाना संभव नहीं है।

इसके अलावा, कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की सिफारिशों का हवाला देते हुए सरकार ने कहा कि शैक्षणिक सत्र और कक्षाओं के कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के लिए चुनाव टाले जा रहे हैं।

**गहलोत का सरकार पर हमला**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने लिखा कि हाईकोर्ट में राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा छात्रसंघ चुनाव न करवाने की बात कहने से अब यह स्पष्ट है कि भाजपा चाहती ही नहीं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागृत हो एवं नया नेतृत्व तैयार हो। भाजपा की यह सोच बेहद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

**एबीवीपी की चुप्पी पर सवाल**

उन्होंने कहा कि छात्रसंघ की राजनीति केवल कांग्रेस ही नहीं बल्कि भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों के भी कई नेता निकल कर आए हैं। क्या उन्हें सार्वजनिक तौर पर अपनी बात नहीं रखनी चाहिए? आखिर नई शिक्षा नीति का बहाना लेकर कब तक इन चुनावों को टालते रहेंगे? आरएसएस का छात्र संगठन एबीवीपी मौन क्यों है? बाकी दलों के छात्र संगठनों को भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखनी चाहिए।

**छात्रसंघ चुनाव का महत्व**

दरअसल, छात्रसंघ चुनाव लंबे समय से भारतीय विश्वविद्यालयों में युवा नेतृत्व को उभारने का एक महत्वपूर्ण मंच रहे हैं। ये चुनाव न केवल छात्रों को अपनी आवाज उठाने का अवसर देते हैं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर उनकी जागरूकता को भी बढ़ाते हैं। राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों का इतिहास भी कई बड़े नेताओं की शुरुआत से जुड़ा रहा है।

# मदन राठौड़ का कांग्रेस पर करारा हमला
## स्वार्थी गांधी परिवार देशभक्त नेतृत्व पर लगा रहा झूठे आरोप

जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत विडंबना है कि जिनके परिवार के नेताओं ने अनैतिक तरीकों से चुनाव जीता और जिनके चुनाव को देश की न्यायपालिका ने रद्द किया, वे आज देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाने का दुस्साहस कर रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त किया, अर्थव्यवस्था को 10वें से चौथे स्थान तक पहुंचाया, सैन्य शक्ति को मजबूत किया और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में ऐतिहासिक कार्य हुए। उन्होंने इंदिरा गांधी के शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए



सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया और जब अदालत ने उनके चुनाव को अमान्य ठहराया, तो उन्होंने लोकतंत्र कुचलते हुए आपातकाल लगा दिया। इसके बाद 1989 में राजीव गांधी ने बैलेट पेपर हटाने की बात कही और अब राहुल गांधी चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं।

मतदाता सूची पर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए राठौड़ ने कहा कि यह नियमित संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसमें अनुपयुक्त नाम हटाए जाते हैं और नए नाम जोड़े जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटाए गए हैं, तो कांग्रेस को आपत्ति क्यों है? राठौड़ ने 1952 के पहले आम चुनाव में डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ हुई घटना को लोकतंत्र की पहली संगठित वोट चोरी बताया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को हराने के लिए करीब 70,000 से अधिक वैध मत रद्द किए गए, जिसके चलते वे मात्र 14,000 से कुछ अधिक वोटों से हार गए।

अंत में राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस 90 चुनाव हार चुकी है, इसलिए संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। वहीं भाजपा विकास, राष्ट्रहित और पारदर्शी शासन की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और झूठे आरोपों में उलझी है।

# भाजपा अनुशासन समिति से पूर्व प्रवक्ता का सवाल- मेरे लिए अलग नियम, राठौड़ के लिए अलग क्यों?

जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान भाजपा में अनुशासन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में पार्टी से निष्कासित किए गए पूर्व प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू ने सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखकर पार्टी की अनुशासन समिति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानू ने लिखा कि उन्हें मात्र जिला अध्यक्ष को लेकर 6 कार्यकर्ताओं के नाम पूछने पर अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जबकि राजेंद्र राठौड़ ने अखबार में लेख



लिखकर केंद्र सरकार की आर्थिक नीति पर सवाल उठाए, राजस्थान को नुकसान होने की बात कही और विपक्ष को मुद्दा दिया। इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

व्यंग्य करते हुए जानू ने पूछा कि अगर मुझे उचित मंच पर चर्चा करने की हिदायत दी गई थी, तो राठौड़ साहब किस मंच पर चर्चा कर रहे हैं? क्या उन्हें पार्टी संविधान की किसी धारा में विशेष अधिकार प्राप्त हैं? जानू ने यह भी आरोप लगाया कि अनुशासन समिति में जातीय पक्षपात हो रहा है, राजस्थान भाजपा में जाट के लिए एक कानून और राजपूत के लिए दूसरा कानून है।

पूर्व प्रवक्ता के अनुसार राठौड़ का आलेख आर्थिक ज्ञान देने से ज्यादा भारत सरकार की आर्थिक नीतियों की असफलताओं को उजागर करने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह अनुशासन समिति, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मदन राठौड़ और ओंकारसिंह लाखावत को दिखाई नहीं दे रहा? आखिर पार्टी की मजबूरी क्या है कि राठौड़ पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि आज की राजनीति में वे कुछ नहीं होते हुए भी सब कुछ दिखाई देते हैं?

# पेपर लीक में पूर्ववर्ती सरकारों की मिलीभगत
## बेनीवाल का कांग्रेस पर वार, धरना बिगाड़ने का आरोप

जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस एसआई भर्ती 2021 को रद्द करने और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन की मांग को लेकर जयपुर के शहीद स्मारक पर पिछले तीन महीनों से अधिक समय से धरना जारी है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल धरना स्थल पर पहुंचे और कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए।

बेनीवाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हुई एसआई भर्ती में



पेपर लीक का बड़ा मामला सामने आया था, जिसमें तत्कालीन सरकार के मुखिया के करीबी लोग भी गिरफ्तार हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के इशारे पर कांग्रेस नेताओं ने धरने में अराजकता फैलाने की कोशिश की।

मामला तब गरमा गया जब कांग्रेस के पैदल मार्च के दौरान शहीद स्मारक पर कुछ नेताओं ने बेनीवाल का पोस्टर हटाकर कांग्रेस का पोस्टर लगाने की कोशिश की। इससे कहासुनी और विरोध की स्थिति बन गई। धरना दे रहे युवाओं का कहना था कि कांग्रेस के राज में ही पेपर लीक के मामले हुए, ऐसे में उनके समर्थन का सवाल ही नहीं उठता।

बेनीवाल ने कहा कि वे लोकसभा में इस मुद्दे को पहले भी मजबूती से उठा चुके हैं और आगे भी युवाओं के हक की लड़ाई जारी रखेंगे। उनका कहना है कि पेपर लीक और नकल गिरोह को बढ़ावा देने के दोषी चाहे किसी भी दल के हों, उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# 15 माह तक नहीं होंगे 2 लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के तबादले

जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जनगणना कार्य में लगने वाले प्रदेश के करीब दो लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के जनवरी 2026 से मार्च 2027 तक तबादले नहीं हो सकेंगे। इस बीच मंगलवार को यहां जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से जनगणना-2027 को लेकर वाट्सऐप चैनल का शुभारम्भ किया गया। जनगणना कार्य निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक ने मंगलवार को यहां आयोजना विभाग के प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा की मौजूदगी में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण में अगले साल अप्रेल से सितम्बर के बीच 30 दिन तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा और फरवरी 2027 में परिवारों से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत में 1865 से 1872 के बीच पहली बार जनगणना हुई, लेकिन वह व्यवस्थित नहीं थी।

**राजस्थान में पहली बार डिजिटल जनगणना**

पहली व्यवस्थित जनगणना 1872 में हुई और 2027 में आजाद भारत की सातवीं जनगणना होगी। उन्होंने कहा कि इस बार प्रगणक डिजिटल माध्यम से जनगणना की जानकारी दर्ज करेंगे, वहीं लोगों को भी स्वयं जनगणना की जानकारी भरने का विकल्प दिया जा रहा है।

कानून के अनुसार कोई व्यक्ति जनगणना से सम्बन्धित जानकारी देने से मना नहीं कर सकता। इस बार एनपीआर के लिए जानकारी नहीं जुटाई जाएगी। जल्द ही जनगणना के पहले चरण मकान सूचीकरण के लिए प्रश्नावली तैयार कर ली जाएगी।

# एसीबी ने एएसआई को 5 हजार की रिश्वत लेते दबोचा



जयपुर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। गोविंदगढ़ पुलिस थाने में कार छोड़ने और परिवादी के बेटे को गिरफ्तार नहीं करने की एवज में 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते थाने के सहायक उपनिरीक्षक शंकरलाल मीणा को एसीबी ने दबोचा हैं। एसीबी ने उसके कब्जे से थाने में बने अनुसंधान कक्ष से 5 हजार रुपए की राशि भी बरामद की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी संदीप सारस्वत ने बताया कि पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे में जब्त कार को छोड़ने के एवज में सहायक उपनिरीक्षक ने परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। परिवादी की शिकायत की जांच करवाई तो मामला सही पाया गया। पकड़ने के लिए जाल बिछाया एवं परिवादी को 5 हजार देकर थाने में भेजा।

आरोपी सहायक उपनिरीक्षक ने पहले 5 हजार देने पर ही कार की चाबी देने व जब्त कार छोड़ने को कहा। इस पर 5 हजार को आरोपी ने अनुसंधान कक्ष में टेबल की दराज में रख दिए। इस पर एसीबी टीम में शामिल निरीक्षक रघुवीर शरण व अन्य ने दबोच लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारस्वत ने बताया कि जांच में सामने आया है कि परिवादी को छोड़ने के नाम पर पहले भी 65 हजार रुपए की वसूली की है।

# बहू के साथ छेड़छाड़ के आरोप में नेता गिरफ्तार, कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेजा

कोटा, 14 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में अपनी ही बहू से छेड़छाड़ के मामले में गिरफ्तार हुए आरोपी ससुर की मुश्किलें अब बढ़ने लगी हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी ससुर को कोर्ट ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। मामले में 2 अगस्त को पीड़िता ने अपने ससुर के खिलाफ रामगंज मंडी थाने में छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया था। आरोपी ससुर बीजेपी का नेता भी है। इस पूरे प्रकरण के दौरान पीड़िता और उसके परिवार जनों को धरना प्रदर्शन भी करना पड़ा था।

थाना अधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि पीड़िता ने 2 अगस्त को थाने में एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसका 55 वर्षीय ससुर दो सप्ताह पहले रात के समय उसके कमरे में आ गया और छेड़छाड़ की। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके अनुसंधान शुरू कर दिया था और आरोपी ससुर पर आरोप तय होने के बाद उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया।

पीड़िता ने अपने बयान में यह भी बताया था कि उसने अपनी सास को भी इस बारे में जानकारी दी थी लेकिन सास ने मामले को नजर अंदाज कर दिया। पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले में कोई भी लापरवाही नहीं बरती गई है और आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को 6 महीने हुए हैं। पति जयपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। घटना के बाद पीड़ित अपने पीहर चली गई थी लेकिन समझाइश के बाद वापस ससुराल आ गई। पीड़िता का कहना है कि वापस ससुराल आने के बाद भी ससुर अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और लगातार पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करते रहे जिससे पीड़िता मानसिक तनाव में आ गई।

पीड़िता के परिवारजनों का कहना है कि मामले में पुलिस ने पहले लापरवाही बरती थी। इसके बाद पीड़िता ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आपबीती बताई। इसी बीच कांग्रेस के पदाधिकारियों को भी पूरे मामले में भाजपा नेता और आरोपी ससुर को घेरने का मौका मिल गया। इसके बाद कांग्रेस भी पीड़िता के समर्थन में आ गई और ससुर की गिरफ्तारी की मांग करने लगी।

# दिगम्बर जैन मंदिर में चोरों ने बोला धावा
## चौकीदार को कमरे में किया बंद, उठा ले गए 12 लाख की मूर्तियां और सामान

अलवर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राजगढ़ कस्बे के मेला का चौराहा स्थित दिगम्बर जैन समाज नसिया जी मंदिर में बीती रात चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने मंदिर के चौकीदार को कमरे की कुंडी लगाकर बंद कर दिया। मंदिर से करीब 12 लाख रुपए के सामानों की चोरी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। बता दें कि इस दिगम्बर जैन मंदिर में इससे पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। आज रात हुई चोरी में मंदिर से करीब 12 लाख रुपए की लागत के सोने, चांदी व अष्टधातु से निर्मित मूर्ति और सिंहासन, छत्र सहित अन्य सामान चोर उठा ले गए। सूचना पर समाज के लोगों ने मौके पर पहुंच देखा तो मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ था।

**मंदिर से इन सामानों की हुई चोरी**

जांच पड़ताल में सामने आया कि मंदिर से चांदी के 12 छत्र, 1 चांदी का सिंहासन, 6 भामण्डल, पाण्डुशिला, महावीर भगवान की प्रतिमा, अष्टधातु की 1 पाषाण मूर्ति सहित अन्य सामान की चोरी हुई है। इस सम्बंध में पुलिस सूचना दी गई, जिसके बाद राजगढ़ थानाधिकारी राजेश मीना जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी ली।

**चौकीदार ने दी चोरी की सूचना**

जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि विगत दो बार नसिया जी में चोरी हुई। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की गई और न कोई सुराग लगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के चौकीदार बनवारी लाल सैनी ने उन्हें सूचना दी की मंदिर में चोरी हो गई है और उसके कमरे को बाहर से बंद करके चले गए हैं।

राजेन्द्र जैन ने कहा कि इस बार यदि पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो अलवर व जयपुर सहित समाज के लोगों को जानकारी दी जाएगी।

# आनंदपाल एनकाउंटर केस में आया नया मोड़
## कोर्ट में दाखिल की गई नई याचिका

चूरू, 14 अगस्त (एजेंसियां)। चूरू जिले के मालासर गांव में साल 2017 में हुए चर्चित आनंदपाल एनकाउंटर मामले में नया मोड़ आ गया है. आनंदपाल की पत्नी राजकंवर ने अपने वकील के जरिये चूरू के जिला एवं सत्र न्यायालय में नई याचिका दायर कर एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अक्षरशः पालन की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि सीबीआई कोर्ट पहले ही इस एनकाउंटर को फर्जी करार दे चुकी है. इसके बावजूद इसमें शामिल



पुलिस अधिकारियों को आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन और पुरस्कार दिए गए.

याचिका में कहा गया है कि यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय के 23 सितंबर 2014 के आदेशों के प्रतिकूल है. उसमें साफ निर्देश है कि किसी भी एनकाउंटर के तुरंत बाद गैलेंट्री अवॉर्ड या अन्य लाभ तब तक नहीं दिए जा सकते जब तक 'बहादुरी' संदेह से परे साबित न हो जाए. राजकंवर ने याचिका के जरिये अदालत से आग्रह किया है कि संबंधित पुलिसकर्मियों को दिए गए सभी लाभों को तत्काल रद्द किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू की जाए.

# आशा सहयोगिनी से दुष्कर्म
## अश्लील वीडियो बनाकर मांगे 5 लाख रुपए

अलवर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर जिले के एक ग्रामीण थाना क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी आशा सहयोगिनी के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार किया गया, अश्लील फोटो-वीडियो बनाए गए और बाद में उन्हें वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की मांग की गई।

पीड़िता ने अलवर में कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि जुलाई-2023 में चाइल्ड लेबर सर्वे के लिए मनोज सैनी पुत्र विष्णु सैनी निवासी सोनीपत उसके गांव आया। सरकारी आदेश का हवाला देते हुए सर्वे में मदद के लिए कहा। इस पर उसने उसके साथ गांव का सर्वे किया। इस दौरान आरोपी से उसकी अच्छी जान-पहचान हो गई। इस बीच वह अपने काम के सिलसिले में कई बार अलवर आई तो मनोज ने उससे दोस्ती के लिए कहा और वह भी काम के सिलसिले में उसके गांव आता रहता था। इस बीच एक दिन वह गांव की महिलाओं की डिलीवरी ऑपरेशन के लिए अस्पताल आई तो मनोज उसे वहां मिला और घूमने के बहाने उसे एक होटल में ले गया। जहां उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद उसके साथ बेहोशी की हालत में बलात्कार कर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। बाद में आरोपी उसके अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अलवर बुलाकर उसके साथ बलात्कार करता रहा।

जुलाई 2025 में आरोपी ने उससे फोन पर दो लाख रुपए की मांग की। उसके मना करने पर आरोपी ने उसके अश्लील फोटो व वीडियो उसके रिश्तेदारों के फोन पर भेज दिए और उसके पति से भी रुपयों की मांग की। फिर फोटो व वीडियो डिलीट करने के लिए 5 लाख रुपए मांगे। पीड़िता ने बताया कि करीब एक महीने पहले थाने में आरोपी ने उसको परेशान नहीं करने की बात कही थी। लेकिन बाद में उसके अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर दिए।

# झुंझुनूं में पुलिस की दबंगई! पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए युवक को बेरहमी से पीटा, 2 पुलिसवालों पर गिरी गाज

झुंझुनू, 14 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस की दबंगई का मामला सामने आया है। आरोप है कि पूछताछ के लिए थाने बुलाए गए युवक के साथ पुलिसवालों ने बेरहमी से मारपीट की। युवक के साथ हुई मारपीट के दौरान पुलिस थाने में कांच का गेट भी टूट गया और कुछ कांच के टुकड़े युवक के हाथ घुस गए। घायल का अस्पताल में उपचार जारी है।

मामला सामने आने के बाद पुलिस थाना मंड्रेला के दो कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया है। घटना को पुलिस अनुशासन का उल्लंघन और छवि धूमिल करने वाला मानते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय के संज्ञान में लाया गया। इसके बाद दोनों कांस्टेबल को रिजर्व पुलिस लाइन झुंझुनूं भेज दिया गया।

**थानाधिकारी बोले- युवक ने ही तोड़ा कांच**

थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन ने बताया कि किसी मामले में चूरू जिले के राउतसर कुंजला निवासी जमील उर्फ तारिफ को थाने बुलाया गया था। इस दौरान कांस्टेबल मुकेश और हेमराज से उसकी बहस हो गई। बहस के दौरान युवक ने आवेश में आकर अनुसंधान कक्ष के आगे लगे कांच व दरवाजे पर हाथ दे मारा, जिससे वह घायल हो गया। उसका इलाज कराया गया।

# 194 किलो अफीम और डोडा चूरा के साथ ट्रेलर चालक गिरफ्तार

अलवर, 14 अगस्त (एजेंसियां)। अलवर जिले में साइबर अपराध, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब और महिला अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नसवारी पुलिस चौकी पर सघन नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक ट्रेलर चालक को 194 किलो 868 ग्राम अफीम और डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका के निर्देशन और उप पुलिस अधीक्षक लक्ष्मणगढ़ कैलाश जिंदल के सुपरविजन में की गई। गोविंदगढ़ थानाधिकारी बंसी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामगढ़ की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर को रोककर तलाशी ली।

जांच में ट्रेलर में भारी मात्रा में अफीम और डोडा चूरा छुपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही चालक निर्मल सिंह पुत्र हरदेव सिंह, निवासी ललावंदी, थाना रामगढ़, को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, यह जब्ती हाल के वर्षों में क्षेत्र में हुई सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक है।

# दो रेलवे सुरक्षा बल कर्मी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के दो रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस- 2025 के अवसर पर उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं में गोल्लामुदी मधुसूदन राव, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ/गुंटूर और के. राजगोपाल रेड्डी, सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ/रेनिगुंटा शामिल हैं। संजय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी सेवा के लिए प्राप्त सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त की।





उन्होंने रेल यात्रियों और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह न केवल रेलवे सुरक्षा बल के लिए, बल्कि पूरे एससीआर क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है।

गोल्लामुदी मधुसूदन राव, (आईआरपीएफएस) वर्तमान में दक्षिण मध्य रेलवे के गुंटूर स्थित रेलवे सुरक्षा बल में मंडल सुरक्षा आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। वे 1989 में आरपीएफ में उप-निरीक्षक के रूप में शामिल हुए और पिछले 36 वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुकरणीय सेवा के माध्यम से अपने वर्तमान पद तक पहुंचे।

अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एससीआर के विभिन्न प्रभागों में उप-निरीक्षक और निरीक्षक के रूप में विशिष्ट सेवा प्रदान की है। सहायक सुरक्षा आयुक्त के रूप में पदोन्नति के बाद, उन्होंने 2014 से 2025 के बीच रेलवे बोर्ड, रेल व्हील फैक्ट्री/येलहंका, हुबली डिवीजन/एसडब्ल्यूआर, 7 वीं बटालियन/आरपीएसएफ/मौला-अली और विजयवाड़ा डिवीजन में कार्य किया। 23 अप्रैल को डिवीजनल सुरक्षा आयुक्त के रूप में पदोन्नत होने पर, उन्हें गुंटूर डिवीजन में तैनात किया गया। रेलवे सुरक्षा बल में अपनी ईमानदारी, समर्पण और सत्यनिष्ठा के लिए प्रसिद्ध, वे अपने सहयोगियों को प्रेरित करने वाले कार्य नैतिकता के साथ उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले अपने शानदार करियर में, उन्हें गणतंत्र दिवस 2016 के दौरान भारतीय पुलिस पदक, 2014 में डीजी/आरपीएफ प्रतीक चिन्ह, महाप्रबंधक पदक, 05 पीसीएससी पुरस्कार और 16 डीआरएम पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

के राजगोपाल रेड्डी वर्तमान में सहायक सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, रेनिगुंटा, दक्षिण मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वर्ष 2012 (गणतंत्र दिवस) में भारतीय पुलिस पदक, दो अवसरों पर सर्वश्रेष्ठ जांच के लिए अखिल भारतीय रेल मंत्री पदक, महानिदेशक प्रतीक चिन्ह, महाप्रबंधक पदक और कई कठिन मामलों का पता लगाने और अनुकरणीय सेवाओं के लिए कई अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कठिन समय के दौरान लगभग 02 वर्षों तक कोसोवो और दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में पुलिस सलाहकार के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और उन्हें 04 संयुक्त राष्ट्र शांति पदक से सम्मानित किया गया है।


दक्षिण मध्य रेलवे

## ई-निविदाएं

ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36/345 व 347, दि.6-8-2025 (2) ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36/346, दि.5-8-2025 (3) ई-निविदा सूचना सं. जीएनटी/एसजी/36/348, दि.11-8-2025

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु 1) 29-08-2025 के 12.00 बजे, 2) 28-08-2025 के 16.00 बजे, 3) 3-9-2025 के 12.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

आयडी नं. 345, कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन के नंद्याल(एनडीएल)-पान्यम (पीएनएम) के बीच एलसी नं.180 @ 260/12-13 किमी पर मिड-सेक्शन एलसी गेट की प्रस्तावित इन्टरलाकिंग से संबंधित सिग्नल्लिंग व्यवस्थाएं। विज्ञापित निविदा मूल्यः रु.91,88,088.60, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा राशि रु.1,83,800/- निविदा दस्तावेज मूल्यःरू.शून्य

आयडी नं. 346, कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन के संगमजगर्लामुडी (एसजेएल)-तेनाली (टीइएल) के बीच एलसी नं.228 @ 2/36-38 किमी पर मिड-सेक्शन एलसी गेट की प्रस्तावित इन्टरलाकिंग से संबंधित सिग्नल्लिंग व्यवस्थाएं। विज्ञापित निविदा मूल्यः रु.91,88,088.60, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा राशि रु.1,83,800/- निविदा दस्तावेज मूल्यःरू.शून्य

आयडी नं. 347, कार्य विवरणः गुंटूर डिवीजन पर बहुत पुराने टेलिकॉम एक्सचेंजेस का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेन्ट कार्य। विज्ञापित निविदा मूल्यः रु.5,10,14,246.60, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा राशि रु.4,05,100/- निविदा दस्तावेज मूल्यःरू.शून्य

आयडी नं. 348, कार्य विवरणः जीएनटी स्टेशन पर डिजास्टर मैनेजमेन्ट इक्कीपमेन्ट के लिए, एआरटी पर एक्सीडेंट साइट कम्युनिकेशन सिस्टम सहित वीएसएटी (रिमोट क्विक डिप्लायेबुल सुटकेस टाइप) पोर्टेबुल का रिप्लेसमेन्ट या प्रतिस्थापन। विज्ञापित निविदा मूल्यः रु.1,22,98,208.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा/बोली सुरक्षा राशि रु.2,11,500/- निविदा दस्तावेज मूल्यःरू.शून्य

यदि निविदाएं खोलने की तिथि को तदनंतर अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिन पर तत्संबंधित तय समय पर खोला जायेगा। ई-बिड्स या ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथियां 1) 29-08-2025 के 12.00 बजे, 2) 28-08-2025 के 16.00 बजे, 3) 3-9-2025 के 12.00 बजे तक है। तत्संबंधित विस्तृत विवरण हेतु हमारे वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर जाएं। अधिक संचार/शुद्धिपत्र को, केवल ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in द्वारा सूचित किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/गुण्टूर**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
(http://ireps.gov.in के माध्यम से)
सी/इ.29/टीआरडी/एससी/31/2025-26 दि.12-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1 एनआयटी नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/31/2025-26, कार्य विवरणः निविदा सं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/31/2025-26 दि.12-08-2025 , एससी डिवीजनः टीएस/एचवायबी पर, इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के लिए अतिरिक्त ट्रिप इन्सपेक्शन सुविधाओं के सृजन से संबंधित टीआरडी परिवर्तन कार्य। विवरण अनुमानित लागतःरू. 54,92,977.24, कार्य पूरा करने की अवधिः 120 दिन, बंद करने की तिथिः 12-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः http://ireps.gov.in पर लागिन करें।

तत्संबंधित में निविदाकारों को, केवल ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ही भाग लेना होगा तथा इस मामले में मैन्यूएल आफर्स पर कतई विचार नहीं किया जायेगा। सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स के माध्यम से ही, निविदा प्रपत्र व पूर्व धरोहर राशि का भुगतान करें।

सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या को प्राप्त करे एवं उसे अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें।

निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/ सिकंदराबाद**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
(http://ireps.gov.in के माध्यम से)
सी/इ.29/टीआरडी/एससी/40/2025-26 दि.11-08-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1 एनआयटी नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/40/2025-26, कार्य विवरणः निविदा सं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/40/2025-26 दि.11-08-2025 , एससी डिवीजनः इएलएस/केजेडजेः इएलएस/काजीपेट पर, होमिंग क्षमता का 175 से 300 इलेक्ट्रिक लोकोज की वृध्दि या अगमेन्टेशन से संबंधित टीआरडी परिवर्तन कार्य। विवरण अनुमानित लागतःरू. 1,01,40,653.86, कार्य पूरा करने की अवधिः 120 दिन, बंद करने की तिथिः 8-9-2025 के 15.00 बजे

1)बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइटः http://ireps.gov.in पर लागिन करें।

2)तत्संबंधित में निविदाकारों को, केवल ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ही भाग लेना होगा तथा इस मामले में मैन्यूएल आफर्स पर कतई विचार नहीं किया जायेगा।

3)सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि, केवल आनलाइन पेमेन्ट्स के माध्यम से ही, निविदा प्रपत्र व पूर्व धरोहर राशि का भुगतान करें।

4) सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या को प्राप्त करे एवं उसे अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें।

5)निविदाकार, किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/ सिकंदराबाद**

A1213

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्स https://www.ireps.gov.in एवम् www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# दुनिया में जो भी कुछ है सब महादेव की कृपा से ही है : पं. प्रदीप मिश्रा













हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने पूरन संस फार्म्स गगन पहाड शमशाबाद में आयोजित शिवमहापुराण की कथा सुनाते हुए भगवान शिव की महिमा का व्याख्यान किया। कथा सुनने के लिए लाखों की भीड एकत्रित थी।

भगवान देव जी की पवित्र कथा का व्याख्यान करते हुए पंडित जी ने कहा कि दुनिया में जो भी चराचर में व्याप्त है वह सब महादेव की कृपा से ही है। पंडित जी के मुखारविंद से कथा सुनते हुए उनकी भक्ति संगीत पर श्रोता झूमते रहे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हमारी 21600 श्वास चलती है वह भी सब शिवकृपा से ही संभव है। प्रतिदिन मानव शरीर से निकल रहे प्रत्येक श्वांस को ग्रहण करने के साथ ही शिव का स्मरण कर लिया, देख लिया, ध्यान कर लिया तो यह समझो की भगवान शिव को पा लिया। 21600 बार शरीर से रोज आ रही और जा रही है तभी तक शरीर है। केवल श्वांस का आना-जाना समाप्त हो जाए तो शरीर शरीर नहीं रहता।

फिर शरीर के पास जाने के बाद में केवल एक शब्द याद रहता है कि जिसका वर्णन शिव महापुराण की कथा में आता है। जिसने अपने जीवन काल में शिव नाम नहीं जाना, जिसने अपने जीवन काल में शिव नाम नहीं लिया, शिव का स्मरण नहीं किया शिव के भजन भक्ति को धारण नहीं किया भगवान शंकर का नाम नहीं लिया शिव नाम का स्मरण नहीं किया तो भला वह शिवलोक गामी कैसे हो सकता है।

पंडित मिश्रा ने कहा कि एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति भगवान महेश से हुई है और यह संपूर्ण विश्व की उत्पत्ति कैसे हुई तो हमारा निवेदन है केवल माहेश्वरी समाज की ही उत्पत्ति शिव से नहीं भगवान महेश से नहीं बल्कि जितना भी ब्रह्मांड की रचना आप देख रहे हो यह सब भगवान महेश की रचना है भगवान शिव की है। इसकी रचना किसी दूसरे की है ही नहीं। भगवान शिव जी और भगवान ब्रह्मा जी की लड़ाई इस बात से शुरू हुई कि भगवान शिव जी ने भगवान ब्रह्मा जी से केवल इतना कहा कि इस सृष्टि की रचना जब आप करें तो थोड़ा सा अहंकार अपने अंदर मत आने देना। केवल ब्रह्मा जी से ही नहीं भगवान शंकर संसार के प्रत्येक मानव से हर जीव से सिर्फ एक बात करते हैं कि कोई भी काम करो पूरा मन लगाकर करो। कोई अडचन पड़ जाए तो सामने प्रकट मत करो। सही जिंदगी जीने के लिए शिव की बंदगी बहुत जरूरी है। जिस मानव ने यह जान लिया तो वही सही में जीना सीख लिया। हर जीव को शिव की बंदगी करना पड़ेगी शंकर की आराधना करना पड़ेगी शंकर की बंदगी करना पड़ेगी तो समझ लो की जिंदगी हमारी सार्थक हो गई। शिव की बंदगी के बिना हमारी यह जिंदगी ठीक नहीं हो सकती है।

मेरी बहन बेटी, बेटा माता पिता यहां विराजमान है हैदराबाद की पवित्र कथा के प्रांगण में कथा सुन रहे हैं या चैनल फेसबुक यूट्यूब पर आप कथा को ग्रहण कर रहे हैं वह अपने जीवन में उतना की सही जिंदगी बनाने के लिए शिव की बंदगी पा रहे हैं। आप राम जी का भजन करो आप कृष्ण जी का भजन करो आप नारायण का भजन करो आप जिसे भजन करना चाहे उसका करो आप को उसका फल अवश्य मिलेगा।

पंडित जी ने कहा कि विषम परिस्थिति में आने के बाद भी अगर भगवान महादेव की कृपा से कोई दुख कोई तकलीफ कोई कष्ट कोई परेशानी सामने आकर ना खड़ी हो तो समझ लेना की कोई शिव की बड़ी कृपा आप पर बरस रही है। भगवान शंकर तो करुणा के सागर हैं।

इस धर्म सभा के आयोजन ब्रिजगोपाल-दीपाली भूतडा, गौरव आलोक भूतडा ने बताया कि महाराज श्री की कथा 17 अगस्त तक चलेगी। उन्होंने भक्तों की अपार संख्या को देखते हुए कहा कि सभी श्रद्धालुओं के लिए रहने व प्रसाद पाने की पूरी व्यवस्था की गई है। भूतडा परिवार ने सभी भक्तों से अपील की है कि बडी संख्या में पधार कर भगवान भोलेनाथ की बरस रही कृपा का लाभ लें।

# गायक राहुल सिप्लिगंज ने मुख्यमंत्री रेवंत से मुलाकात की

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लोकप्रिय पार्श्व गायक राहुल सिप्लिगंज ने गुरुवार को जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। हाल ही में, राज्य सरकार ने राहुल के लिए 1 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है, जिसके बाद गायक ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, रेवंत रेड्डी ने राहुल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस बैठक में सांसद अनिल कुमार यादव, कुंदुरु विधायक जयवीर रेड्डी, खैरताबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोहिन रेड्डी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। राहुल की उल्लेखनीय यात्रा ऐतिहासिक पुराने शहर हैदराबाद से शुरू हुई और फिल्म आरआरआर के उनके गीत "नटू नटू" ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई, यहां तक कि ऑस्कर में भी नामांकन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें तेलंगाना के युवाओं के लिए एक आदर्श बताया और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत से प्राप्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उस एक गीत से राहुल ने अनगिनत प्रशंसकों का दिल जीत लिया। 2023 के एक कार्यक्रम में, टीपीसीसी अध्यक्ष के रूप में रेवंत रेड्डी ने वादा किया था कि अगर कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वे राहुल सिप्लिगंज को 1 करोड़ रुपये का नकद इनाम देंगे। इसी वादे के अनुरूप, कांग्रेस सरकार ने 20 जुलाई को पुराने शहर में बोनालु उत्सव के दौरान राहुल को 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की, जिससे गायक के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान हुआ। इसी तरह, प्रसिद्ध कवि एंडेसरी ने भी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके जुबली हिल्स स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।



## स्वतंत्रता दिवस पर बाइसन ग्राउंड में वायुसेना बैंड का कार्यक्रम

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक घंटे का लाइव कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। स्वतंत्रता और देशभक्ति की भावना का जश्न मनाने के लिए, वायुसेना अकादमी स्थित बैंड 15 अगस्त को शाम 5 बजे से 6 बजे तक सिकंदराबाद स्थित बाइसन ग्राउंड में कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। वायुसेना बैंड ने एक संदेश में कहा कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा जहां बैंड राष्ट्रीय गौरव और जन सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यतः देशभक्ति की धुनें और गीत बजाएगा। बैंड ने गणतंत्र दिवस परेड, बीटिंग ऑफ द रिट्रीट, स्वतंत्रता दिवस परेड, वायुसेना दिवस परेड, संयुक्त स्नातक परेड, बैंड संगीत कार्यक्रम, तीनों सेनाओं के बैंड संगीत कार्यक्रम और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गार्ड ऑफ ऑनर जैसे कई महत्वपूर्ण समारोहों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया है।

# अनैतिक व्यापार गिरोह का भंडाफोड़, नौ पीड़ितों को बचाया गया

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद की मानव तस्करी निरोधक इकाई ने माधापुर पुलिस स्टेशन की सीमा में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामले का भंडाफोड़ किया और नौ पीड़ितों को बचाया। इनमें भारत के पांच अलग-अलग राज्यों (पश्चिम बंगाल-2, दिल्ली-2, झारखंड-1, हरियाणा-1, पंजाब-1) की सात-सात पीड़िताएं और दो देशों (उज़्बेकिस्तान-1 और तुर्कमेनिस्तान-1) की एक-एक पीड़िता शामिल हैं।

पुलिस उपायुक्त, महिला एवं बाल सुरक्षा शाखा, साइबराबाद ने बताया कि साइबराबाद की एएचटीयू टीम ने संगठित वेश्यावृत्ति की विश्वसनीय सूचना पर, गायत्री नगर कॉलोनी, पर्वत नगर, माधापुर, साइबराबाद स्थित बीएसआर सुपर लग्जरी एंड लिविंग होटल पर छापा मारा और नौ पीड़ितों को बचाया। टीम ने नौ आरोपियों को भी गिरफ्तार किया, जो भारत भर के विभिन्न स्थानों से महिलाओं की खरीद कर रहे थे, लोकैंटो, स्कोक्का आदि वेबसाइटों पर विज्ञापन पोस्ट कर रहे थे, कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों से संपर्क कर रहे थे, ग्राहकों को पीड़ितों तक पहुंचने और विभिन्न होटलों, ओयो रूम में वेश्यावृत्ति में लिप्त होने और इस संगठित वेश्यावृत्ति के लिए पैसे इकट्ठा करने में मदद कर रहे थे।

माधापुर पुलिस ने के तहत मामला दर्ज किया और नौ आरोपियों हमर सिंह उर्फ अमीद सिंह (आयोजक), थम्मी श्रीनिवास (पर्यवेक्षक), पोकला वेंकटेश्वरलू, बेकमेतोवा गुलशात, रखमानोवा मलिका उर्फ लोविना बोरा, लक्ष्मण तुमू, आकाश बजाज, गोरा मोहम्मद वसीम और के. पार्थिबन को गिरफ्तार किया।

साइबराबाद पुलिस एक बार फिर निर्दोष पीड़ितों और लड़कियों से अनुरोध करती है कि वे तस्करी और वेश्यावृत्ति के बहकावे में न आएं, वेश्यावृत्ति और आसान पैसे कमाने के तरीकों पर ध्यान न दें। कुछ एजेंट नौकरी के नाम पर गरीब लड़कियों को फुसलाकर वेश्यावृत्ति के लिए भेज देते हैं। ऐसे नौकरी के वादों और आसान पैसे के वादों पर तब तक भरोसा न करें जब तक कि ज्ञात स्रोतों से पुष्टि न हो जाए। ओयो और अन्य होटलों के प्रबंधन को सलाह दी जाती है कि वे पते के विवरण जैसे आधार कार्ड और अन्य पहचान प्रमाणों की दोबारा जांच करें और चेक-इन के समय अकेले रहने वाले ग्राहकों का इतिहास भी सत्यापित करें और दूसरे राज्यों से आने वालों को सख्त निर्देश दें।

## सचिव ईएसडब्ल्यू ने हैदराबाद में कल्याणकारी पहलों की समीक्षा की

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव, आईएएस डॉ. नितेन चंद्रा, मेजर जनरल एसबीके सिंह, सेना मेडल, महानिदेशक पुनर्वास और ब्रिगेडियर दिग्विजय बसेरा, विशिष्ट सेवा मेडल एवं बार, सचिव केंद्रीय सैनिक बोर्ड के साथ हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. नितेन चंद्रा, मेजर जनरल एसबीके सिंह, ब्रिगेडियर दिग्विजय बसेरा और सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक कर्नल पी. रमेश कुमार (सेवानिवृत्त) ने मीडिया से बातचीत की, जहां उन्होंने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने तेलंगाना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन का भी दौरा किया और कार्यकारी निकाय के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन विभाग द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। एफटीसीसीआई ने आश्वासन दिया है कि उनके सदस्य पूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिए आगे आएंगे और पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत धनराशि भी प्रदान करेंगे। ईएसडब्ल्यू सचिव ने सैनिक कल्याण विभाग का दौरा किया और उनके कामकाज की समीक्षा की। सचिव ने विभाग द्वारा की गई पहलों की सराहना की और आश्वासन दिया कि विभाग द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। कर्नल पी रमेश कुमार (सेवानिवृत्त), श्रीनेश कुमार, क्षेत्रीय सैनिक कल्याण अधिकारी, नरोत्तम रेड्डी और कैप्टन श्रीनिवासुलु इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 14 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा, हमारे महान राष्ट्र के इतिहास के इस विशेष दिन पर, मैं अपने प्रिय भारत के प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से तेलंगाना के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। स्वतंत्रता दिवस उन अनगिनत देशभक्तों के सम्मान का एक पवित्र प्रतीक है, जिन्होंने अटूट साहस और दृढ़ विश्वास के साथ अपने प्राणों की आहुति दे दी ताकि हमारी मातृभूमि स्वतंत्रता के उपहार का आनंद ले सके। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने कहा कि, आज हम उन वीर आत्माओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिनके समर्पण और निस्वार्थता ने हमारे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है।

उनके बलिदान ही हमारी स्वतंत्रता की स्थायी नींव हैं। जैसे हम गर्व से अपने तिरंगे को सलाम करते हैं, आइए हम एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध करें, एक ऐसा भारत जहां सभी के लिए समृद्धि और शांति हो। इस दिन, आइए हम एकता, अखंडता और प्रगति की मशाल को ऊंचा उठाएं और एक उज्जवल कल की ओर मिलकर आगे बढ़ें। ईश्वर करे कि तिरंगा सदैव आकाश में ऊंचा लहराए और इसके तीन रंग हमारे हृदय में साहस, शांति और विश्वास के शाश्वत मूल्यों की प्रेरणा दें।


**एन एच पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
हरित ऊर्जा में निहित शक्ति
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
Advertisement No: NH/Rectt./FTB/04/2025-26

अपने जुनून की खोज करें .............. हमारे साथ अपना करियर बनाएं

**निर्धारित अवधि (Fixed Tenure) के आधार पर अनुभवी चिकित्सा अधिकारी/फील्ड इंजीनियरों की भर्ती**

एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का नवरत्न उद्यम) भारत में सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन है, जिसमें जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक सभी गतिविधियों को करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा विकास आदि के क्षेत्र में भी विविधता लाई है। कंपनी के बेहतर अवलोकन के लिए, हमारी वेबसाइट www.nhpcindia.com पर आपका हमेशा स्वागत है

एनएचपीसी लिमिटेड इच्छुक और योग्य अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों/फील्ड इंजीनियरों से 01 वर्ष की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें नीति के अनुसार अतिरिक्त 02 वर्षों तक वार्षिक आधार पर विस्तार का प्रावधान है। रिक्तियों और आरक्षण आवश्यकताओं का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | तैनाती स्थान | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, रोइंग, अरुणाचल प्रदेश | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 06 |
| 2 | | फील्ड इंजीनियर (विधुत) | 02 |
| 3 | रंगित पावर स्टेशन, रंगीत नगर, दक्षिण सिक्किम सिक्किम | मेडिकल अधिकारी | 01 |
| | | Total | 09 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगे।

CBC : 34128/12/0004/2526

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख : 18.08.2025 (प्रातः 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 08.09.2025 (सॉय 05:00 बजे)

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



**एन एच पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
हरित ऊर्जा में निहित शक्ति
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
Advertisement No: NH/Rectt./FTB/04/2025-26

अपने जुनून की खोज करें .............. हमारे साथ अपना करियर बनाएं

**निर्धारित अवधि (Fixed Tenure) के आधार पर अनुभवी चिकित्सा अधिकारी/फील्ड इंजीनियरों की भर्ती**

एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का नवरत्न उद्यम) भारत में सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन है, जिसमें जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक सभी गतिविधियों को करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा विकास आदि के क्षेत्र में भी विविधता लाई है। कंपनी के बेहतर अवलोकन के लिए, हमारी वेबसाइट www.nhpcindia.com पर आपका हमेशा स्वागत है

एनएचपीसी लिमिटेड इच्छुक और योग्य अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों/फील्ड इंजीनियरों से 01 वर्ष की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें नीति के अनुसार अतिरिक्त 02 वर्षों तक वार्षिक आधार पर विस्तार का प्रावधान है। रिक्तियों और आरक्षण आवश्यकताओं का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | तैनाती स्थान | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना, रोइंग, अरुणाचल प्रदेश | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 06 |
| 2 | | फील्ड इंजीनियर (विधुत) | 02 |
| 3 | रंगित पावर स्टेशन, रंगीत नगर, दक्षिण सिक्किम सिक्किम | मेडिकल अधिकारी | 01 |
| | | Total | 09 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगे।

CBC : 34128/12/0004/2526

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख : 18.08.2025 (प्रातः 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 08.09.2025 (सॉय 05:00 बजे)

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्या एशिया कप खेलेंगे शुभमन गिल?

## एक साल से भारत के लिए टी-20 नहीं खेला


## ओपनिंग पोजिशन पर जगह भी खाली नहीं

मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की जगह 3 में से 2 फॉर्मेट में तो फिक्स है, लेकिन सबसे छोटे फॉर्मेट में उनकी पोजिशन तय नहीं है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के इंडियन स्क्वॉड में भी उन्हें जगह नहीं मिली थी।

एशिया कप भी टी-20 फॉर्मेट में होगा। शुभमन ने पिछले 1 साल से भारत के लिए कोई टी-20 भी नहीं खेला, इस दौरान बाकी खिलाड़ियों ने उनके स्थान पर टॉप ऑर्डर में जगह बना ली। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि एक फॉर्मेट में भारत के कप्तान को टी-20 टीम में जगह भी मिलेगी या नहीं?

**टी-20 फॉर्म बेहतरीन**

शुभमन गिल ने भले ही सालभर से टी-20 इंटरनेशनल नहीं खेला हो, लेकिन वे वनडे और टेस्ट में इस दौरान भारत के हर स्क्वॉड का हिस्सा रहे। उन्होंने 2 महीने पहले ही आईपीएल में भी हिस्सा लिया था। गुजरात टाइटंस से खेलते हुए उन्होंने पिछले सीजन 6 फिफ्टी लगाकर 650 रन बनाए थे। इस




दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 155 से ज्यादा का रहा था।

**आईपीएल में गुजरात की कप्तानी भी करते हैं**

शुभमन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के कप्तान भी हैं। पिछले साल हार्दिक पंड्या के चले जाने के बाद उन्होंने ही टीम की कमान संभाली। 2024 में तो टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी, लेकिन इस साल उन्होंने टीम को टॉप-4 में जगह दिलवाई। हालांकि, एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा।

**भारत की टी-20 कप्तानी भी कर चुके हैं**

पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में जरूर शुभमन को मौका नहीं मिला, लेकिन उस टूर्नामेंट के बाद भारत के 3 सीनियर प्लेयर्स विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने संन्यास ले लिया। अगली ही सीरीज फिर जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई, जिसमें गिल को ही टीम की कप्तानी सौंपी गई। सीरीज में भारत को जीत भी मिली थी।

जिम्बाब्वे सीरीज के बाद टीम श्रीलंका दौरे पर गई, यहां शुभमन को उप कप्तान बनाया गया। यानी मैनेजमेंट उन्हें व्हाइट बॉल फॉर्मेट में भी कप्तान के रूप में देख रहा है। वे वनडे टीम के भी उप कप्तान हैं, जिसमें उनकी जगह फिक्स है। हालांकि, भारत ने जब साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 खेले तो अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया।

शुभमन को पिछली 2 सीरीज में बिजी शेड्यूल के कारण छोटे फॉर्मेट की टीम से आराम दिया गया था। अब एशिया कप का फाइनल भी 28 सितंबर को होगा, जिसके 4 दिन बाद ही टीम को 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट खेलना है। जिसमें शुभमन कप्तानी करेंगे। ऐसे में वर्कलोड को देखते हुए भी शुभमन को फिर एक बार टी-20 से बाहर रखा जा सकता है।

**शुभमन की जगह भी तय नहीं**

टी-20 टीम में शुभमन गिल ओपनिंग करते हैं। गिल जब स्क्वॉड का हिस्सा नहीं रहे, तब अभिषेक शर्मा, यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ने उनकी जिम्मेदारी संभाली। तीनों ने ही इस पोजिशन पर निराश नहीं किया, सैमसन ने 3, अभिषेक ने 2 और यशस्वी ने 1 शतक लगाया। यशस्वी भी बिजी शेड्यूल के कारण पिछली 2 सीरीज का हिस्सा नहीं बन सके। इस दौरान अभिषेक और सैमसन ने इस पोजिशन को अपना बना लिया। सैमसन बैटिंग के साथ विकेटकीपिंग भी करते हैं, ऐसे में उनकी जगह फिक्स मानी जा रही है। शुभमन की असली रेस अभिषेक, यशस्वी और ऋतुराज गायकवाड से है। सभी के नाम टी-20 में भारत के लिए सेंचुरी है।

**टी-20 में एक शतक लगा चुके**

शुभमन गिल ने भारत के लिए 21 टी-20 खेले हैं। इनमें उन्होंने करीब 140 के स्ट्राइक रेट से 578 रन बनाए। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 1 शतक भी शामिल रहा। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पिछले साल भारत से आखिरी टी-20 खेला था। इस मैच में उन्होंने यशस्वी के साथ ओपनिंग की थी और 39 रन बनाए थे।

*'रावलपिंडी की पिच लेकर नहीं घूम सकते'*

# पाकिस्तान टीम पर बुरी तरह भड़के शोएब अख्तर



रावलपिंडी, 14 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान को 3 मैचों की वनडे सीरीज में मेजबान वेस्टइंडीज के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। आखिरी मैच में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 202 रनों से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने 34 साल के बाद पाकिस्तान को वनडे सीरीज में मात दी है। वहीं इस सीरीज में मिली हार से पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाज शोएब अख्तर काफी नाराज दिखे और उन्होंने मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम को जमकर लताड़ लगाई।

**पाकिस्तान टीम पर भड़के शोएब अख्तर**

वेस्टइंडीज के हाथों वनडे सीरीज में मिली हार के बाद पाकिस्तान टीम की जमकर किरकिरी हो रही है, खुद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अपनी टीम को जमकर खरीखोटी सुना रहे हैं। वहीं शोएब अख्तर ने टीम को लताड़ लगाते हुए कहा " हल्का सा गेंद सीम होती है तो हमारे बल्लेबाज मुश्किल पड़ जाते हैं। अब हर जगह रावलपिंडी की पिचें लेकर घूम नहीं सकते।"

आगे उन्होंने कहा "पहले कोई बचने के रास्ते नहीं ढूंढ़ता था। माहौल बदल गया है और पिछले 10-15 सालों में हर कोई अपने लिए खेलने लगा है। हर कोई अपने औसत के लिए खेल रहा है। इरादा अपने देश के लिए मैच जीतने का होना चाहिए। पहले हम कभी किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रहते थे और मैच में सभी योगदान दिया करते थे।"

**92 रनों पर सिमट गई पाकिस्तान की टीम**

तीसरे वनडे मैच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। वेस्टइंडीज ने इस मैच को जीतने के लिए पाकिस्तान के सामने 295 रनों का लक्ष्य रखा था, जो वनडे क्रिकेट में ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं है। बावजूद इसके पाकिस्तान की पूरी टीम महज 92 रनों पर ढेर हो गई थी। बल्लेबाजी के दौरान पाकिस्तान के 5 बल्लेबाज अपना खाता तक नहीं खोल पाए थे। टीम के सबसे बड़े स्टार बाबर आजम खुद इस मैच में महज 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे, वहीं कप्तान मोहम्मद रिजवान तो खाता तक नहीं खोल पाए थे।

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की सगाई

## बिजनेसमैन रवि घई की पोती हैं सानिया चंडोक, वे मिस्टर पॉज पेट स्पा में डायरेक्टर

मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन (25) की सानिया चंडोक से मुंबई में सगाई हो गई। सानिया मुंबई के बिजनेसमैन रवि घई की पोती और गौरव घई की बेटी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तेंदुलकर परिवार और घई परिवार ने इंगेजमेंट की खबर की कोई भी इन्फॉर्मेशन शेयर नहीं की।

सगाई कार्यक्रम बेहद निजी रखा गया था। इसमें दोनों परिवारों के लोग शामिल हुए थे।

अर्जुन फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। वे घरेलू क्रिकेट में गोवा के लिए खेलते हैं। आईपीएल में वे मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हैं।

**सानिया और उनका परिवार क्या करता है?**

एक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पेट स्पा एंड स्टोर एलएलपी की पार्टनर और डायरेक्टर हैं।

वहीं, घई परिवार हॉस्पिटैलिटी और फूड वर्ल्ड में जाना-माना नाम है। उनका इंटरकॉन्टिनेंटल होटल्स ग्रुप है, जिसकी मल्टीनेशनल वैल्यू 18.43 बिलियन डॉलर (1.6 लाख करोड़ रुपए) है। मुंबई में भी इंटरकॉन्टिनेंटल होटल है। साथ ही फेमस आइसक्रीम ब्रांड ब्रूकलिन क्रीमरी के भी मालिक हैं।

**सानिया जहां डायरेक्टर, उस कंपनी के बारे में जानिए**



घई परिवार के बिजनेस की तुलना में मिस्टर पॉज पेट स्पा एंड स्टोर एलएलपी एक छोटा वेंचर है। इसकी 2022 में महज एक लाख रुपए की पूंजी से शुरुआत हुई थी। मिस्टर पॉज एक पेट-केयर स्पा और स्टोर है, जो मुंबई में स्थित है। यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे संबंधित प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है।

**आइसक्रीम बिजनेस में जाना-माना नाम है घई परिवार**

रवि घई ग्रेविस हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के चेयरमैन हैं। उनके पिता इकबाल किशन घई देश में क्वालिटी आइसक्रीम ब्रांड लेकर आए थे। उन्होंने ही मुंबई के मरीन ड्राइव में इंटरकॉन्टिनेंटल होटल बनवाया।

पिता के नक्शेकदम पर रवि ने बिजनेस विदेशों, खासकर मिडिल ईस्ट में फैलाया। यहीं पर रवि ने आइसक्रीम मैन्युफेक्चरिंग यूनिट्स स्थापित कीं। ब्रूकलिन क्रीमरी आइसक्रीम ब्रांड रवि घई के पोते शिवान घई लेकर आए।

**अर्जुन 2018 में भारतीय अंडर-19 टीम से खेले**

अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई अंडर-16, अंडर-19 व अंडर-23 टीमों के लिए खेला। उन्होंने 2018 में श्रीलंका के खिलाफ भारतीय अंडर-19 टीम से डेब्यू किया। डोमेस्टिक क्रिकेट में अर्जुन ने मुंबई के लिए खेलते हुए 2020 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में डेब्यू किया। इसके बाद 2021 में उन्हें IPL में मुंबई इंडियंस ने खरीदा, हालांकि डेब्यू का मौका 2023 में मिला। अर्जुन ने बाद में गोवा की रणजी टीम से भी फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला, जहां उन्होंने अपने पहले ही मैच में शतक लगाया।

*ऐसी-वैसी लड़की ना समझना मुझे*

# हसीन जहां का धमकी भरा वीडियो, भड़क उठे मोहम्मद शमी के फैंस

कोलकाता, 14 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां इस बार अपने उस वीडियो को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनका लहजा धमकी भरा है.

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली हसीन जहां ने धमकी भरे लहजे में रील्स बनाई है और उसे इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. उन्होंने उस वीडियो को बनाकर पोस्ट करने का मकसद जाहिर नहीं किया है. ना ही इस बारे में कुछ बताया है कि इशारा किसकी ओर है. मगर बिना नाम लिए भी उन्होंने जो कुछ भी कहा है, उससे साफ पता चलता है उंगली किसकी ओर उठी है. ऐसे में मोहम्मद शमी के फैंस भी भड़क उठे हैं.

**हसीन जहां के नए वीडियो में क्या है?**

सबसे पहले तो ये जानिए कि हसीन जहां के लेटेस्ट वीडियो में क्या है? हसीन जहां ने अपना नया वीडियो जो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है, उसमें वो ये कहती दिख रही हैं कि उन्हें ऐसी-वैसी लड़की ना समझें. लोग अपनी अदाओं से आग लगाते हैं और अब हसीन जहां के इस वीडियो को महज एक रील्स समझा जाए या उस रील्स के बहाने दी गई एक धमकी, कहना मुश्किल है. हालांकि, वीडियो के कैप्शन में जो उन्होंने लिखा है, उससे काफी हद तक उनकी मंशा का पता चल जाता है. उन्होंने कैप्शन में लिखा कि- ना बोलो तो कुछ ना बोलो और जब बोलो तो सामने वाला मीडियो को खरीदकर उनसे अपनी ओर से बोलने को कहता है. उनसे खुद को बचाने और बेचारा बनाकर दिखाने की अपील करता है.

**हसीन जहां पर भड़के शमी के फैंस**



हसीन जहां की इन बातों से साफ है कि इशारा किसकी तरफ है? ऐसे में मोहम्मद शमी के फैंस भी उन पर भड़क उठे. किसी ने उनके वीडियो पोस्ट पर कमेंट कर कहा कि गलती से आप अपने घर में ही आग लगा बैठी हो. तो किसी ने कहा कि शमी की जिंदगी में आग लगा दी.

वहीं एक ने तो हसीन जहां को आंटी जी बताते हुए लिखा कि आप लड़की नहीं हो. आप शमी के 4 लाख रुपये पर पलने वाली हो.

**हसीन जहां को हर महीने मिलते हैं 4 लाख रुपये**

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक हसीन जहां को मोहम्मद शमी हर महीने 4 लाख रुपये देते हैं. इस भत्ते में से ढाई लाख रुपये बेटी और डेढ़ लाख रुपये हसीन जहां के लिए तय किए गए हैं. हालांकि, हसीन जहां ने महंगाई ज्यादा बताते हुए मिलने वाली रकम को कम बताया था. हसीन जहां ने कहा था कि उन्होंने 10 लाख रुपये की मांग की थी.

# लिएंडर के पिता वेस पेस का 80 साल की उम्र में निधन

## 1972 ओलंपिक में हॉकी में जीता था कांस्य पदक

खेल डेस्क, 14 अगस्त (एजेंसियां)। 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य और टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के पिता वेस पेस का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेस पेस पार्किंसन रोग से पीड़ित थे। उन्हें मंगलवार सुबह शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



वेस पेस का भारतीय खेलों के साथ लंबा जुड़ाव रहा है। उनकी देखरेख में कई खिलाड़ियों को अलग-अलग खेलों में डेब्यू का मौका मिला। वेस ने भारतीय खेलों के लिए काफी कुछ किया। वह भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर की पोजिशन पर खेलते थे। इसके अलावा उन्होंने फुटबॉल, क्रिकेट और रग्बी जैसे कई खेलों में भी हाथ आजमाए। वेस पेस 1996 से 2002 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। खेल चिकित्सा के चिकित्सक के रूप में उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और भारतीय डेविस कप टीम सहित कई खेल निकायों के साथ चिकित्सा सलाहकार के रूप में काम किया।

1972 में वेस पेस के ओलंपिक पदक जीतने के 24 साल बाद लिएंडर ने अटलांटा ओलंपिक 1996 में भारतीय टेनिस को उसका पहला और एकमात्र पदक दिलाया था। लिएंडर ने पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था। यह 1952 के बाद भारत का ओलंपिक इंडिविजुअल स्पोर्ट्स में पहला पदक था। 1952 में केडी जाधव ने ऐसा किया था। वेस अक्सर अपने बेटे की तारीफ किया करते थे। वेस ने लिएंडर की कामयाबी को लेकर कहा था, 'पहली बात तो लिएंडर एक ऐसे माहौल में पले बढ़े हैं, जिसने खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया है। साथ ही लिएंडर के पास अंतर्निहित प्रतिभा है।'

# शाहीन अफरीदी इन, बाबर-रिजवान आउट

## सलमान कप्तान; एशिया कप के लिए ऐसी हो सकती है पाकिस्तान की टीम

इस्लामाबाद, 14 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होगी और इस टूर्नामेंट का आयोजन दुबई में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले देशों ने अभी अपनी-अपनी टीमों का ऐलान नहीं किया है जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। पाकिस्तान की टीम इस बार कैसी होगी इस पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई है, लेकिन जिस तरह से हालात हैं उससे लगता है कि पाकिस्तान की टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शायद ही जगह मिले।

**बाबर-रिजवान को शायद ही मिले मौका**

पिछले एशिया कप में पाकिस्तान की कप्तानी बाबर आजम के हाथों में थी, लेकिन इस बार वो इस टूर्नामेंट में बतौर खिलाड़ी भी शायद



नहीं खेल पाएं। बाबर आजम का प्रदर्शन पिछले कुछ महीनों से काफी खराब रहा है और वो बेहद खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। इसके अलावा इस साल उन्होंने पाकिस्तान के लिए कोई भी टी20 मैच नहीं खेला है साथ ही साथ उन्हें टी20 टीम से लगातार ड्रॉप किया जा रहा है। ये इस बात का संकेत है कि पीसीबी उन्हें शायद टी20 की योजना में नहीं देख रही है।

**शाहीन अफरीदी को टीम में मिल सकती है जगह**

बाबर आजम के अलावा मोहम्मद रिजवान भी एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किए जाएं इसकी भी संभावना कम ही लगती है क्योंकि बाबर के साथ-साथ उन्हें भी टी20 टीम से लगातार ड्रॉप किया जा रहा है। पाकिस्तान टी20 टीम की कमान इन दिनों सलमान आगा के हाथों में ही है और एशिया कप में ये टीम उनकी ही कप्तानी में खेलती नजर आ सकती है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम में शामिल किया गया था ऐसे में एक उम्मीद है कि उन्हें शायद एशिया कप के लिए टीम में जगह दी जाए।

**फखर जमान के खेलने पर सस्पेंस**

पाकिस्तान टीम के ओपनर बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे ऐसे में वो टीम में चुने जाते हैं या नहीं ये देखना दिलचस्प होगा। हालांकि एक उम्मीद ये जरूर है कि बाबर-रिजवान के अनुभव को देखते हुए पीसीबी शायद उन्हें एक मौका दे दे, लेकिन मौजूदा हालात में ये संभव दिखता नहीं है। वैसे बाबर-रिजवान को अगर एशिया कप की टीम में जगह नहीं मिलती है तो वो शायद ही टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेलते हुए दिखाई दें।

**एशिया कप 2025 के लिए पाकिस्तान की संभावित टीम**

सलमान आगा (कप्तान), फखर जमान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), हसन नवाज, साहिबजादा फरहान, फहीम अशरफ, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन अली, सुफियान मुकीम, शाहीन अफरीदी।

# 45 साल की उम्र में वीनस विलियम्स को यूएस ओपन में मिला वाइल्ड कार्ड, दो साल बाद करेंगी वापसी

न्यूयॉर्क, 14 अगस्त (एजेंसियां)। वीनस विलियम्स दो साल के अंतराल के बाद यूएस ओपन के साथ ग्रैंडस्लैम टेनिस में वापसी करेंगी। उन्हें वर्ष के आखिरी ग्रैंडस्लैम में 45 साल की उम्र में एकल मुकाबलों में हिस्सा लेने के लिए वाइल्ड-कार्ड मिला है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के अनुसार, 1981 में रेनी रिचड्र्स के 47 साल की उम्र के बाद यह अमेरिकी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के एकल मुकाबलों में हिस्सा लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगी। विलियम्स को अगले हफ्ते होने वाले मिश्रित युगल मुकाबले के लिए अमेरिकी टेनिस संघ द्वारा पहले ही वाइल्ड कार्ड मिल गया था। एकल मुकाबले 24 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होंगे। वीनस सात बड़े एकल खिताब जीतने वाली खिलाड़ी हैं जिसमें 2000 और 2001 में यूएस ओपन जीतना शामिल है।

# ऑस्ट्रेलिया टीम को लगा बड़ा झटका, 3 खिलाड़ी एक साथ हुए सीरीज से बाहर

खेल डेस्क, 14 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका के दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच फिलहाल 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जानी है। वहीं इस वनडे सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के 3 खिलाड़ी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। इनमें से एक खिलाड़ी मौजूदा टी20 सीरीज का भी हिस्सा था और वो अब बाकी बचे मैचों से भी बाहर हो गया है।

दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को बल्लेबाजी के दौरान चोट लग गई थी। उनके हेलमेट में तेज गति से गेंद लगी थी, हालांकि कंकशन टेस्ट के दौरान उस वक्त वे सही थी लेकिन बाद में उनकी दिक्कत महसूस हुई और वे अब टी20 और वनडे दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं। मिचेल ओवेन के अलावा मैट शॉर्ट और लांस मॉरिस भी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मैट शॉर्ट दोनों सीरीज का हिस्सा थे लेकिन इससे पहले वे इंजरी के चलते वेस्टइंडीज के साथ खेली गई 5 मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए थे। पूरी तरह से फिट न होने के चलते उनको अब वनडे सीरीज से भी बाहर होना पड़ा है। दूसरी तरफ लांस मॉरिस को पीठ में ऐठन के चलते वापस पर्थ लौटना पड़ा है। मैट शॉर्ट और लांस मॉरिस की जगह वनडे सीरीज के लिए आरोन हार्डी और मैथ्यू कुहनेमन को ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल किया गया है। बता दें, ये दोनों खिलाड़ी मौजूदा टी20 सीरीज में कंगारू टीम का हिस्सा है। पिछले 3 सालों से मैथ्यू कुहनेमन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए एक भी वनडे मैच नहीं खेला है।

# विदित गुजराती हुए उलटफेर का शिकार

चेन्नई, 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के विदित गुजराती को चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में उलटफेर का सामना करना पड़ा और ग्रैंडमास्टर एम कार्तिकेयन ने उन्हें सातवें दौर में कड़ी टक्कर देते हुए जीत दर्ज की। कार्तिकेयन ने काले मोहरों से खेलते हुए गुजराती पर जीत दर्ज की। वहीं, जर्मनी के ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर ने खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जबकि कीमर ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अवॉन्डर लियांग पर शानदार जीत की बदौलत बढ़त हासिल की। अर्जुन एरिगेसी को नीदरलैंड के स्टार अनीश गिरी ने ड्रॉ पर रोका। दो दौर बचे हैं। एरिगेसी अपनी अहम बाजी में गुजराती से भिड़ेंगे। मास्टर्स में अन्य मुकाबलों में ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने ग्रैंडमास्टर रे रॉबसन को हराया जबकि ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट और ग्रैंडमास्टर वी प्रणव ने अंक बांटे। चैलेंजर्स में ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष को हराकर संयुक्त बढ़त बनाए हैं, जबकि एम प्रणेश ने भी ग्रैंडमास्टर आर वैशाली को हराकर शीर्ष पर अपनी जगह बनाए रखी।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

"सुन्दर है जग में सबसे,
नाम भी न्यारा है
जहां जाती-भाषा से बढकर,
देश प्रेम की धारा है
निश्चल, पावन, प्रेम पुराना,
वो भारत देश हमारा है"

मोहनलाल हाम्बड़
अध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना
पारसीगुटा हैदराबाद
C.Mohanlal Choudhary Jewellers
Keesara * Kushaiguda

नारायणलाल काग
सचिव सीरवी समाज तेलंगाना
पारसीगुटा हैदराबाद
Jai Ambe Jewellers Ram Nagar
Pavan Enterprises Kukatpally
DS Egnite Fitness Vanasthalipuram
P.Solankey

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
हरजीराम काग
प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना
पारीदेवी काग
अध्यक्षा सीरवी समाज महिला मंडल- शमशाबाद
श्रीगणेश ज्वैलर्स, शमशाबाद 9292150421
P.Solankey

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अध्यक्ष सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा
एवं कार्यकारिणी सदस्या सीरवी महिला मंडल
तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
(सुरेश पंवार, महेन्द्र पंवार)
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, सनतनगर, हैदराबाद
एल. राजेन्द्र ज्वैलर्स, निजामपेट रोड, हैदराबाद
लाडुराम पंवार
जीमनीबाई पंवार
P.Solankey

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
एवं मंगलमय शुभकामनाएँ
जे.सी चोलाराम हाम्बड़
सलाहकार सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
(प्रकाश हाम्बड़)
जे.सी.ज्वैलर्स, पॉट मार्केट 9573599190
P.Solankey

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
खंगारसिंह लचेटा
कोषाध्यक्ष सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
Mahalaxmi Traders Gayatri Nagar Borabanda
Mukesh Bath & Paints Moti Nagar Borabanda
P.Solankey

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
: सलाहकार :
जसवन्त देवड़ा
सलाहकार सीरवी समाज
तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
: अध्यक्षा :
सुशीला देवड़ा
अध्यक्षा सीरवी महिला मंडल
तेलंगाना पारसीगुटा
J.N. Paints & Hardware TowliChoki
Mahalaxmi Marketing Manikonda

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
कार्यकारिणी सदस्य
सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
एवं सीरवी महिला मंडल तेलंगाना पारसीगुटा हैदराबाद
सरस्वती ग्रुप (गोल्ड एंड सिल्वर शोरुम)
पॉट मार्केट सिकंदराबाद
किशनलाल राठौड़
अनिता राठौड़
P.Solankey

स्वतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
मांगीलाल काग
सीरवी समाज जीडीमेटला
(कालूराम काग गौभक्त)
भवानी सिल्वर पैलेस राजु कॉलनी बालानगर
P.Solankey

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दुस्तां हमारा हमारा...सारे जहाँ से अच्छा...
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
प्रभुराम परिहारियां
संरक्षक सीरवी समाज कोरेमुला
महालक्ष्मी ज्वैलर्स, घटकेसर
P.Solankey

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
प्रकाश आगलेचा
अध्यक्ष
सीरवी समाज ट्रस्ट
करमनघाट अलमासगुडा
श्री भवानी मार्केटिंग बालापुर
P.Solankey

समाज बन्धुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पुखराज सोयल
सचिव सीरवी समाज ट्रस्ट
करमनघाट अलमासगुडा
हनुमान इलेक्ट्रीकल सरुरनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
दौलतराम पंवार
कोषाध्यक्ष
सीरवी समाज ट्रस्ट
करमनघाट अलमासगुडा
जय भवानी इलेक्ट्रीकल हार्डवेयर
मीरपेट

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
गोविन्दराम पंवार
मीडिया प्रभारी
सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट
अलमासगुडा
रेनोवो हाउस बी.एन.रेड्डी नगर
P.Solankey

स्वतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
मनोज बर्फा
(मोहनलाल)
: अध्यक्ष :
सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली
हैदराबाद, तेलंगाना
प्रकाश ग्लास, प्लाईवुड अशोकनगर
P.Solankey

स्वतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
मांगीलाल सोनपरा
: सचिव :
सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली
हैदराबाद, तेलंगाना
ओम प्लाईवुड बीरमगुडा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अनेकता में एकता ही इस देश की शान
इसीलिए मेरा भारत महान....
हीरालाल सेणचा
(पूर्व सचिव सीरवी समाज ट्रस्ट
करमनघाट अलमासगुडा)
देवी इलेक्ट्रीकल्स वेंकटेश्वरा कॉलनी,
सरुरनगर, हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
Happy Independence Day
सोहनलाल परिहार
सीरवी समाज जीडिमेटला
श्री पद्मा ट्रेडर्स, चिंतल

स्वतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनोद गेहलोत
: कोषाध्यक्ष :
सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली
हैदराबाद, तेलंगाना
इन्द्रा गेहलोत
: अध्यक्षा :
सीरवी समाज ट्रस्ट महिला मंडल
शेरीलिंगमपल्ली हैदराबाद, तेलंगाना
* Jai Bhavani Plywood, Hardware & Glass *
* PK Constructions And Developers *
Ashoknagar, Hyderabad

स्वतंत्र दिवस
की बधाई
जगदीशप्रसाद काग
सलाहकार सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेलफेयर एसोशिएशन
श्री जगदीश ज्वैलर्स एल.बी.नगर

स्वतंत्रता दिवस की
शुभकामनाएँ
जगदीश काग
सलाहकार सीरवी समाज
शमशाबाद (पूर्व सहसचिव)
गणेश ज्वैलर्स, राजेन्द्रनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पुसाराम काग
अमित, भरत काग गौभक्त (समाज सेवी)
* बालाजी ज्वैलर्स * * ए. एम. फैशन *
फतेहनगर, हैदराबाद
P.Solankey

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
प्रकाश सेपटा
सचिव सीरवी समाज
एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन
श्री गणेश एजेन्सीज
एल.बी.नगर, रिंग रोड के पास, हैदराबाद

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई
मोहनलाल चोयल
सहसचिव, सीरवी समाज एल.बी.नगर
वेल्फेयर एसोशिएशन
हनुमान प्लाईवुड, चन्द्रा ज्वैलर्स एल.बी.नगर

दिल हमारे एक है, एक है हमारी जान,
हिन्दुस्तान हमारा है, हम है इसकी शान
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ...
प्रकाश सोयल
(गौभक्त)
गणेश मार्केटिंग
धम्माईगुडा हैदराबाद
P.Solankey

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ
रमेश चौधरी
सारे जहाँ से अच्छा
HAPPY INDEPENDENCE DAY
हिन्दुस्तान हमारा
सहसचिव, सीरवी शिक्षा समिति तेलंगाना पारसीगुटा
रमेश इलेक्ट्रीकल्स कुशाईगुडा

स्वतंत्रता दिवस की बधाई
15 August
Happy Independence Day
प्रकाश जाट
किशनलाल, नारायणलाल
भरखादेवी आईस्क्रीम एंड मावा कुल्फी,
नागार्जुना नगर कॉलनी, कुशाईगुडा

स्वतंत्रता
दिवस की बधाई
पुनाराम हाम्बड़
पूर्व सचिव सीरवी समाज पारसीगुटा
न्यु रामदेव इलेक्ट्रीकल्स
चकरीपुरम, नागारम


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.